TarunMitra TarunMitra TarunMitra
www.youtube.com/@TarunmitraGroup

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार

पटना
वर्ष: 25 अंक 128
सोमवार 24 अगस्त, 2026

तापमान
अधिकतम 33°C
न्यूनतम 28°C

मूल्य 3 रुपए | पृष्ठ-8 | बिहार, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं महाराष्ट्र से प्रकाशित | www.tarunmitra.in

## 22 फीट ऊंची गणेश प्रतिमा गिरने से मुंबई में दो की मौत

### भुलेश्वर में हादसे के बाद मची अफरातफरी, पांच घायल



**मुंबई, 23 अगस्त।** गणेशोत्सव की तैयारियों के बीच शनिवार देर रात मुंबई के भुलेश्वर इलाके में बड़ा हादसा हो गया। 'भुलेश्वर चा राजा' के नाम से मशहूर भगवान गणेश की 22 फीट ऊंची प्रतिमा मंडप से करीब 50 से 60 मीटर पहले अचानक असंतुलित होकर गिर गई। प्रतिमा की चपेट में आने से सात लोग घायल हो गए। इनमें दो की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि पांच घायलों का उपचार चल रहा है।

हादसा रात करीब 10:30 बजे हुआ। विशाल प्रतिमा को भायखला से भुलेश्वर ले जाया जा रहा था।

मंडप के पास पहुंचने से पहले ही अचानक प्रतिमा का संतुलन बिगड़ा और वह वहां मौजूद लोगों पर जा गिरी। इससे मौके पर अफरातफरी मच गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग, बीएमसी और मुंबई पुलिस की टीमें मौके पर पहुंचीं। राहत एवं बचाव अभियान चलाकर सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में भुलेश्वर गणपति मंडल के अध्यक्ष समेत दो लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। मृतकों की पहचान 33 वर्षीय संकेत नेवशे और 30 वर्षीय बृजेश हेमंत जोशी के रूप में हुई है। घायलों में 38 वर्षीय वैभव घेनांद, 25 वर्षीय पवन चौरसिया, पांच वर्षीय लावण्या गनेर, सात वर्षीय दिव्या गनेर और 26 वर्षीय कुणाल काशिद शामिल हैं।

गणेशोत्सव की तैयारियां तेजमुंबई समेत पूरे महाराष्ट्र में गणेशोत्सव बड़े स्तर पर मनाया जाता है। इस वर्ष गणेश चतुर्थी 14 सितंबर से शुरू होगी। त्योहार को लेकर सार्वजनिक गणेश मंडलों में तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। मुंबई में प्रतिमाओं को पंडाल तक पहुंचाने और विसर्जन के दौरान बड़े जुलूस निकाले जाते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, मुंबई में करीब 10,600 सार्वजनिक गणेश मंडल हैं।

इनमें से करीब 2,500 मंडलों ने दस दिवसीय उत्सव के लिए अनुमति ली है। पूरे महाराष्ट्र में इस वर्ष करीब 28 लाख गणेश प्रतिमाएं स्थापित किए जाने का अनुमान है।

## अंतरिक्ष में नई ताकत बनेगा भारत: मोदी

### प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर स्टार्टअप संस्थापकों से संवाद कर गिनाई संभावनाएं और चुनौतियां

**नई दिल्ली, 23 अगस्त।** राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को देश के प्रमुख अंतरिक्ष स्टार्टअप के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों और संस्थापकों से संवाद किया। उन्होंने अंतरिक्ष तकनीक के व्यापक इस्तेमाल से आम लोगों का जीवन बेहतर बनाने पर जोर देते हुए कहा कि भारत की अंतरिक्ष यात्रा अब नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रही है। उन्होंने देशवासियों से बड़े सपने देखने, नई चीजें बनाने और नई सीमाओं को पार करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि हाथ में तिरंगा, सामने अंतरिक्ष और 140 करोड़ देशवासियों का सपना भारत के विकास का संकल्प है।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर संवाद का वीडियो साझा करते हुए कहा कि देश के सबसे होनहार अंतरिक्ष स्टार्टअप से मिलकर वह बेहद प्रभावित हुए। उन्होंने स्टार्टअप की ऊर्जा, महत्वाकांक्षा और सकारात्मक सोच की सराहना की। बातचीत में उन्होंने कहा कि नई दिशा में काम करने वाले उद्यमियों ने साहस दिखाया और सरकारी नीतियों पर भरोसा किया है। सरकार को अपने

**तकनीक**

- हर सप्ताह से हर दिन रॉकेट प्रक्षेपण का लक्ष्य, तीन कारखानों में उत्पादन क्षमता तैयार
- प्रतिभा, कम लागत और नवाचार के बूते वैश्विक अंतरिक्ष बाजार में भारत की बढ़ती दावेदारी

निर्णयों पर अडिग रहना चाहिए और बार-बार बदलाव नहीं करना चाहिए। इससे जोखिम उठाने वाले उद्यमियों का भरोसा मजबूत होता है। संवाद में भारत के पहले अंतरिक्ष तकनीक यूनिकॉर्न के प्रमुख ने बताया कि 18 जुलाई को देश का पहला निजी रॉकेट सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया गया। उन्होंने कहा कि यह केवल शुरूआत है। अगले वर्ष हर महीने एक रॉकेट प्रक्षेपित करने की योजना है। इसके लिए तीन कारखाने तैयार हैं और प्रत्येक में हर महीने एक



रॉकेट बनाने की क्षमता है। लक्ष्य आगे हर सप्ताह और फिर हर दिन रॉकेट प्रक्षेपण तक पहुंचने का है। एक अन्य स्टार्टअप ने आधुनिक तकनीक वाला इंजन तैयार करने और उसकी जांच जारी होने की जानकारी दी। एक अन्य उद्यमी ने बताया कि अंतरिक्ष क्षेत्र खुलने के बाद अमेरिका और यूरोप में काम कर रहे भारतीय प्रतिभाशाली लोग देश लौटकर काम करना चाहते हैं। इस पर प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत को दुनिया भर की प्रतिभाओं को आकर्षित करना होगा और अंतरिक्ष स्टार्टअप की उपलब्धियां लोगों को भारत आने के लिए प्रेरित कर सकती हैं। एक कंपनी के प्रमुख ने बताया कि वह उपग्रह इंजन बना रही है और उसे वैश्विक स्तर पर अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। निर्यात में भी सरकार का सहयोग मिला है। प्रधानमंत्री ने कहा कि लागत के मामले में भारत प्रतिस्पर्धी है और प्रतिभा की कोई कमी नहीं है।

### एक दशक में 45 अरब डॉलर की होगी अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली, 23 अगस्त (आईएएनएस)।** भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था वर्तमान में करीब नौ अरब डॉलर की हो गई है और मजबूत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र तथा नीतिगत सुधारों के चलते अगले एक दशक में इसके 40 से 45 अरब डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के अवसर पर जारी सरकारी आंकड़ों से अंतरिक्ष क्षेत्र में तेजी से बढ़ती निजी भागीदारी और व्यावसायीकरण की तस्वीर सामने आई है।

## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय वायु सेना ने पूरे किये बहुराष्ट्रीय सैन्य अभ्यास

**नई दिल्ली, 23 अगस्त।** भारतीय वायु सेना ने दो महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय हवाई अभ्यासों में अपनी भागीदारी पूरी की। ऑस्ट्रेलिया में 'पिच ब्लैक' और मलेशिया में 'उदारा शक्ति' अभ्यासों में वायु सेना ने परिचालन, बेहतर सामरिक तालमेल और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक रक्षा साझेदारियों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

### चार दिवसीय जापान यात्रा पर आज रवाना होंगे पीयूष गोयल

**नई दिल्ली, 23 अगस्त।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल 24 से 27 अगस्त तक जापान के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे टोक्यो, नागोया और ओसाका जाएंगे और भारत का अबतक का सबसे बड़ा व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल जापान लेकर जाएंगे। इस प्रतिनिधिमंडल में 200 से अधिक कारोबारी शामिल हैं, जो विनिर्माण, सेमीकंडक्टर, स्वच्छ ऊर्जा, इस्पात, ऑटोमोबाइल, वित्तीय सेवाएं, स्वास्थ्य और स्टार्ट-अप जैसे क्षेत्रों से जुड़े हैं।

### कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने हनुमानगढ़ी में पढ़ी हनुमान चालीसा

**अयोध्या, 23 अगस्त।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने रविवार को अयोध्या पहुंचकर हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन कर हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राम मंदिर को व्यापार का केंद्र नहीं बनने दिया जाएगा। उन्होंने बढ़ती महंगाई, चीनी और अन्य जरूरी सामानों की बढ़ी कीमतों को लेकर सरकार पर निशाना साधा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस अपने कार्यक्रमों की शुरुआत भगवान के दर्शन से करती है।

### सफदरजंग अस्पताल में पहली सफल रोबोटिक घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी

**नई दिल्ली, 23 अगस्त।** सफदरजंग अस्पताल ने उन्नत हड्डी रोग उपचार में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। केंद्रीय हड्डी रोग संस्थान ने 22 अगस्त को पहली रोबोट सहायता से पूर्ण घुटना प्रत्यारोपण सर्जरी सफलतापूर्वक की। यह सर्जरी आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क की गई। मरीज 75 वर्षीय वरिष्ठ नागरिक थे। अस्पताल की ओर से रविवार को दी गई जानकारी के अनुसार नई रोबोटिक प्रणाली को भविष्य में उन्नत किया जा सकता है। इससे पूर्ण और आंशिक घुटना प्रत्यारोपण के साथ कूल्हे के जोड़ का प्रत्यारोपण भी किया जा सकेगा।

## 'अमर शहीद' रामफल मंडल जी के शहादत दिवस समारोह में नीतीश कुमार ने श्रद्धांजलि अर्पित की

**पटना, 23 अगस्त।** भारत छोड़ो आंदोलन, 1942 के महान स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद रामफल मंडल जी की पुण्य स्मृति में आयोजित भव्य शहादत दिवस समारोह में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सदस्य नीतीश कुमार शामिल हुए।

इस अवसर पर नीतीश कुमार ने अमर शहीद रामफल मंडल जी के तैल्यचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके अदम्य साहस, त्याग एवं राष्ट्र के प्रति समर्पण को नमन किया। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की



आहुति देने वाले वीर शहीदों का बलिदान हमारी अमूल्य राष्ट्रीय विरासत है। रामफल मंडल जी जैसे अमर बलिदानियों की गौरवगाथा सदैव देशवासियों को राष्ट्रसेवा और देशभक्ति के लिए प्रेरित करती रहेगी।

कार्यक्रम का आयोजन अमर शहीद रामफल मंडल विचार मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष ई शैलेन्द्र कुमार एवं मंत्री शीला मंडल ने किया। समारोह में मुख्य रूप से बिहार सरकार में मंत्री श्रवण कुमार, बिहार विधान परिषद् में सत्तारूढ़ दल के उप-नेता सह पार्टी कोषाध्यक्ष ललन कुमार सर्राफ एवं मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह "गांधी जी", विधान पार्षद संजय सिंह सहित पूर्व विधान पार्षद भूमिपाल राय एवं पार्टी नेता पंकज पटेल सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर जल्द लग सकती है अंतिम मुहर

**नई दिल्ली, 23 अगस्त।** भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते को लेकर बड़ी प्रगति हुई है। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने कहा है कि समझौते का सैद्धांतिक रूप से लगभग पूरा काम हो चुका है और अब दोनों पक्ष कानूनी तथा तकनीकी भाषा को अंतिम रूप देने में जुटे हैं।

राष्ट्रीय राजधानी में एक कार्यक्रम के दौरान गोर ने कहा कि समझौते की मुख्य बातें पहले ही तय हो चुकी हैं। अब शेष प्रक्रिया में दस्तावेज के कुछ हिस्सों को व्यवस्थित करने और अंतिम रूप देने का काम शामिल है।अमेरिकी राजदूत ने कहा कि समझौते को अंतिम रूप देने में देरी का मुख्य कारण कानूनी और तकनीकी भाषा से जुड़ी प्रक्रियाएं हैं। उन्होंने संकेत दिया कि दोनों देशों के बीच वार्ता अब उस चरण में पहुंच गई है, जहां नीतिगत मुद्दों के बजाय समझौते के अंतिम दस्तावेज को तैयार करने पर अधिक ध्यान है।

रूसी तेल पर शुल्क का मुद्दागोर ने अमेरिकी कांग्रेस में प्रस्तावित उस कानून को लेकर भारत की चिंताओं पर भी बात की, जिसमें रूस से तेल खरीदने वाले देशों पर 100 प्रतिशत तक अतिरिक्त शुल्क लगाने का प्रस्ताव है। उन्होंने कहा कि इस पहल को अमेरिकी कांग्रेस में दोनों राजनीतिक दलों के नेताओं का समर्थन मिल रहा है, लेकिन यह व्हाइट हाउस की ओर से शुरू की गई पहल नहीं है।

### होर्मुज पर नए अमेरिकी नक्शे से बढ़ा तनाव, ईरान ने दी युद्ध की धमकी




**नई दिल्ली, 23 अगस्त।** अमेरिका और ईरान के बीच होर्मुज स्ट्रेट को लेकर तनाव एक बार फिर चरम पर पहुंच गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को होर्मुज स्ट्रेट का नया नक्शा जारी कर इसे अमेरिका का क्षेत्र बताया। इसके जवाब में ईरान ने अमेरिका को सीधे तौर पर चेतावनी देते हुए कहा है कि नए आर्थिक प्रतिबंध लगाए गए तो इसे युद्ध का शंखनाद माना जाएगा। ईरान ने अमेरिका के साथ उसके सहयोगी देशों को भी गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी है। ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल अकाउंट पर होर्मुज स्ट्रेट का नक्शा साझा किया। इसमें इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग के संकरे हिस्से को घेरकर अमेरिका का नया क्षेत्र बताया गया है।

## पारादीप तट के पास जहाज डूबा, 22 नाविक लापता

### लौह अयस्क लेकर सिंगापुर जा रहा था पनामा का मालवाहक जहाज

**भुवनेश्वर/पारादीप, 23 अगस्त।** ओडिशा के पारादीप तट से करीब 240 नॉटिकल मील (444 किलोमीटर) दूर बंगाल की खाड़ी में शनिवार को बड़ा समुद्री हादसा हो गया। पनामा के झंडे वाला मालवाहक जहाज 'ओसियन विनर' गहरे समुद्र में डूब गया।

जहाज पर सवार 24 सदस्यीय चालक दल में से दो लोगों को भारतीय तटरक्षक बल (क्जत्र्) और नौसेना ने लाइफ राफ्ट से सुरक्षित निकाल लिया, जबकि 22 सदस्य अब भी लापता हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जहाज ओडिशा के एक बंदरगाह से लौह अयस्क लेकर सिंगापुर के लिए रवाना हुआ था। समुद्र में आगे बढ़ने के दौरान अचानक जहाज का संतुलन बिगड़ा और वह डूबने लगा। कुछ ही समय बाद जहाज से संपर्क टूट गया। हादसे के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है और तकनीकी पहलुओं की जांच की जा रही है। जहाज पर कुल 24 चालक दल के सदस्य सवार थे। इनमें 20 चीनी, तीन म्यांमार और एक बांग्लादेशी नागरिक शामिल था। हादसे की सूचना मिलते ही भारतीय एजेंसियों ने तत्काल बचाव अभियान शुरू किया। दो सदस्यों को लाइफ राफ्ट से सुरक्षित निकाल लिया गया है, जबकि बाकी सदस्यों की तलाश लगातार जारी है।

तटरक्षक बल के प्रवक्ता कमांडेंट अमित उनियाल के अनुसार, लापता चालक दल के सदस्यों की तलाश के लिए श्री विजयपुरम (पूर्व में पोर्ट ब्लेयर) से दो विशेष बचाव पोत घटनास्थल की ओर रवाना किए गए हैं। भारतीय नौसेना और तटरक्षक बल के टोही विमान तथा पोत समुद्र में व्यापक सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं।

अधिकारियों के मुताबिक समुद्र में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बावजूद अभियान को तेज किया गया है। राहत एवं बचाव दल लापता नाविकों का पता लगाने के लिए संभावित क्षेत्रों में लगातार तलाशी ले रहे हैं।

### भाजपा की राष्ट्रीय संगठनात्मक बैठक में संगठन विस्तार पर जोर

**नई दिल्ली, 23 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नई राष्ट्रीय टीम की पहली बड़ी संगठनात्मक बैठक के दूसरे दिन भी रविवार को चुनावी राज्यों की तैयारियों, संगठनात्मक मजबूती, बूथ स्तर तक पार्टी के विस्तार और देश भर आयोजित होने वाले आगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की गई।

पार्टी मुख्यालय में रविवार को आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने की। बैठक में महामंत्री बी एल संतोष, तरुण चुग, विनोद तावड़े, स्मृति ईरानी, सहित कई पदाधिकारियों के साथ राज्यों के प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश प्रभारी भी मौजूद रहे। बैठक में बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी और प्रदेश संगठन महामंत्री भीखूभाई दलसानिया ने भी सहभागिता की।



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार, 23 अगस्त 2026 को महाराष्ट्र के पुणे में छत्रपति शाहू महाराज को पुष्पांजलि अर्पित की। - छाया तरुणमित्र

### स्थगन के 10 दिन बाद भी सत्रावसान नहीं, जयराम ने उठाए सवाल

**नई दिल्ली, 23 अगस्त।** कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने लोकसभा के मानसून सत्र के अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने के 10 दिन बाद भी सदन का सत्रावसान नहीं किए जाने पर सवाल उठाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि क्या केंद्रीय गृहमंत्री परिसीमन से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक को विशेष सत्र में पारित कराने के लिए दो-तिहाई बहुमत जुटाने की कोशिश कर रहे हैं। रमेश ने रविवार को एक्स पोस्ट में कहा कि आम तौर पर लोकसभा के अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने और उसके सत्रावसान के बीच दो से चार दिन का अंतर होता है। हालांकि, कई मौकों पर दोनों प्रक्रिया एक ही दिन हुई हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा लोकसभा को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हुए 10 दिन बीत चुके हैं, लेकिन अभी तक इसके सत्रावसान की कोई जानकारी नहीं है।

### छह लाख राइफलों की खेप से बदलेगी सेना की मारक क्षमता और रक्षा उत्पादन की तस्वीर

## यूपी में गूंजी 'शेर' की दहाड़, आत्मनिर्भर हुआ सेना का हथियार



विवेक श्रीवास्तव

**मेक इन इंडिया**

- रूस से तकनीक लेकर शुरू हुआ सफर अब पूरी तरह भारतीय पुर्जों तक पहुंचा
- हर 100 सेकंड में एक राइफल बनाने की तैयारी, सितंबर में सेना करेगी परीक्षण
- पुरानी इंसास की जगह लेगी 'शेर', 800 मीटर तक प्रभावी मारक क्षमता

**लखनऊ, 23 अगस्त।** कभी रूस से तकनीक लेकर भारत में एके-203 बनाने की शुरुआत हुई थी। अब उसी सफर ने ऐसा पड़ाव हासिल किया है, जो देश के रक्षा उत्पादन के लिए कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है। उत्तर प्रदेश के अमेठी स्थित कोरवा में पहली बार पूरी तरह भारतीय पुर्जों और कच्चे माल से बनी एके-203 'शेर' असॉल्ट राइफल का सफल परीक्षण किया गया है। यानी जिस राइफल की शुरुआत भारत-रूस संयुक्त परियोजना के रूप में हुई थी, उसका उत्पादन अब पूर्ण स्वदेशीकरण की दिशा में पहुंच गया है।

यह उपलब्धि केवल एक नई राइफल के तैयार होने तक सीमित नहीं है। असली बदलाव उस उत्पादन व्यवस्था में है, जिसमें राइफल के हर हिस्से और उसमें इस्तेमाल होने वाली सामग्री को भारतीय उद्योग से हासिल करने का दावा किया गया है। इंडो-रशियन राइफल्स प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक मेजर जनरल एसके शर्मा के अनुसार, पहली पूरी तरह स्वदेशी 'शेर' का निर्माण और फायरिंग परीक्षण सफल रहा है। अब सितंबर में सेना के उपयोगकर्ता परीक्षण के लिए जरूरी संख्या में स्वदेशी प्रोटोटाइप तैयार किए जा रहे हैं। एके-203 परियोजना की शुरुआत भारत और रूस के संयुक्त प्रयास से हुई थी। कोरवा में स्थापित संयंत्र में इसका उत्पादन 2023 में शुरू हुआ। शुरुआती दौर में राइफल के कई महत्वपूर्ण हिस्सों के लिए विदेशी तकनीक और आपूर्ति पर निर्भरता थी। धीरे-धीरे भारतीय कंपनियों को उत्पादन श्रृंखला में जोड़ा गया और स्वदेशी हिस्सेदारी बढ़ाई गई।

## खालिस्तानी आतंकवादी अर्श डल्ला से जुड़े चार आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 23 अगस्त।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने कनाडा भेजी जा रही अफीम की खेप पकड़कर कथित अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ-आतंकवाद नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के अनुसार, जांच में खालिस्तानी आतंकवादी अर्शदीप सिंह गिल उर्फ अर्श डल्ला से जुड़े कथित आतंक वित्तपोषण नेटवर्क का भी पता चला है।

मामले की शुरुआत सात फरवरी को हुई, जब पुलिस को सूचना मिली कि मोती नगर स्थित एक कूरियर कंपनी से कनाडा भेजे जाने वाले पार्सल में आम और घरेलू सामान के नीचे नशीला पदार्थ छिपाया गया है। तलाशी में पार्सल के विशेष रूप से बनाए गए नकली निचले हिस्से से 2.998 किलोग्राम अफीम बरामद हुई। इसके बाद जांच का दायरा बढ़ाते हुए पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में छापेमारी की गई। पुलिस ने दो अन्य निर्यात खेप भी पकड़ीं। एक पार्सल से 921 ग्राम और दूसरे से 1,196 ग्राम अफीम बरामद हुई। एक आरोपित के कब्जे से 23 ग्राम अफीम भी मिली। इस तरह कुल बरामदगी 5.138 किलोग्राम रही। पुलिस के मुताबिक कनाडा के अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी अनुमानित कीमत करीब 3.5 करोड़ रुपये है।

अपराध शाखा ने बताया कि जांचकर्ताओं ने केवल बरामदगी तक सीमित न रहकर पूरी कूरियर श्रृंखला, आरोपितों के डिजिटल उपकरणों, वित्तीय लेनदेन और तकनीकी सुरागों की पड़ताल की।

# थाना निरीक्षण में एसपी ने परखी पुलिसिंग व्यवस्था

## लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश




**कोलासी, कटिहार, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** कटिहार के पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार ने रविवार को कोढ़ा, बरारी एवं सेमापुर थाना का औचक निरीक्षण कर पुलिसिंग व्यवस्था का जायजा लिया।

एसपी के अचानक थाना पहुंचने से पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों में हलचल तेज हो गई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के संधारण तथा लंबित मामलों की स्थिति की गहन समीक्षा की। एसपी ने विशेष रूप से ओडी रजिस्टर सहित विभिन्न महत्वपूर्ण अभिलेखों की जांच की और उनके नियमित एवं सही तरीके से संधारण को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस पदाधिकारियों से थाना क्षेत्र में दर्ज मामलों की प्रगति की जानकारी ली तथा लंबित कांडों के अनुसंधान को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने को कहा।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने क्षेत्र में अपराध नियंत्रण और विधि-व्यवस्था को लेकर पुलिस की सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि संवेदनशील स्थानों एवं प्रमुख मार्गों पर नियमित गश्ती की जाए तथा संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाए। किसी भी घटना या सूचना की जानकारी मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने आम लोगों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करने पर भी बल दिया। उन्होंने कहा कि थाना पहुंचने वाले फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाए और नियमानुसार त्वरित कार्रवाई की जाए। पुलिस की कार्यशैली ऐसी होनी चाहिए कि आम लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत हो और अपराधियों में कानून का भय बना रहे। एसपी ने पुलिस कर्मियों को अपने-अपने क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहकर अपराध पर प्रभावी नियंत्रण रखने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान अपर थानाध्यक्ष कुणाल कुमार सहित संबंधित थानों के पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

## रौतारा पुलिस की कार्रवाई, दो वारंटी गिरफ्तार

**कोलासी, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** रौतारा थाना पुलिस ने न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर कार्रवाई करते हुए दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान मंटू उरांव, पिता अगहनू उरांव, निवासी राजवाड़ा तथा अबू सईद, पिता स्वर्गीय नूहुमुद्दीन, निवासी चांपी, थाना रौतारा, जिला कटिहार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध न्यायालय से वारंट निर्गत था। वारंट के आधार पर रौतारा पुलिस ने दोनों के ठिकानों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की और दोनों वारंटी अभियुक्तों को उचित मार्गरक्षण में न्यायालय कटिहार में उपस्थापन के लिए भेज दिया।

# सदर अस्पताल, गंगवाड़ा में होगा सिजेरियन डिलीवरी, ऑर्थोपेडिक सहित अन्य सामान्य सर्जरी



**दरभंगा, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** डीएम कौशल कुमार की अध्यक्षता में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत निजी अस्पतालों को सूचीबद्ध किए जाने तथा जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं को और सुदृढ़ करने को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने जिले में संचालित निजी अस्पतालों को योजना के तहत सूचीबद्ध करने की प्रक्रिया की समीक्षा की तथा पात्र अस्पतालों में मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

उन्होंने सिविल सर्जन को अस्पतालों की नियमित रूप से जांच करते रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सूचीबद्ध अस्पतालों में योजना के निर्धारित प्रावधानों एवं मानकों का अनुपालन सुनिश्चित कराए। अस्पतालों में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, चिकित्सकीय सेवाओं तथा मरीजों को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की भी नियमित निगरानी करें। बैठक के दौरान डीएम ने सदर अस्पताल, गंगवाड़ा में सर्जरी की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश सिविल सर्जन को दिया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में मरीजों को बेहतर एवं आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आवश्यक संसाधन, चिकित्सकीय व्यवस्था एवं मानव संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित करें।उन्होंने सदर अस्पताल, गंगवाड़ा में सिजेरियन डिलीवरी, ऑर्थोपेडिक, सामान्य सर्जरी सहित अन्य आवश्यक सर्जिकल सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में आवश्यक कारवाई करने को कहा। बैठक में सिविल सर्जन डॉ.अरुण कुमार, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी अमरेंद्र कुमार मिश्रा, एनसीडीओ सत्येंद्र कुमार, डीपीएम स्वास्थ्य प्रभात कुमार राजू, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी आशीष अमन, डीसीएम रवि कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# हादसों के बाद भी नहीं जागा प्रशासन, बिना रेलिंग का पुल दे रहा दुर्घटना को न्योता



**कोलासी, कटिहार, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** कोढ़ा प्रखंड के बहरखाल पंचायत स्थित वार्ड संख्या-11 में नहर पर बना पुल राहगीरों के लिए लगातार खतरे का कारण बना हुआ है।

प्रधानमंत्री सड़क से जुड़े इस महत्वपूर्ण मार्ग पर बने पुल के दोनों ओर सुरक्षा रेलिंग नहीं होने से आए दिन दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। यह सड़क राष्ट्रीय राजमार्ग-31 से निकलकर बहरखाल पंचायत के विभिन्न गांवों को डिगरी, कोलासी और जिला मुख्यालय से जोड़ती है, जिसके कारण इस मार्ग पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में बाइक, ऑटो, चारपहिया वाहन एवं पैदल लोगों का आवागमन होता है। स्थानीय ग्रामीणों के मुताबिक पुल के आसपास पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं और बहरखाल निवासी अरुण महतो के 19 वर्षीय पुत्र मिट्ठू कुमार की भी इसी स्थान पर सड़क हादसे में मौत हो चुकी है। इसके अलावा कई अन्य लोग दुर्घटना में घायल हो चुके हैं। बावजूद इसके पुल के दोनों ओर अब तक सुरक्षा रेलिंग नहीं लगाई गई है। पुल संकरा होने के साथ यहां तीखा मोड़ भी है, जिससे रात के समय स्थिति और गंभीर हो जाती है। सामने से आने वाले वाहनों को रास्ता देने के दौरान जरा सी चूक होने पर वाहन के नहर में गिरने का खतरा बना रहता है। बरसात के दिनों में नहर में पानी बढ़ने और सड़क के आसपास फिसलन होने से खतरा और बढ़ जाता है। जदयू के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह कुशवाहा ने बताया कि पुल की बदहाल सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूर्व में भी आवाज उठाई गई है। उन्होंने बताया कि स्थानीय मुखिया मुनिता कुमारी द्वारा पुल की मरम्मती एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला पदाधिकारी, कटिहार को जानकारी दी गई थी। वहीं कोढ़ा विधायक कविता पासवान द्वारा भी विधानसभा में क्षेत्र के खतरनाक पुलों की मरम्मती एवं आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था का मुद्दा उठाए जाने की बात कही गई है। इसके बावजूद अब तक पुल पर रेलिंग लगाने की दिशा में ठोस पहल नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी है।

ग्रामीणों ने प्रशासन एवं संबंधित विभाग से पुल के दोनों ओर मजबूत सुरक्षा रेलिंग लगाने, तीखे मोड़ पर चेतावनी संकेतक लगाने तथा रात के समय पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि किसी बड़े हादसे का इंतजार करने के बजाय प्रशासन को तत्काल सुरक्षा उपाय करने चाहिए, ताकि आगे किसी परिवार को अपने परिजन को खोने का दर्द नहीं झेलना पड़े।

## नाले की ऊंचाई से बल्थी महेशपुर में सड़क पर जमा गंदा पानी

**कुरसेला, कटिहार, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** उत्तरी मुरादपुर पंचायत के बल्थी महेशपुर गांव के वार्ड संख्या एक, तीन और चार में जल निकासी की समस्या से ग्रामीण परेशान हैं। सड़क से ऊंचा नाला बनाए जाने के कारण पानी की निकासी बाधित है। इससे सड़क पर कई दिनों से गंदा पानी जमा है। जलजमाव के कारण राहगीरों के साथ स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को भी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों के अनुसार, सड़क पर गंदा पानी जमा रहने से आसपास दुर्गंध फैल रही है। बारिश होने पर स्थिति और गंभीर हो जाती है। लोगों को इसी गंदे पानी के बीच से होकर आवागमन करना पड़ता है। ग्रामीण प्रमोद महलदार ने बताया कि सड़क से ऊंचा नाला होने के कारण पानी आगे नहीं निकल पाता है और सड़क पर जमा हो जाता है। कई बार शिकायत के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया है। पार्वती देवी ने बताया कि सड़क पर पानी जमा रहने से घर से निकलना मुश्किल हो गया है। दुर्गंध के कारण बच्चों और बुजुर्गों को काफी परेशानी हो रही है।

## नदी में जमा सिल्ट, गाद ङ्क बालू से होगा एम्स परिसर में मिट्टी भराई का कार्य



**दरभंगा, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** एम्स निर्माण कार्य में मिट्टी भराई के लिए आवश्यक मिट्टी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए संवेदक नियमानुसार खनन योजना तैयार करें।

साथ ही तैयार खनन योजना को खनिज विकास पदाधिकारी से अनुमोदित कराने के बाद पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार से आवश्यक पर्यावरणीय स्वीकृति लें। यह बातें डीएम कौशल कुमार ने कही। जिले में बहने वाली नदियों में जमा सिल्ट, गाद एवं बालू के सर्वेक्षण को लेकर हुई समीक्षा बैठक में डीएम ने कहा कि सभी आवश्यक वैधानिक प्रक्रियाओं का पालन करते हुए कार्य प्रारंभ करें। उन्होने खनिज विकास पदाधिकारी सुमन कुमारी को संबंधित विभागों एवं पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, दरभंगा तथा बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, दरभंगा-1 के अभियंताओं ने नदियों में चिन्हित गाद एवं सिल्ट के संबंध में जानकारी दी। जिसके बाद डीएम ने उक्त स्थलों पर उपलब्ध सामग्री की स्थिति का आवश्यक सर्वेक्षण एवं आकलन कर खनिज विकास पदाधिकारी को अग्रेतर कारवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में खनिज विकास पदाधिकारी सुमन कुमारी सहित बाढ़ नियंत्रण प्रमंडल, दरभंगा एवं दरभंगा-1 के अभियंता तथा संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## 26 अगस्त को निकलेगा बारवीं शरीफ का जुलूस



**कटिहार, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** बारवीं शरीफ के अवसर पर 26 अगस्त को शहर में जुलूस निकाला जाएगा। जुलूस को लेकर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसे लेकर एसडीएम प्रद्युम्न सिंह यादव और एसडीपीओ विशाल आनंद की अध्यक्षता में सीरत कमेटी के पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ बैठक हुई। बैठक में जुलूस के शांतिपूर्ण व व्यवस्थित आयोजन, कानून-व्यवस्था और यातायात व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। अधिकारियों ने कमेटी के सदस्यों से प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर जुलूस निकालने तथा निर्धारित रूट व प्रशासनिक निदेर्शों का पालन करने की अपील की। प्रशासन ने पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती और सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। सीरत कमेटी ने भी जुलूस शांतिपूर्ण एवं भाईचारे के माहौल में निकालने और प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने का भरोसा दिलाया। बैठक में कमेटी अध्यक्ष अहसन रजा, सचिव मुख्तार आलम, डिप्टी मेयर मंजूर खान, मोहम्मद नौशाद, मुजीबुर रहमान समेत अन्य सदस्य मौजूद थे।

# पॉक्सो एक्ट के मामले में 27 वर्षीय युवक गिरफ्तार, न्यायालय में किया पेश



**कोलासी, कटिहार, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** रौतारा थाना पुलिस ने पॉक्सो एक्ट से जुड़े एक मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक प्रक्रिया के तहत न्यायालय में उपस्थापन के लिए भेज दिया।

पुलिस के अनुसार रौतारा थाना कांड संख्या 104/26, दिनांक 18 मई 2026 के मामले में आरोपी मोहम्मद नसीम, उम्र 27 वर्ष, पिता अब्दुल हकीम, निवासी चुरवीघाट चामापाड़ा, थाना रौतारा, जिला कटिहार को गिरफ्तार किया गया है। उक्त मामले में भारतीय न्याय संहिता (इठर) की धारा 64 तथा पॉक्सो एक्ट की धारा 4/6 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की तथा उचित मार्गरक्षण में न्यायालय कटिहार में उपस्थापन के लिए भेज दिया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मामले में अनुसंधान एवं आगे की कार्रवाई नियमानुसार जारी है। पुलिस ने स्पष्ट किया कि दर्ज मामले में सभी आवश्यक कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किया जा रहा है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां आगे की न्यायिक प्रक्रिया पूरी की जाएगी। रौतारा पुलिस द्वारा लगातार लंबित एवं गंभीर मामलों में आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए ऐसे मामलों में नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी। मामले में पुलिस द्वारा उपलब्ध साक्ष्यों एवं तथ्यों के आधार पर अनुसंधान किया जा रहा है।

## 20.78 ग्राम स्मैक के साथ महिला गिरफ्तार

**सालमारी, कटिहार, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** सालमारी थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 20.78 ग्राम स्मैक के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके घर से 26 लाइटर भी बरामद किए हैं। गिरफ्तार महिला की पहचान गोंदवाड़ी निवासी 50 वर्षीय अरेफा खातून के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, 22 अगस्त को थाना अध्यक्ष को सूचना मिली थी कि गोंदवाड़ी गांव में एक महिला अपने घर से अवैध मादक पदार्थ की तस्करी कर रही है। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस टीम ने महिला के घर पर छापेमारी की। पुलिस को देखते ही महिला भागने लगी, जिसे पुलिस बल के सहयोग से पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान उसके घर से 20.78 ग्राम स्मैक और 26 लाइटर बरामद किए गए। इसके बाद पुलिस ने महिला को गिरफ्तार कर लिया। मामले में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# घास लेकर गुजर रही महिला से कहासुनी के बाद खूनी झड़प, आठ गिरफ्तार




**कुरसेला, कटिहार, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** थाना क्षेत्र के मजदिया रेलवे ढाला के समीप मलिनिया गांव में शनिवार शाम घास लेकर जा रही एक महिला से कहासुनी के बाद दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई।

देखते ही देखते विवाद खूनी झड़प में बदल गया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपितों को हत्या के प्रयास के मामले में रविवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, शनिवार शाम मदन मंडल के घर के समीप से एक महिला घास लेकर गुजर रही थी। इसी दौरान किसी बात को लेकर महिला और दूसरे पक्ष के लोगों के बीच कहासुनी हो गई। बात बढ़ने पर दोनों पक्षों के लोग आपस में भिड़ गए और मारपीट शुरू हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही कुरसेला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने एक पक्ष के दिलखुश कुमार (22), गुलशन कुमार (19), कुंदन मंडल (35), नंदन मंडल (55) और बंटी कुमार (19) तथा दूसरे पक्ष के मदन मंडल (31), रंजीत मंडल (30) और पुलिस मंडल (24) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि मामले में आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए सभी आठ आरोपितों को हत्या के प्रयास के मामले में रविवार को कटिहार न्यायालय भेज दिया गया। पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## संक्षिप्त समाचार

### मारपीट में हुई हत्या का प्राथमिकी अभियुक्त एक घंटे के अंदर गिरफ्तार

**कटिहार, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** पोठिया थाना क्षेत्र में मारपीट के दौरान हुई हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी अभियुक्त को घटना के एक घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार, 22 अगस्त को वादी त्रिलोक रविदास (22) ने अपने फर्द बयान में बताया कि पूर्व के विवाद को लेकर सौरभ कुमार यादव से उसका झगड़ा हुआ था। इसी दौरान सौरभ ने चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। बीच-बचाव करने पहुंचे उसके भाई गणेश रविदास पर भी चाकू से वार कर दिया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान गणेश रविदास की मौत हो गई। मामले में पोठिया थाना कांड संख्या 213/26 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसपी कटिहार के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर-1 के नेतृत्व में विशेष छापेमारी दल (एसआईटी) का गठन किया गया। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी अभियुक्त सौरभ कुमार यादव (22), पिता पंकज यादव, थाना पोठिया, जिला कटिहार को घटना के एक घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक चाकू भी बरामद किया है। मामले में अग्रेतर कार्रवाई जारी है।

### छात्राओं को स्वयं पर नामांकन एवं कोर्सेज ढूंढने के बताए गए तरीके

**गयाजी, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** गौतम बुद्ध महिला कॉलेज के सावित्री महाजन सभागार में मनोविज्ञान विभाग एवं विभाग के वेलनेस क्लब द्वारा अनुभवजन्य अधिगम सत्र के तहत कार्यक्रम का आयोजन हुआ।इसमें मनोविज्ञान विभाग की छात्राओं को स्वयं पोर्टल पर विभिन्न कोर्सेज को ढूंढने तथा उनमें नामांकन लेने की विधियाँ बताई गयीं।कार्यक्रम का संयोजन प्रधानाचार्या डॉ सीमा पटेल की अध्यक्षता में मनोविज्ञान विभाग की सीनियर असिस्टेंट प्रोफेसर एवं अध्यक्ष प्रीति शेखर तथा मनोविज्ञान विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ शुचि सिन्हा, डॉ प्रमिला कुमारी एवं डॉ सीता ने संयुक्त रूप से किया।

## ऊर्जा सचिव ने जिले में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था व विभिन्न विद्युत परियोजनाओं का किया निरीक्षण



**गया, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** ऊर्जा सचिव सह प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड अजय यादव, भा०प्र०से० ने रविवार को गया जिले में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था एवं विभिन्न विद्युत परियोजनाओं का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने विद्युत आपूर्ति अंचल, गया के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर विद्युत आपूर्ति की स्थिति, निमार्णाधीन परियोजनाओं, विद्युत संरचनाओं के अनुरक्षण एवं राजस्व गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि विद्युत व्यवस्था पूरी तरह उपभोक्ता केंद्रित हो तथा उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित एवं प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए।

निरीक्षण की शुरूआत 33/11 केवी विद्युत शक्ति उपकेंद्र, मगध विश्वविद्यालय से हुई।ऊर्जा सचिव ने विद्युत लाइनों एवं पावर सब-स्टेशनों के अनुरक्षण कार्यों का जायजा लिया तथा मुख्यालय द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।उन्होंने अधिकारियों को नियमित एवं निर्धारित समय के अनुरूप अनुरक्षण कार्य करने को कहा, ताकि विद्युत आपूर्ति की विश्वसनीयता बनी रहे।

इसके बाद ऊर्जा सचिव ने बोधगया के दोमुहान में निमार्णाधीन पावर सब-स्टेशन (पीएसएस) का निरीक्षण किया।उन्होंने परियोजना के विभिन्न कार्यों की प्रगति की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों एवं एजेंसी को सभी कार्य गुणवत्ता के निर्धारित मानकों के अनुरूप और समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा कि परियोजना के शीघ्र पूर्ण होने से स्थानीय उपभोक्ताओं को बेहतर एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।उन्होंने 220/132/33 केवी ग्रिड सब-स्टेशन, बोधगया का भी निरीक्षण किया और वहां विद्युत आपूर्ति से संबंधित व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

# फार्मर रजिस्ट्री व डिजिटल क्रॉप सर्वे को लेकर खेतों में पहुंचे जिला कृषि पदाधिकारी



**कटिहार, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** किसान हित में संचालित फार्मर रजिस्ट्री और डिजिटल क्रॉप सर्वे योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिला कृषि पदाधिकारी राजीव कुमार ने रविवार को जिले के विभिन्न प्रखंडों का क्षेत्र भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने प्राणपुर, कटिहार, बरारी सहित अन्य क्षेत्रों में खेतों में पहुंचकर योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। जिला कृषि पदाधिकारी ने स्वयं करीब 30 खेतों का डिजिटल क्रॉप सर्वे किया और लगभग 25 किसानों की फार्मर आईडी जेनरेट की। उन्होंने किसानों को फार्मर रजिस्ट्री के फायदे बताते हुए भूमि और जमाबंदी से संबंधित जानकारी सही व अद्यतन रखने की अपील की। उन्होंने बताया कि नई जमाबंदी होने पर संबंधित खेत का रकबा किसान की पूर्व से बनी फार्मर आईडी में जुड़ जाएगा। रविवार को जिले में कुल 400 किसानों की फार्मर आईडी जेनरेट की गई।

क्षेत्र भ्रमण के दौरान प्राणपुर बीज उत्पादन प्रक्षेत्र में संकर धान व उरद की फसल का भी निरीक्षण किया गया। उरद में भुआ कीट का प्रकोप मिलने पर अनुशंसित कीटनाशी के छिड़काव का निर्देश दिया गया। वहीं धान की फसल की स्थिति संतोषजनक पाई गई। आगामी समय में सुंडी कीट के संभावित प्रकोप को देखते हुए बर्ड पर्च व रोप ड्रैगिंग जैसी विधियों से समेकित कीट प्रबंधन अपनाने को कहा गया। जिला कृषि पदाधिकारी ने अधिकारियों व कर्मियों को लक्ष्य समय पर पूरा करने का निर्देश दिया।

## तीन दिनों से बिजली गुल रहने से उपभोक्ताओं में हाहाकार



**बारसोई, कटिहार, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** बारसोई प्रखंड अंतर्गत धर्मपुर पंचायत स्थित धर्मपुर ग्राम में विगत तीन दिनों से बिजली गुल रहने से उपभोक्ताओं में पूरी तरह से हाहाकार मचा हुआ है।

मामले में आक्रोशित विद्युत उपभोक्ताओं ने रविवार को जिला परिषद सदस्य गुलजार आलम की अगुवाई में विद्युत विभाग के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की। अविलम्ब विद्युत सेवा की बहाली की मांग की। इस संबंध में विद्युत उपभोक्ताओं ने एक सुर में बताया कि क्षेत्र में बिजली संकट गहराने से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। दिन तो किसी तरह गुजर जाता है लेकिन रात करवटें बदलते एवं हाथ पंखा झलते बीत रहा है। लोगों ने बताया कि नींद नहीं आने से उनकी दिनचर्या प्रभावित हो रही है। उमस भरी गर्मी में बच्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। खासकर बुजुर्ग व बीमार लोगों की स्थिति काफी दयनीय बनी हुई है। बतातें चलें कि क्षेत्र में तीन रातों से बिजली नदारद रहने से यहां एक बार फिर से ढिबरी युग का आगमन हो गया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक यहां का ट्रांसफार्मर विगत तीन दिनों से जला पड़ा हुआ है जिसके चलते यहां बिजली की समस्या उत्पन्न हो गई है।.जनहित में लोगों ने जले हुए ट्रांसफार्मर की जगह अविलंब नए ट्रांसफार्मर लगाने तथा जल्द से जल्द बिजली व्यवस्था बहाल करने की मांग की है अन्यथा विवश होकर उग्र आंदोलन की बात कही है।

# विश्व का सबसे बड़ा आदर्श चरित्र का ज्ञानवर्धक ग्रंथ है रामायण : अरुण गोविल

### मॉडर्न के 5000 बच्चों ने सामूहिक संगीत में रामायण पाठ कर किया विभोर




**नवादा, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** तुलसी जयंती सप्ताह के अवसर पर रविवार को नवादा के मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, कुंती नगर परिसर में आयोजित संगीतमय सामूहिक रामायण पाठ में मॉडर्न ग्रुप के करीब 5,000 छात्र-छात्राओं ने एक साथ रामायण की चौपाइयों का संगीतमय पाठ कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक भी शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्घाटन रामानंद सागर के चर्चित रामायण धारावाहिक में भगवान श्रीराम की भूमिका निभाने वाले मेरठ के सांसद अरुण गोविल तथा बिहार के कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि अरुण गोविल ने कहा कि रामायण विश्व का सबसे बड़ा आदर्श चरित्र और ज्ञानवर्धक ग्रंथ है। रामायण केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि मनुष्य को बेहतर जीवन जीने और आदर्श चरित्र का निर्माण करने की सीख देने वाला ग्रंथ है। उन्होंने कहा कि रामानंद सागर ने टेलीविजन धारावाहिक के माध्यम से रामायण को घर-घर तक पहुंचाने का ऐतिहासिक कार्य किया। आज भी रामायण के आदर्श समाज और परिवार को सही दिशा देने में सक्षम हैं।

उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति रामायण का सही तरीके से अध्ययन और उसके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करेगा, वह बेहतर इंसान बनने के साथ ईश्वर की प्राप्ति की दिशा में भी आगे बढ़ेगा। उन्होंने बताया कि अपने संसदीय क्षेत्र में वह करीब पांच लाख घरों तक रामायण पहुंचाने का प्रयास कर चुके हैं। अरुण गोविल ने मॉडर्न ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. अनुज कुमार, सचिव डॉ. शैलेश कुमार, माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, रंजीत कुमार और संजय कुमार की प्रशंसा करते हुए उन्हें पांच पांडव की संज्ञा दी।

उन्होंने कहा कि इतने बड़े स्तर पर बच्चों को रामायण से जोड़ने वाला आयोजन दुर्लभ है। ऐसे कार्यक्रम नई पीढ़ी में संस्कार और आदर्श विचार विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि रामायण जैसे कार्यक्रमों से सनातन संस्कृति और भारतीय जीवन मूल्यों की जड़ें समाज में और मजबूत होंगी। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति और परंपरा में चरित्र निर्माण का विशेष महत्व है। बच्चों को आधुनिक शिक्षा के साथ अपनी संस्कृति और संस्कारों से जोड़ना जरूरी है। उन्होंने विश्वास जताया कि ऐसे प्रयासों से भारत एक दिन विश्व गुरु के रूप में अपनी पहचान और मजबूत करेगा।

मॉडर्न ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. अनुज सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ बच्चों में आदर्श चरित्र का निर्माण करना भी उनकी जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि कक्षा दसवीं के हिंदी पाठ्यक्रम में शामिल "राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद" से रामायण पाठ की शुरूआत कर बच्चों को सीता स्वयंवर तक की कथा से जोड़ा गया है। इसका उद्देश्य बच्चों को रामायण के प्रसंगों के माध्यम से आदर्श जीवन मूल्यों की जानकारी देना है। कार्यक्रम के दौरान हजारों बच्चों के सामूहिक गायन और वादन से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। छात्र-छात्राओं ने फूलों की वर्षा कर अतिथियों का स्वागत किया, जिससे अरुण गोविल और विजय कुमार सिन्हा भी भावविभोर हो उठे।

# खतरे के निशान के ऊपर बह रही गंगा, फिर भी नहीं थमा कांवरियों का सैलाब

**भागलपुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** जिले के सुल्तानगंज में गंगा नदी के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि के कारण बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न होने लगी है। वर्तमान में गंगा का पानी नई सीढ़ी घाट की सीढ़ियों तक पहुंच चुका है और नदी खतरे के निशान से करीब छः सेंटीमीटर ऊपर बह रही है। जलस्तर बढ़ने से तटवर्ती इलाकों में चिंता जरूर है, लेकिन बाबा बैद्यनाथ के भक्तों के उत्साह और अटूट आस्था के आगे यह चुनौती भी बौनी साबित हो रही है। इस विपरीत परिस्थिति में भी श्रद्धालुओं का सैलाब लगातार उमड़ रहा है। गंगा के लगातार बढ़ते जलस्तर को गंभीरता से लेते हुए जिला प्रशासन और बाढ़ नियंत्रण विभाग पूरी तरह से अलर्ट मोड पर आ गए हैं। किसी भी अप्रिय घटना को टालने और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नई सीढ़ी घाट पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

घाट पर बांस की मजबूत बैरिकेडिंग करने के साथ-साथ सुरक्षा जाल लगाए गए हैं। इसके अलावा आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए सुरक्षा नौकाओं और एसडीआरएफ की टीम को चौबीसों घंटे तैनात किया गया है। प्रशासनिक अधिकारी लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। प्रशासनिक और एसडीआरएफ की कड़ी निगरानी के बीच श्रद्धालु पूरी सतर्कता के साथ सुरक्षित तरीके से गंगा स्नान कर रहे हैं। घाट पर सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए कांवरिए पवित्र गंगाजल भर रहे हैं। इसके बाद पूरी श्रद्धा और नियम-निष्ठा के साथ जल संकल्प लेकर बाबा बैद्यनाथ धाम के लिए रवाना हो रहे हैं। चारों तरफ 'बम-बम भोले' और 'हर-हर महादेव' के जयघोष से पूरा माहौल गुंजायमान है।

स्थानीय प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे किसी भी सूरत में बैरिकेडिंग को पार न करें। बाढ़ नियंत्रण विभाग और जिला प्रशासन की ओर से लगातार यह लाउडस्पीकर के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है कि सभी श्रद्धालु केवल निर्धारित सुरक्षित स्थान पर ही स्नान करें और जारी की गई सुरक्षा व्यवस्था का पूरी तरह से पालन करें, ताकि उनकी यात्रा सुरक्षित और सुखद हो सके।

## समस्या सुनने के बाद अफसरों के कामकाज की पड़ताल

**गयाजी, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** शहर के हरिदास सेमिनरी में आयोजित कृषि जन कल्याण संवाद कार्यक्रम में बिहार के कृषि मंत्री सह गया के प्रभारी मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने विभागीय अधिकारियों को चेतावनी दी।किसानों की शिकायतें सुनने के दौरान उन्होंने अधिकारियों की कार्यप्रणाली की पड़ताल की।एक किसान की शिकायत पर संतोषजनक जवाब न मिलने पर मंत्री ने कहा कि किसानों को गलत जानकारी देने पर कार्रवाई की जाएगी।संवाद कार्यक्रम के दौरान कृषि विभाग की अधिकारी तमासूम परवीन कृषि उद्यान से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दे रही थीं। तभी एक किसान ने फतेहपुर में कृषि उद्यान केंद्र की स्थिति और उसके पंचायत स्तर पर संचालन को लेकर सवाल उठाया।मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने तुरंत अधिकारियों से कृषि उद्यान केंद्र के स्थान और पंचायत की जानकारी मांगी।अधिकारी मौके पर इसका स्पष्ट जवाब नहीं दे सके।

मंत्री ने नाराजगी जताते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं और खेती-किसानी से जुड़ी योजनाओं की पूरी जानकारी संबंधित अधिकारियों को होनी चाहिए। मंत्री ने नाराजगी जताते हुए कहा कि किसानों की समस्याओं और खेती-किसानी से जुड़ी योजनाओं की पूरी जानकारी संबंधित अधिकारियों को होनी चाहिए। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों को सरकार की योजनाओं का लाभ समय पर मिले, यह सुनिश्चित करना उनकी जिम्मेदारी है।उन्होंने विभागीय योजनाओं की गलत अथवा अधूरी जानकारी देने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दोहराई।मंत्री ने कृषि विभाग के टोल फ्री नंबर की व्यवस्था की भी मौके पर जांच की।

# आरबीएसके ने सिफत के कदमों को दी नई उड़ान, नि:शुल्क इलाज से लौटी उम्मीद

**किशनगंज, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** कोचाधामन प्रखंड के सोनथा गांव की सात वर्षीय सिफत परवीन के परिवार के लिए बेटी का इलाज लंबे समय से चिंता का कारण बना हुआ था। जन्मजात रूप से मुड़े पैर (क्लबफुट) की समस्या से जूझ रही सिफत के सामान्य रूप से चलने और भविष्य को लेकर परिजन परेशान थे। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण महंगे इलाज की चिंता ने परिवार की उम्मीद और कमजोर कर दी थी। इसी बीच राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) के तहत सिफत की स्वास्थ्य समस्या की पहचान हुई। स्वास्थ्य विभाग की पहल पर उसे बेहतर उपचार के लिए जेएलएनएमसीएच, भागलपुर भेजा गया, जहां 27 मार्च 2026 को क्लबफुट की सर्जरी निःशुल्क कराई गई। सरकारी योजना के तहत बिना किसी आर्थिक बोझ के उपचार मिलने से परिवार को बड़ी राहत मिली।

सिफत की मां ने बताया कि बेटी के इलाज को लेकर हमेशा डर बना रहता था। उन्हें लगता था कि ऑपरेशन में काफी खर्च आएगा, जिसे परिवार वहन नहीं कर पाएगा। आरबीएसके के माध्यम से निःशुल्क उपचार मिलने के बाद परिवार का सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था पर भरोसा बढ़ा है। अब उन्हें उम्मीद है कि सिफत सामान्य बच्चों की तरह चल सकेगी और अपने सपनों को पूरा करेगी। रविवार को सिविल सर्जन डॉ. राज कुमार चौधरी ने बताया कि वर्ष 2025 में जिले के 10 क्लबफुट से पीड़ित बच्चों का उपचार एवं सर्जरी कराई गई, जबकि वर्ष 2026 में अब तक पांच बच्चों को इसका लाभ मिल चुका है। जन्मजात हृदय रोग से पीड़ित 16 बच्चों की वर्ष 2025 में और छह बच्चों की वर्ष 2026 में सर्जरी कराई गई है।

वहीं बाल श्रवण योजना के तहत तीन तथा कटे होंठ एवं तालू की समस्या से पीड़ित तीन बच्चों को भी सर्जरी की सुविधा मिली है। वर्ष 2025 में न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट के दो बच्चों का उपचार भी कराया गया। जिलाधिकारी नवीन कुमार ने कहा कि आर्थिक स्थिति किसी बच्चे के इलाज और भविष्य में बाधा नहीं बननी चाहिए। आरबीएसके के माध्यम से बच्चों की समय पर पहचान कर उन्हें आवश्यक उपचार और विशेषज्ञ सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

## विशेष अभियान में बक्सर पुलिस की कार्रवाई, 11 गिरफ्तार

**बक्सर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** बक्सर पुलिस द्वारा 22 अगस्त को जिले में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान विभिन्न मामलों में कार्रवाई करते हुए कुल 11 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार गिरफ्तार सभी 11 आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। अपराध के मुख्य शीर्ष के मामलों में हत्या के प्रयास कांड में 3 तथा अन्य कांड में 1 अभियुक्त की गिरफ्तारी की गई। वहीं शराब से जुड़े मामलों में सेवन के आरोप में 5 तथा शराब बरामदगी के मामले में 1 व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने 362.88 लीटर विदेशी शराब बरामद की। इसके अलावा एक मोटरसाइकिल भी बरामद की गई। पुलिस ने विभिन्न मामलों में 20 वारंटों का निष्पादन किया, जबकि 6 कुर्की वारंट का भी निष्पादन किया गया। एक वारंटी को गिरफ्तार किया गया। वहीं वाहन जांच अभियान के दौरान पुलिस ने 34 हजार रुपये जुर्माना वसूल किया। पुलिस के अनुसार अपराध नियंत्रण एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### स्व. उपेन्द्र नाथ वर्मा की जयंती पर राजकीय समारोह आयोजित

**गयाजी, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** स्वतंत्रता सेनानी एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री स्व. उपेन्द्र नाथ वर्मा की जयंती के अवसर पर रविवार को शहर के दिग्घी तालाब स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर राजकीय समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारियों द्वारा स्व. उपेन्द्र नाथ वर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया।समारोह में वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को स्मरण करते हुए कहा कि स्व. उपेन्द्र नाथ वर्मा समाजवादी विचारधारा के प्रखर समर्थक, स्वतंत्रता सेनानी तथा गरीब, किसान एवं वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए समर्पित जननेता थे। उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन में सामाजिक न्याय, समानता एवं जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी।वक्ताओं ने कहा कि स्व. उपेन्द्र नाथ वर्मा के आदर्श और विचार आज भी समाज एवं नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं।उनके बताए मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।समारोह में मंत्री, कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार प्रमोद कुमार, पूर्व एमएलसी कुमुद वर्मा, अपर समाहर्ता परितोष कुमार, नगर आयुक्त, गया नगर निगम, वरीय उप समाहर्ता अर्चना कुमारी, जिला प्रशासन के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं आमजन उपस्थित रहे।



### नगर निगम में अनुकंपा नियुक्ति पर सवाल, पीएमओ से जांच की मांग

**गयाजी, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** नगर निगम में अनुकंपा के आधार पर हुई चंद्र मोहन की नियुक्ति सवालों के घेरे में है।इसे लेकर प्रधानमंत्री कार्यालय में शिकायत की गई है। शिकायतकर्ता ने पूरे मामले की निष्पक्ष और स्वतंत्र जांच की मांग की है।खास बात यह भी कि इस मामले में पीएमओ ऑफिस ने सामान्य एडमिनिस्ट्रेशन शाखा को जांच के लिए आदेश भी दे दिया है।नमो फाउंडेशन के बिहार प्रदेश सचिव और चांदचौरा-दक्षिण दरवाजा निवासी संदीप कुमार मिश्र ने पीएमओ को पत्र भेजा है। इसमें नगर निगम में कथित अनियमितताओं की जांच कराने की मांग की गई है।आरोप है कि चंद्र मोहन की अनुकंपा नियुक्ति निर्धारित नियमों की अनदेखी कर की गई।उन्होंने कहा कि कई लोगों की अनुकंपा नियुक्ति वर्षों से लंबित है।अब भी नियुक्ति का इंतजार कर रहे हैं। वहीं, चंद्र मोहन की नियुक्ति उनके पिता की मौत के करीब 10 दिन के अंदर ही कर दी गई।यह कैसे संभव हुआ समझ से परे है।नमो फाउंडेशन के बिहार प्रदेश सचिव और चांदचौरा-दक्षिण दरवाजा निवासी संदीप कुमार मिश्र ने पीएमओ को पत्र भेजा है।इसमें नगर निगम में कथित अनियमितताओं की जांच कराने की मांग की गई है। संदीप कुमार मिश्र का आरोप है कि चंद्र मोहन की अनुकंपा नियुक्ति निर्धारित नियमों की अनदेखी कर की गई।उन्होंने कहा कि कई लोगों की अनुकंपा नियुक्ति वर्षों से लंबित है।वे अब भी नियुक्ति का इंतजार कर रहे हैं। वहीं, चंद्र मोहन की नियुक्ति उनके पिता की मौत के करीब 10 दिन के अंदर ही कर दी गई।यह कैसे सम्भव हुआ समझ से परे है।शिकायतकर्ता ने नियुक्ति की प्रक्रिया पर भी सवाल उठाया है।उनका कहना है कि उस समय तक अनुकंपा नियुक्ति को लेकर बैठक भी नहीं हुई थी।उन्होंने समिति की प्रक्रिया और स्वीकृति को लेकर भी सवाल खड़े किए हैं।शिकायतकर्ता ने नियुक्ति प्रक्रिया पर भी सवाल उठाया है।उनका कहना है कि उस समय तक अनुकंपा नियुक्ति को लेकर बैठक भी नहीं हुई थी। अनुकंपा नियुक्ति समिति के अध्यक्ष जिला पदाधिकारी होते हैं।ऐसे में उनकी स्वीकृति और हस्ताक्षर प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।इसलिए नियुक्ति से जुड़े पूरे रिकॉर्ड की जांच भी जरूरी है।शिकायत में चंद्र मोहन पर पद के कथित दुरुपयोग का भी आरोप लगाया गया है।आरोप है कि नगर निगम की जमीन उनके नाम करा ली गई।

### सिंह संक्रांति पर गंगा घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, महिलाओं ने लगाई आस्था की डुबकी

**भागलपुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** सिंह संक्रांति के पावन अवसर पर रविवार को जिले के विभिन्न गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं, विशेषकर महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही प्रमुख घाटों पर उत्सव जैसा माहौल देखा गया। जिले के सबसे प्रमुख बरारी सीढ़ी घाट, पुल घाट, सुल्तानगंज के उत्तरवाहिनी गंगा घाट और कहलगांव के विभिन्न घाटों पर सुबह चार बजे से ही श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था। इसके अलावा शहरी और ग्रामीण इलाकों से जुड़े अन्य छोटे-बड़े गंगा घाटों पर भी महिलाओं की लंबी कतारें देखी गईं। पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार, महिलाओं ने पवित्र गंगा नदी में स्नान कर अपने परिवार की सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। स्नान के पश्चात बरारी सीढ़ी घाट और अन्य तटों पर बने मंदिरों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इस दौरान महिलाओं ने भगवान भास्कर और मां गंगा को अर्घ्य दिया। पूजा संपन्न होने के बाद घाट पर ही एक-दूसरे को तिलक लगाया गया और विशेष रूप से तैयार किया गया प्रसाद ग्रहण किया गया। त्योहार को देखते हुए स्थानीय प्रशासन और पूजा समितियों की ओर से प्रमुख घाटों पर सुरक्षा और सफाई के विशेष इंतजाम किए गए थे। घाटों पर बैरिकेडिंग की गई थी और गोताखोरों की टीम भी मुस्तैद दिखी, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

### पूर्व विधायक अजीत शर्मा ने लगाया कांवरिया सेवा शिविर, फल और पेय जल का किया वितरण

**भागलपुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** सावन की अंतिम सोमवारी की पूर्व संध्या पर रविवार को स्थानीय कचहरी चौक पर कांवरियों की सेवा के लिए एक विशाल शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर भागलपुर के पूर्व विधायक अजीत शर्मा के सौजन्य से लगाया गया, जहां सुल्तानगंज से गंगाजल लेकर देवघर जा रहे शिवभक्तों की जमकर सेवा की गई। शिविर में पूर्व विधायक अजीत शर्मा ने खुद मौजूद रहकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ कांवरियों के बीच सेब, केला, पेठा, पपीता, चॉकलेट और शुद्ध पेयजल का वितरण किया। इस दौरान पूरा माहौल 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयकारों से गुंजायमान रहा। कांवरियों का हौसला बढ़ाते हुए पूर्व विधायक अजीत शर्मा ने कहा कि भगवान भोलेनाथ सर्वहारों के देवता हैं। उनकी सच्ची आराधना से हर मनुष्य की मनोवांछित कामनाएं पूरी होती हैं। उन्होंने सभी देवतुल्य कांवरियों की सुरक्षित, सुगम और निर्वाध यात्रा की कामना की। श्री शर्मा ने अटूट विश्वास जताते हुए कहा कि बाबा भोलेनाथ सभी भक्तों की झोली भरेंगे और हमारे देश में खुशहाली, शांति, समृद्धि और आपसी सद्भाव का वरदान देंगे। इस सेवा शिविर को सफल बनाने में बिहार प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि डॉ. अभय आनंद, बिपिन बिहारी यादव, सोइन अंसारी, अभिषेक किशोर, शिव शंकर सिन्हा, सैफ बिन मल्लिक, आरती सिंह, ज्योति यादव, मिनाक्षी रॉयल, बबली किशोर, डॉ. जय शंकर ठाकुर, कक्कू और संतोष कुमार सहित दर्जनों कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी तन्मयता से सेवा में जुटे रहे।

# महिला पर चाकू से हमला, बोली- बॉयफ्रेंड ने कराया

**गया, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** जिले के चंदौती थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर एक महिला पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया गया। महिला को गंभीर हालत में मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।महिला ने हमले का आरोप अस्पताल में ही तैनात ओटी मैनेजर वीरेंद्र कुमार पर लगाया है। घटना के बाद मेडिकल थाना की पुलिस ने वीरेंद्र को हिरासत में ले लिया है।हालांकि, घटना चंदौती थाना क्षेत्र की है।मेडिकल थाना की पुलिस ने मामले की जानकारी चंदौती पुलिस को दे दी है। अब चंदौती पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।पुलिस सूत्रों के अनुसार मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा बताया जा रहा है।महिला और आरोपी दोनों शादीशुदा हैं।दोनों के बीच पिछले करीब तीन वर्षों से संपर्क होने की बात सामने आई है।महिला पहले एक मॉल में काम करती थी।इसी दौरान उसकी पहचान वीरेंद्र से हुई थी।कुछ समय पहले महिला की मॉल की नौकरी छूट गई।इसके बाद वह परेशान चल रही थी। महिला का आरोप है कि वीरेंद्र ने उसे बिजली ऑफिस में नौकरी दिलाने का भरोसा दिया था।इसी भरोसे पर शुक्रवार को वह चंदौती थाना क्षेत्र स्थित बिजली ऑफिस पहुंची थी।

बताया जा रहा है कि वीरेंद्र ने महिला को वहां किसी व्यक्ति से मिलने के लिए कहा था।महिला जब बिजली ऑफिस पहुंची तो वह व्यक्ति वहां नहीं मिला। इसके बाद वह वापस लौटने लगी।इसी दौरान पीछे से दो लोगों ने उस पर चाकू से हमला कर दिया।हमले में महिला के बाएं कंधे पर चाकू लगा है।दाहिना हाथ भी कोहनी के नीचे जख्मी हुआ पड़ा है।महिला का एक पैर पहले से चोटिल बताया जा रहा है।घटना के बाद उसे इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। हमला करने वाले दोनों लोग कौन थे, इसे लेकर महिला फिलहाल कुछ स्पष्ट नहीं बता पा रही है।लेकिन उसने पुलिस के सामने वीरेंद्र पर हमला कराने का आरोप लगाया है।महिला का कहना है कि इस पूरी घटना के पीछे वीरेंद्र की भूमिका है। इधर, अस्पताल की ओर से मेडिकल थाना की पुलिस को घटना की सूचना दी गई।

पुलिस फर्द बयान लेने के लिए अस्पताल पहुंची। पूछताछ के दौरान पुलिस ने महिला से आरोपी के बारे में पूछा।महिला ने बताया कि वह मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ही काम करता है और इस समय अस्पताल में ही मौजूद है। इसके बाद पुलिस ने अस्पताल से वीरेंद्र को हिरासत में ले लिया।महिला मूल रूप से नवादा की रहने वाली बताई जा रही है।फिलहाल वह चंदौती थाना क्षेत्र में रहती है।वहीं वीरेंद्र मूल रूप से भागलपुर का रहने वाला है।बताया गया है कि उसका परिवार वर्ष 2006 से मगध मेडिकल थाना क्षेत्र की मगध कॉलोनी स्थित सात नंबर गली में रह रहा है।घटना के बाद महिला से बातचीत की कोशिश की गई। लेकिन उसने फिलहाल कुछ भी बताने से इनकार कर दिया।

## प्रिंस हत्याकांड में 16 नामजद, एक गिरफ्तार

**नवादा, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** नवादा जिले के सिरदला थाना क्षेत्र के बढ़ीबीघा और नाद गांव के बीच झगड़े के बाद आहर में डूबने से हुई 16 वर्षीय हिमांशु कुमार उर्फ प्रिंस की मौत मामले ने रविवार को नया मोड़ ले लिया है। मृतक के पिता रामविलास प्रसाद, भाई और बड़ी संख्या में ग्रामीण सिरदला थाना पहुंचे। पिता ने अपने पुत्र की मारपीट कर हत्या करने और शव को आहर के गहरे पानी में फेंकने का आरोप लगाते हुए थाने में आवेदन दिया। आवेदन के आधार पर पुलिस ने सिरदला थाना कांड संख्या 251/26 दर्ज किया है। मामले में 16 लोगों को नामजद करते हुए 20 से 30 अज्ञात लोगों के खिलाफ भी आरोप लगाया गया है। थानाध्यक्ष विनय कुमार चौरसिया ने बताया कि नाद गांव से पूछताछ के लिए तीन लोगों को थाना लाया गया था। पूछताछ के बाद दो लोगों को पीआर बॉन्ड पर छोड़ दिया गया। वहीं नामजद आरोपी नाद गांव निवासी हरिश्चंद्र राजवंशी के पुत्र सुनील राजवंशी को गिरफ्तार किया गया है। अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

## शब्दवीणा की मासिक साहित्यिक भेंटवार्ता एक शाम साहित्य के नाम के अगस्त अंक का हुआ आयोजन

**गया जी, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** राष्ट्रीय साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था शब्दवीणा की हरियाणा प्रदेश समिति एवं फरीदाबाद जिला समिति द्वारा हर माह नियमित रूप से आयोजित होने वाली भेंटवार्ता एक शाम साहित्य के नाम के अगस्त माह के अंक में आमंत्रित साहित्यकार के रूप में कवि व साहित्यकार तथा शब्दवीणा फरीदाबाद जिला समिति के कोषाध्यक्ष डॉ विकास शुक्ला रहे।डॉ विकास शुक्ला जापानी बहुराष्ट्रीय कंपनी सोजीत्ज में वरिष्ठ प्रबंधकीय दायित्वों का निर्वहन करते हुए 2002 से साहित्य की साधना में रत हैं।वातार्कार के रूप में कार्यक्रम की संयोजिका एवं शब्दवीणा हरियाणा प्रदेश सचिव वरिष्ठ कवयित्री सरोज कुमार रहीं।शब्दवीणा की राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. डॉ रश्मि प्रियदर्शनी एवं सरोज कुमार ने डॉ विकास शुक्ला का शब्दवीणा के मंच पर हार्दिक अभिनंदन किया। श्रीमती सरोज ने डॉ विकास शुक्ला का संक्षिप्त साहित्यिक परिचय देते हुए, उनसे उनके पारिवारिक व साहित्यिक पृष्ठभूमि पर बातचीत की।

डॉ शुक्ला ने प्रयागराज की सरलता की प्रशंसा करते हुए उसे साहित्यिक सृजन की दृष्टि से बड़ा ही सुंदर स्थान बताया। डॉ शुक्ला द्वारा फूल एवं पत्थर पर रखे जा रहे विचारों के संदर्भ में श्रीमती सरोज ने अपनी पंक्तियाँ पत्थरों से खेलने का शौक ओ मेरे सनम, हमने नहीं पाला।फूल ही फेंकेंगे सदा यदि कभी अपना गुस्सा तुम पर निकाला बड़ी ही वाकपटुता के साथ पढ़ीं।डॉ शुक्ला ने वातार्कार श्रीमती सरोज द्वारा मनुष्य, समाज, संस्कृति, भाव, विचार, एवं साहित्य के अंतसंबंधों पर पूछे जा रहे सभी प्रश्नों का बड़ी ही शालीनता एवं विद्वता के साथ उत्तर दिया।डॉ शुक्ला ने कहा कि कविता केवल भावों की अभिव्यक्ति मात्र ही नहीं है, बल्कि मानवीय संवेदनाओं, सकारात्मकता, एवं नैतिक मूल्यों के जागरण का प्रभावी माध्यम है।उन्होंने कविता को जीवन के कटु एवं मधु अनुभवों को व्यक्त करने का माध्यम बतलाया।अपनी कविता सुना है शब्द हैं ब्रह्म, ये मरा नहीं करते, मैं इन शब्दों में बस कर अमर हो जाऊँगा द्वारा शब्दों की सृजनात्मक शक्ति पर प्रकाश डाला। "सोचता था जिंदगी हसीन होगी।तुम्हारे बिना भी यह रंगीन होगी, पर आलम यह है कि तुम्हारे बिना ये जिंदगी बोझ लगती है। कभी-कभी नहीं, हर रोज लगती है।ये तो तुम्हारी यादें हैं, जिनके सहारे मैं जिंदा हूँ।

# संस्कार भारती पूर्णिया इकाई की साधारण सभा सम्पन्न, कला-संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन पर हुआ मंथन




**पटना, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** कला और साहित्य कि अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती के पूर्णिया इकाई की साधारण सभा का आयोजन विद्या बिहार टेक्निकल इंस्टीट्यूशन, मरंगा के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम में संस्कार भारती उत्तर बिहार प्रांत के महामंत्री एवं प्रांतीय पर्यवेक्षक सुरभित दत्त उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रांतीय महामंत्री सुरभित दत्त, जिलाध्यक्ष पल्लवी मिश्रा एवं प्रांतीय मंचीय कला विभाग संयोजक अमित कुंवर ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद कलाकारों ने संस्कार भारती का ध्येय गीत एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। साथ ही इस अवसर पर अतिथियों को अंगवस्त्र एवं पौधा भेंट कर सम्मानित किया गया। सभा में पूर्णिया जिला महामंत्री कुमारी चांदनी शुक्ला ने पिछले वर्ष पूर्णिया इकाई द्वारा किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया तथा आगामी कार्यक्रमों एवं योजनाओं की जानकारी दी। वहीं प्रांतीय महामंत्री सुरभित दत्त ने अपने संबोधन में संस्कार भारती के पंच प्रण, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्य पर विस्तार से चर्चा की।

उन्होंने सभी सदस्यों से इन पंच प्रण को अपने कार्यों में अपनाने का आह्वान किया। साथ ही संस्था की कार्यपद्धति एवं आगामी गतिविधियों को लेकर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने सभा के दौरान उन्होंने दो नए कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में डॉ. जयदीप मुखर्जी एवं सुप्रिया मिश्रा के नाम की घोषणा की। उन्होंने पूर्णिया इकाई के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि इकाई के कार्यक्रम उत्तर बिहार की बेहतर गतिविधियों में शामिल हैं।

उन्होंने जिलाध्यक्ष, महामंत्री समेत सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दीं। सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष पल्लवी मिश्रा ने कहा कि पूर्णिया इकाई के सभी सदस्य पूरे मनोयोग से कला एवं संस्कृति को आगे बढ़ाने में जुटे हैं। उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता, पर्यावरण समेत पंच प्रण के सभी विषयों पर कार्य किया जा रहा है। समाज को प्रेरित करने को लेकर कार्यक्रमों कि रचना की जा रही है। उन्होंने भविष्य में भी पूरी निष्ठा के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों को विस्तार देने की बात कही।

उपाध्यक्ष उदय कुमार सिंह ने सभी सदस्यों को शुभकामनाएं दीं। उत्तर बिहार प्रांत के मंचीय कला विभाग संयोजक अमित कुंवर ने कला विभाग के सदस्यों के कार्यों की सराहना करते हुए आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन सूरज साहनी ने किया, जबकि उपाध्यक्ष मनोरंजन कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। सभा में मंचीय कला विभाग संयोजक विजय कुमार दास, दृश्य कला संयोजक राजीव राज, साहित्य कला विभाग संयोजिका डॉ. उषा शरण, लोक कला विभाग संयोजक श्रुति, मंत्री सागर दास, सूरज साहनी, अभिमन्यु कुमार, प्रचार प्रमुख नयन राज तथा कार्यकारिणी सदस्य किशन कुमार एवं भूमि सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## कोंचेस्वरनाथ एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा सखी सावन महोत्सव में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन




**गया, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** जिले के कोंच प्रखंड क्षेत्र के कोंचेस्वरनाथ एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित सखी सावन महोत्सव के अवसर पर मेहंदी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया।प्रतियोगिता में क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं एवं छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी कला एवं प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर/प्रखंड के मुखिया संघ के उपाध्यक्ष आदित कुमार सहित राजीव कुमार, अरुण पाठक, मीना देवी, शिल्पी, अंकित कुमार, सौरभ कुमार एवं विकास कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।मेहंदी प्रतियोगिता के दौरान महिलाओं एवं छात्राओं में खासा उत्साह देखने को मिला। प्रतिभागियों ने विभिन्न आकर्षक डिजाइनों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं एवं छात्राओं की प्रतिभा को प्रोत्साहित करना तथा उन्हें सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ना था।कार्यक्रम के अंत में ट्रस्ट की ओर से सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।अतिथियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन महिलाओं और छात्राओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक वातावरण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वाली सभी महिलाओं, छात्राओं, अतिथियों एवं कार्यकताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# तरुणमित्र
श्रम ही आधार, सिर्फ खबरों से सरोकार
सोमवार, 24 अगस्त 2026
विक्रम संवत्- 2083, श्रावण शुक्ल पक्ष, द्वादशी

# न्यायालयों की घटती गरिमा!

भारतीय लोकतंत्र की तीन स्तंभों में न्यायपालिका सबसे महत्वपूर्ण और संवेदनशील स्तंभ है। संविधान ने इसे स्वतंत्र, निष्पक्ष और गरिमामय बनाने का प्रावधान किया है ताकि नागरिकों को न्याय मिल सके और शासन की मनमानी पर अंकुश रहे। किंतु विगत कुछ वर्षों में न्यायालयों की गरिमा लगातार घटी हुई प्रतीत होती है। यह स्थिति न केवल न्याय व्यवस्था के लिए चिंताजनक है, बल्कि पूरे लोकतांत्रिक ढांचे के लिए खतरा बन रही है। न्यायालयों की गरिमा में कमी के कई कारण हैं। सबसे प्रमुख है न्याय में देरी। लाखों मुकदमे वर्षों से लंबित पड़े हैं। आम आदमी को न्याय मिलने में इतना समय लगता है कि कई बार न्याय मिलना भी न्याय न मिलने के समान हो जाता है। 'जस्टिस डिलेड इज जस्टिस डिनाइड' की कहावत आज भारतीय अदालतों पर सटीक बैठती है। इससे जनता का विश्वास टूटता है और अदालतों की साख गिरती है। दूसरा बड़ा कारण है राजनीतिक हस्तक्षेप और विवादों में न्यायाधीशों का नाम आना। कभी-कभी उच्च पदों पर नियुक्तियों को लेकर विवाद, सेवानिवृत्ति के बाद राजनीतिक पद स्वीकार करने की प्रवृत्ति, तथा कुछ मामलों में खुलेआम आलोचना और टिप्पणियां अदालतों की निष्पक्ष छवि को धूमिल करती हैं। मीडिया ट्रायल और सोशल मीडिया पर अफवाहों का बाढ़ आना भी गरिमा को चोट पहुंचाता है। जब कोई विवादास्पद फैसला आता है तो बिना पूरी कार्यवाही समझे जनमत बना लिया जाता है। इससे न्यायाधीशों पर अनावश्यक दबाव पड़ता है। भ्रष्टाचार के आरोप, चाहे वे कितने भी कम हों, पूरे संस्थान की छवि खराब करते हैं। कुछ निचली अदालतों में रिश्वतखोरी की शिकायतें समय-समय पर सामने आती रही हैं। उच्चतर न्यायालयों में भी पारदर्शिता की मांग जोर पकड़ रही है। जब जनता को लगता है कि पैसा या पहुंच वाले लोग आसानी से राहत पा लेते हैं, तो सामान्य नागरिक न्याय व्यवस्था से दूर होता चला जाता है। न्यायालयों की गरिमा बनाए रखना स्वयं न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका तीनों की सामूहिक जिम्मेदारी है। न्यायाधीशों को अपनी आचरण संहिता का कठोरता से पालन करना चाहिए। सेवानिवृत्ति के बाद राजनीतिक पदों से दूरी बनाए रखना, सार्वजनिक टिप्पणियों में संयम बरतना और मामलों के निपटारे में तेजी लाना आवश्यक है। रिक्त पदों की शीघ्र भर्ती, आधुनिक तकनीक का उपयोग, वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र को बढ़ावा देना और मुकदमों की संख्या कम करने के लिए कानूनी सुधार जरूरी हैं। सरकार को भी न्यायपालिका की स्वतंत्रता का सम्मान करना चाहिए। बजट आवंटन, बुनियादी सुविधाओं में सुधार और नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता से विश्वास बढ़ेगा। मीडिया और नागरिक समाज को भी जिम्मेदारी से व्यवहार करना होगा। आलोचना का अधिकार है, लेकिन सम्मानहीन भाषा और आधारहीन आरोपों से बचना चाहिए। न्यायालय केवल इमारत या कुर्सी नहीं हैं। वे संविधान के संरक्षक और आम आदमी की आखिरी उम्मीद हैं। यदि उनकी गरिमा गिरती रही तो लोकतंत्र की नींव कमजोर पड़ जाएगी। समय आ गया है कि सभी हितधारक मिलकर इस संस्था को उसकी पुरानी प्रतिष्ठा और गरिमा वापस दिलाएं। केवल तभी 'न्याय सबके लिए' का सपना साकार हो सकेगा और नागरिकों का विश्वास फिर से मजबूत होगा।

# जिनके घर शीशे के हों, वो दूसरों के घरों पर पत्थर नहीं फेंकते



तनवीर जाफरी

**देश में इन दिनों छात्रों और युवा पीढ़ी अर्थात Gen Z के छिड़े घमासान के बीच Gen Z को ही केंद्र में रखकर कुछ ऐसे बयान सुनने में आ रहे हैं जिनकी न तो भाषा शालीन है न ही बयान देने वालों का व्यक्तित्व ही ऐसा है जिसे देश में शिक्षा, रोजगार, पारदर्शिता, जवाबदेही, भ्रष्टाचार, लोकतंत्र तथा संवैधानिक मूल्यों को लेकर संघर्षरत युवा पीढ़ी व छात्रों से जोड़ा जा सके।**

इस संबंध में सबसे दिलचस्प वाकयुद्ध बाबा रामदेव व फिल्म अभिनेत्री व भारतीय जनता पार्टी सांसद कंगना रनौत के बीच छिड़ा। इस वाक्युद्ध ने एक दूसरे की पोल पट्टी खोलकर रख दी। गौरतलब है कि बीजेपी सांसद कंगना रनौत ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर नीट पेपर लीक मामले के विरोध में प्रदर्शन कर रही युवा पीढ़ी पर तीखी टिप्पणियां की थीं।

कंगना ने प्रदर्शनकारी युवाओं को 'गटर जनरेशन' कहकर संबोधित किया था। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा था कि Gen Z के आंदोलनों के वीडियो देखकर मुझे झटका लगा। मैंने अपनी जिंदिगी में इतना अजीब और इतना बुरा कुछ नहीं देखा है। इन्हें (युवा पीढ़ी को) किसने जन्म दिया है? कौन इनका पालन-पोषण कर रहा है? यह गटर की पीढ़ी है। कंगना ने प्रदर्शन के दौरान युवाओं द्वारा इस्तेमाल की जा रही भाषा को बेहद असभ्य और अमर्यादित बताया था। उन्होंने इसे 'उल्टी आने जैसा' व्यवहार करार दिया था। प्रदर्शनकारी छात्राओं और युवतियों पर निशाना साधते हुए कंगना ने कहा था कि इन लड़कियों का आचरण बेहद निराशाजनक है। उन्होंने कहा कि 'यह लड़कियां भविष्य में अच्छी गृहिणी भी नहीं बन सकतीं।' कंगना ने केवल छात्रों को ही नहीं बल्कि उनके माता-पिता को भी कटघरे में खड़ा किया। उन्होंने सवाल उठाया कि माता-पिता अपने बच्चों को ऐसे संस्कार कैसे दे सकते हैं, जो उन्हें सार्वजनिक रूप से इस तरह के अभद्र व्यवहार की अनुमति देते हैं?

कंगना रनौत के इस बयान की खासकर इसकी शब्दावली की चारों ओर घोर आलोचना की गयी। परन्तु सबसे तीखी प्रतिक्रिया योग गुरु एवं व्यवसायी बाबा रामदेव द्वारा एक टी वी चैनल पर इसी संबंध में पूछे गये एक सवाल पर दी गयी। जब बाबा रामदेव से कंगना के 'गटर जेनरेशन' वाले बयान पर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने कंगना की मानसिक स्थिति, उनकी योग्यता और उनके अतीत पर ही गंभीर सवाल उठा दिये। रामदेव ने कहा कि 'उनकी क्वालिफिकेशन (शिक्षा) क्या है? उनका बचपन कैसा रहा है? उनकी जवानी कैसी रही है? उनके पहले के कारनामे कैसे रहे हैं? मैं ऐसे लोगों के बारे में बात नहीं करना चाहता। किसी भी देश के जवानों को और जेन-जी को 'गटर' बोलना यह बिगड़े हुए दिमाग की निशानी है। यह गलत बात है और उनकी पार्टी (बीजेपी) को इस पर संज्ञान लेना चाहिए।' हमेशा भाजपा सरकार की पैरवी करने वाले बाबा रामदेव के इस बयान को लेकर वैसे भी लोग आश्चर्यचकित हैं कि आखिर उन्होंने किस तरह सत्ता के विरोध में आवाज उठाने की हिम्मत जुटाई ? कुछ लोग तो उनके इस बयान की वजह से उन्हें राजनीति का 'मौसम विज्ञानी ' भी कहने लगे हैं। बहरहाल सवाल यह है कि रामदेव ने कंगना रानौत को लेकर इतने सारे सवाल एक साथ कैसे और किस आधार पर खड़े किये ? और क्या वजह थी कि रामदेव के इन सवालों से तिलमिलाकर कंगना को भी रामदेव पर तीखे जवाबी बाण छोड़ने पड़े?

दरअसल कंगना रनौत ने स्वयं अपने अनेक इंटरव्यू में अपने शुरूआती जीवन, चरित्र, नशे और संघर्षों को लेकर बेहद चौंकाने वाले और बेबाक बयान दिए थे। उनके ये बयान समय-समय पर सोशल मीडिया और मीडिया गलियारों में बड़े विवाद की वजह बने हैं। कंगना रनौत ने साल 2020 में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट किया था। इस वीडियो में उन्होंने खुलकर स्वीकार किया था कि वह एक समय पर ड्रग्स की लत का शिकार हो चुकी थीं। उन्होंने कहा था कि 'जब मैं घर से भागी थी, उसके डेढ़-दो साल के अंदर ही मैं एक फिल्म स्टार भी थी और एक 'ड्रग एडिक्ट' भी थी।' उन्होंने यह भी आरोप लगाया था कि शुरूआती दिनों में उनके एक 'मेंटॉर' जो बाद में प्रताड़ित करने वाले बन गए, उनकी ड्रिंक्स में नशीली चीजें मिलाकर देते थे ताकि वह पुलिस के पास न जा सकें। बाद में एक इंटरव्यू में उन्होंने स्पष्ट किया कि वे योग और स्वामी विवेकानंद की शिक्षाओं की मदद से नशे की इस लत से बाहर आ पाईं। उसी 2020 के वीडियो में अपने संघर्ष के दिनों को याद करते हुए कंगना ने खुद को 'खतरनाक' बताया था। उन्होंने कहा था कि जब वह कम उम्र में घर से भागकर मुंबई आई थीं, तो बहुत गलत लोगों के चंगुल में फंस गई थीं। उन्होंने कहा था कि 'मेरी जिंदिगी में इतने स्कैंडल चल रहे थे और मैं ऐसे लोगों के हाथों में पड़ गई थी, जहां से सिर्फ मौत ही मुझे बचा सकती थी। यह सब मेरी जिंदिगी में तब हो रहा था जब मैं सिर्फ एक टीनेजर (किशोरी) थी। सोच लो, मैं कितनी खतरनाक हूँ!' कंगना ने यह भी बताया था कि उनके पिता उन्हें डॉक्टर बनाना चाहते थे, लेकिन जब उन्होंने मना किया तो उनके पिता ने उन्हें थप्पड़ मारा था, जिसके बाद उन्होंने घर छोड़ दिया। वह महज 15-16 साल की उम्र में बिना पैसों के घर से भागकर दिल्ली और फिर मुंबई आ गई थीं। वास्तव में कंगना की इस तरह की स्वीकारोक्ति को ही आधार बनाकर रामदेव ने उन्हें लेकर अनेक प्रश्न खड़े कर दिये। और प्रश्नों की उसी शब्दावली के अनुरूप ही कंगना ने भी रामदेव पर सीधा व्यक्तिगत प्रहार करते हुये कहा कि 'बाबा जी, मेरी जवानी या बेडरूम के बारे में आप दिन में सपने मत देखिए। कोई सिर्फ अफवाहों और गॉसिप के आधार पर ही ऐसा अंदाजा लगा सकता है।' कंगना ने पतंजलि के भ्रामक विज्ञापनों वाले मामले की ओर इशारा करते हुये कहा कि 'कम से कम मुझे कभी झूठे या फर्जी मेडिकल दावों के लिए सुप्रीम कोर्ट से फटकार नहीं लगी है। मेरे दावे हमेशा ठोस तथ्यों पर आधारित होते हैं, न कि किसी अफवाह पर।' कंगना ने बाबा रामदेव को करारा जवाब देते हुए कहा, इसलिए आप मुझे चरित्र का पाठ मत पढ़ाइए। मेरा चरित्र आपसे कहीं ज्यादा बेहतर है, यहां कोई धोखाधड़ी/फ्रॉड नहीं पकड़ी गई है। कंगना द्वारा रामदेव इसतरह के शब्द बाण भी अकारण नहीं छोड़े गये। इसके पीछे रामदेव और उनकी कंपनी पतंजलि आयुर्वेद के खिलाफ विभिन्न अदालतों विशेषकर सुप्रीम कोर्ट और सरकारी प्राधिकरणों द्वारा की गई कई गंभीर कानूनी और प्रशासनिक कार्रवाइयां शामिल हैं। कभी सुप्रीम कोर्ट ने पतंजलि आयुर्वेद को उन सभी दवाओं और उत्पादों के विज्ञापन और ब्रांडिंग करने से पूरी तरह रोक दिया, जो 'ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, 1954' के तहत प्रतिबंधित बीमारियों को पूरी तरह ठीक करने का दावा करते थे कभी कोर्ट में लिखित आश्वासन देने के बावजूद भ्रामक विज्ञापन जारी रखने पर कोर्ट ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया। कभी कोर्ट ने उन्हें व्यक्तिगत रूप से अदालत में हाजिर होने का आदेश दिया और उनकी कानूनी टीम को कड़ी फटकार लगाई। तो कभी उन्होंने अदालत में बिना शर्त माफी मांगी अदालत ने महज दिखावा कहकर खारिज कर दिया था। यहाँ तक कि कड़े अदालती रुख के बाद पतंजलि को देश के प्रमुख राष्ट्रीय और क्षेत्रीय समाचार पत्रों में बड़े आकार में सार्वजनिक माफीनामा प्रकाशित करना पड़ा। इस तरह के अनेक उदाहरण हैं जिनसे यह साबित होता है कि रामदेव व उनका व्यवसाय भी दूध का धुला नहीं।

कुल मिलाकर कंगना रानौत हों या रामदेव दोनों ही अपने उज्जवल भविष्य के लिये चिंतित व संघर्षरत देश की युवा पीढ़ी के लिये आदर्श नहीं हो सकते न ही इनकी नसीहत या आलोचना युवाओं के पतन या उत्थान का कारण बन सकती है। हाँ युवा पीढ़ी के बहाने इनके बीच चले वाक्युद्ध से यह जरूर साफ हो गया है कि जिनके अपने घर शीशे के हों उन्हें दूसरों के घरों पत्थर हरगिज नहीं फेंकना चाहिये।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

# साइलेंट हेल्थ क्राइसिस बन चुकी है नींद की कमी



बाल मुकुन्द ओझा

भारत में नींद की कमी एक गंभीर समस्या बनती जा रही है। एक ऑनलाइन वैश्विक सर्वे की माने तो देश पर्याप्त नींद नहीं लेने के कारण स्वास्थ्य सम्बन्धी विकारों से जूझ रहा है। देश के लगभग 60 प्रतिशत लोग छह घंटे की नींद नहीं लेने के कारण विभिन्न बीमारियों की चपेट में आ रहे है। इनमें बड़ी संख्या में युवा भी शामिल है।

सर्वे में भारत के 348 जिलों के 43 हजार लोगों को शामिल किया गया जिनमें 61 प्रतिशत पुरुष और 39 प्रतिशत महिलाएं थी। नींद की कमी धीरे-धीरे एक साइलेंट हेल्थ क्राइसिस बन चुकी है। पहले नींद को आराम या आदत माना जाता था, लेकिन अब शोध यह दिखाते हैं कि कम नींद का सीधा असर दिमाग, दिल, इम्यून सिस्टम और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है।

अमेरिका के सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल (सीडीसी) ने इसे सार्वजनिक स्वास्थ्य की उभरती हुई समस्या बताया है। उनकी रिपोर्ट के अनुसार लगभग हर तीन में से एक वयस्क रोजाना पर्याप्त नींद नहीं ले पा रहा। भारत में किए गए एक बड़े सर्वे में पाया गया कि युवा वर्ग में यह समस्या सबसे अधिक बढ़ी है, जहां रात देर तक फोन का इस्तेमाल, ओवरवर्क, तनाव और अनियमित दिनचर्या नींद का सबसे बड़ा दुश्मन बन चुके हैं। आजकल की खराब लाइफ स्टाइल, वर्क फ्रॉम होम, स्क्रीन से चिपटे रहने और काम के बढ़ते दबाव के कारण लोगों की दिनचर्या पूरी तरह बदल चुकी है।

बदलते वर्किंग स्टाइल के कारण लोगों के पास पर्याप्त नींद लेने का समय भी नहीं बचता है। हार्वर्ड मेडिकल स्कूल की रिसर्च बताती है कि जो लोग 5 घंटे से कम सोते हैं, उनमें हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा 30-40 फीसदी बढ़ जाता है। नींद की कमी शरीर में सूजन बढ़ा देती है, जिससे ब्लड प्रेशर और शुगर लेवल गड़बड़ा सकते हैं। कई डॉक्टर बताते हैं कि नींद की कमी मोटापे को भी बढ़ाती है, क्योंकि देर से सोने पर भूख बढ़ाने वाला हार्मोन 'घ्रेलिन' बढ़ जाता है और शरीर को गलती से कैलोरी की जरूरत महसूस होने लगती है। यही कारण है कि कम सोने वाले लोग रात में जंक फूड ज्यादा खाते हैं। नींद की कमी का सामना कर रहे लोगों में 72 प्रतिशत वाशरूम का बार बार उपयोग करने सहित खराब लाइफ स्टाइल, स्क्रीन देखने, शराब सेवन और रात्रि में देर तक काम करने आदि बड़े कारण बताये गए है। सर्वे में बताया गया है पर्याप्त नींद नहीं लेने के कारण आँखों और हृदय से जुड़ी बीमारियां आम बात है। डायबिटीज और मोटापा की चपेट में भी लोग आ रहे है। सड़क दुर्घटनाओं को भी नींद का एक कारण बताया गया है। नींद का असर न केवल शारीरिक स्वास्थ्य पर बल्कि मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। जहाँ तक युवा भारत की बात है, आजकल युवाओं में तनाव की समस्या को लेकर देशवासी बेहद चिंतित है। तनाव की वजह से कम उम्र में ही युवा डिप्रेशन के शिकार होने लगे हैं। खासतौर से काम करने वाले युवा यानि को नौकरी कर रहे हैं उनके अंदर ठहराव, लगन और काम के लिए पैशन बहुत कम है। जरा-जरा सी बातों पर स्ट्रेस लेने लगते हैं। हाल की में हुई एक स्टडी में भी ऐसे ही आंकड़े सामने आए हैं। जिसमें 25 साल के युवा कर्मचारियों में से 90 प्रतिशत का मन और दिमाग बेचैन पाया गया है। जिसकी वजह से कई बार अपने आप को हानि पहुंचाने तक के ख्याल इनके मन में आने लगते हैं। तनाव और डिप्रेशन से बचना है तो सबसे पहले हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाएं। नींद की कमी के चलते कर्मचारियों की कार्य क्षमता भी प्रभावित हो रही है। रिसर्च से पता चला है कि नींद की कमी वाले कर्मचारी गलतियां करने की ज्यादा संभावना रखते हैं, उनकी एकाग्रता घट जाती है और उनकी समस्या सुलझाने की क्षमता भी कम हो जाती है।

मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से बचने के लिए अच्छी नींद लेना बहुत जरूरी है। रात में 6-8 घंटे की नींद से कई विकारों को दूर किया जा सकता है। आज की भागदौड़ भरी लाइफ स्टाइल में काम का दबाव और समय का प्रबंधन हम पर इस कदर हावी हो चुके हैं कि हमारा मानसिक स्वास्थ्य गड़बड़ा रहा है। सोशल मीडिया के बारे में यह कहा जाता है विशेषज्ञों ने अच्छी नींद के लिए कैफीन का कम सेवन करने, सोने का निश्चित समय तय करने, सोने से पहले मोबाइल, लैपटॉप और टीवी जैसी स्क्रीन का इस्तेमाल न करने की सलाह दी है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है एक्सपर्ट्स का कहना है कि अपनी दिनचर्या में छोटे-छोटे बदलावों को अपनाकर लोग अपनी नींद की क्वालिटी सुधार सकते हैं और इससे उनकी तबीयत और उत्पादकता बेहतर हो सकती है।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## हो गया अब खेल !



कृष्णेन्द्र राय

धरना और प्रदर्शन पर ।
हो गया अब खेल ।।
हुई चाल असफल ।
लगता होंगे फेल ।।
सेकनी थी जिसको ।
गया वो रोटी सेंक ।।
आए करने मदद ।
कार्य हो गया नेक ।।
फेर दिए वो पानी ।
है मेहनत बेकार ।।
शांत न होगी लगता ।
आगे भी तकरार ।।
रुक रूक कर बह रही ।
हवा ये सुहानी ।।
विषय जांच का है अभी ।
हुई कहां मनमानी ।।

# समष्टि चेतना से विश्व शांति



राजू बाबू सिंह

वैदिक दर्शन में समष्टि चेतना और सृष्टि की सर्वव्यापी एकता तथा विश्व-कल्याण का विचार सबसे प्रमुख आधार स्तंभ है। इस उदात्त भावना को गहराई से समझने तथा वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों जैसे रूस-यूक्रेन युद्ध एवं ईरान, इजरायल तथा अमेरिका के परिप्रेक्ष्य में देखने के लिए ऋग्वेद के दो अत्यंत महत्वपूर्ण सूक्तों—पुरुष सूक्त और संज्ञान सूक्त—का अनुशीलन अनिवार्य है।

ऋग्वेद के दसवें मंडल का नब्बेवां सूक्त 'पुरुष सूक्त' कहलाता है। यह सूक्त ईश्वर के विराट स्वरूप और संपूर्ण ब्रह्मांड की परस्पर सम्बद्धता का वर्णन करता है। इसमें बताया गया है कि यह संपूर्ण जगत—चाहे मानव हो, प्रकृति हो या भिन्न-भिन्न राष्ट्र—उस एक ही परम पुरुष अर्थात ब्रह्म का प्रकटीकरण है। पुरुष सूक्त में एक विराट पुरुष की कल्पना और उसके समस्त अंगों का परस्पर सह-अस्तित्व के साथ रहना इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि बिना सह-अस्तित्व के जिस प्रकार से एक पुरुष के शरीर को निरापद नहीं रखा जा सकता है, इस प्रकार से समस्त ब्रह्मांड को एक पुरुष मान करके उसके अस्तित्व के लिए उसके समस्त अंगों, समस्त भूभाग, समस्त सीमा से संबंध राष्ट्र, समस्त जगत में उत्पन्न प्राकृतिक तत्व, वनस्पतियां, पहाड़, नदियां, झरने, खनिज आदि उस परम पुरुष के समस्त अंग हैं। इनमें आपस में संतुलन बना रहना आवश्यक है। संतुलन बिगड़ने पर ही विध्वंसकारी स्थिति उत्पन्न होती है। जिस प्रकार पुरुष के एक अंग में हुआ संक्रमण समस्त शरीर को प्रभावित करता है, उसी प्रकार विश्व के अलग-अलग भूभाग में उसके संसाधनों में यदि कोई संक्रमण होता है तो उसका असर संपूर्ण विश्व की शांति व्यवस्था, अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य व्यवस्था और विकास की व्यवस्था पर पड़ता है। इस प्रकार पुरुष का यह मंत्र व्यष्टि में समष्टि और समष्टि में व्यष्टि के सह-अस्तित्व का प्रतिपादन है।

सहस्रशीर्षा पुरुषः सहस्राक्षः सहस्रापात्। स भूमिं विश्वतो वृत्वात्यतिष्ठद्दशांगुलम्॥ ऋग्वेद १०.९०.१

भावार्थ : वह परम पुरुष अनंत शीश, अनंत आंखें और अनंत पैरों वाला है। वह इस संपूर्ण पृथ्वी और ब्रह्मांड को सब ओर से व्याप्त करके भी दसों दिशाओं से परे विद्यमान है।

पुरुष एवेदं सर्वं यद्भूतं यच्च भाव्यम्। उतामृतत्वस्येशानो यदन्नेनातिरोहति॥ ऋग्वेद १०.९०.२

भावार्थ : जो कुछ बीत चुका है और जो कुछ भविष्य में होने वाला है, वह सब केवल वही विराट पुरुष है। वही अमरत्व का स्वामी है। वर्तमान में विश्व में चल रहे कई देशों के बीच युद्ध के परिप्रेक्ष्य में पुरुष सूक्त का दर्शन एकात्मता का बोध कराता है। पुरुष सूक्त का मूल सिद्धांत है कि संपूर्ण संसार एक ही शरीर के समान है। यदि शरीर के एक अंग में चोट लगती है, तो उसकी पीड़ा पूरे शरीर को भुगतनी पड़ती है। रूस और यूक्रेन, अमेरिका, ईरान और इजरायल—युद्धरत सभी देश और वहां के नागरिक इसी एक विराट पुरुष के अभिन्न अंग हैं। जब रूस और यूक्रेन आदि देशों के बीच युद्ध होता है, तो यह केवल दो देशों का संघर्ष नहीं रहता, बल्कि यह उस विराट पुरुष के अपने ही अंगों का आपस में टकराने जैसा है। इस युद्ध से उत्पन्न खाद्यान्न संकट, ऊर्जा संकट, वैश्विक आर्थिक मंदी और मानवीय पीड़ा यह सिद्ध करती है कि एक राष्ट्र की अशांति संपूर्ण विश्व को प्रभावित करती है। यह उसी प्रकार है जैसे एक अंग के संक्रमित होने का असर न केवल दूसरे अंगों में पड़ता है बल्कि संपूर्ण शरीर में संक्रमण शुरू हो जाता है, फलतः शरीर व्याधि से पीड़ित और विनाशकारी दशा को प्राप्त होता है। इस प्रकार से यदि एक देश दूसरे देश से टकराता है तो इसका असर संपूर्ण विश्व पर पड़ने लगता है।

यदि वैश्विक नेता और मानव जाति पुरुष सूक्त के इस दर्शन को समझें कि हम सब एक ही चेतना से जुड़े हैं, तो अज्ञान, अहंकार और भू-राजनीतिक स्वार्थों के कारण होने वाली हिंसा समाप्त हो सकती है। किसी दूसरे राष्ट्र को हानि पहुंचाना वास्तव में स्वयं को ही हानि पहुंचाना है। सर्व-कल्याण की भावना और ऋग्वेद के संज्ञान सूक्त में भी ऋषियों की मीमांसा इस तथ्य का समर्थन करती है और इसी विचारधारा के तहत विषयों की मीमांसा इस निष्कर्ष पर पहुंचती है कि हम सभी सुखी रहें, निरापद रहें, सभी का कल्याण हो, संसार में कोई भी दुखी नहीं रहे। लोकप्रिय श्लोक 'सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः' वैदिक परंपरा की मूल आत्मा को दशार्ता है। ऋग्वेद में इसी 'विश्व-बंधुत्व' और 'सर्व-कल्याण' की भावना को संज्ञान सूक्त, ऋग्वेद १०.१९१ के रूप में अमर वाणी दी गई है, जो समाज और वैश्विक समुदाय में एकता, समानता और संवाद का महान संदेश देता है।

संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम्। देवा भागं यथा पूर्वे सञ्जानाना उपासते॥ ऋग्वेद १०.१९१.२

भावार्थ : तुम सब एक साथ मिलकर चलो, एक स्वर में बोलो, संवाद करो और तुम्हारे मन एक समान, एकजुट होकर विचार करें। जिस प्रकार प्राचीन काल में ज्ञानी देवजन एकमत होकर अपना-अपना कर्तव्य निभाते थे, उसी प्रकार तुम भी मिल-जुलकर रहो।

समानी व आकूतिः समाना हृदयानि वः। समानमस्तु वो मनो यथा वः सुसहासति॥ ऋग्वेद १०.१९१.४

भावार्थ : तुम्हारे संकल्प एक समान हों, तुम्हारे हृदय समान भाव वाले हों और तुम्हारा मन एक हो ताकि तुम्हारे बीच सुदृढ़ एकता और सहकारिता बनी रहे।

विश्व में चल रहे देशों के बीच युद्ध जैसी विनाशकारी, विप्लवकारी स्थितियों का समाधान शस्त्रों से नहीं, बल्कि ऋग्वेद के 'संवदध्वम' अर्थात आपस में संवाद करो के सिद्धांत से ही संभव है। संज्ञान सूक्त स्पष्ट करता है कि शांति केवल युद्धविराम से नहीं आती, बल्कि मन और संकल्पों के मिलन से आती है, जहां दोनों पक्ष एक-दूसरे के अस्तित्व और अधिकारों का सम्मान करें। वैदिक ऋषियों ने हजारों वर्ष पूर्व जिस वैश्विक दृष्टि का निर्माण किया था, वह आज के आधुनिक युग में और भी अधिक प्रासंगिक हो गई है। पुरुष सूक्त हमें आध्यात्मिक एवं पारिस्थितिक दृष्टि देता है। यह सिखाता है कि रूस, यूक्रेन या विश्व का कोई भी कोना हो—सब एक ही परम चेतना का विस्तार हैं। जब हम दूसरों में भी अपना ही स्वरूप देखते हैं, तो हिंसा और युद्ध का आधार ही समाप्त हो जाता है। संज्ञान सूक्त हमें व्यावहारिक एवं कूटनीतिक मार्ग दिखाता है। यह बल देता है कि विवादों का निपटारा युद्ध से नहीं, बल्कि मेज पर बैठकर संवाद और सह-अस्तित्व की भावना से होना चाहिए। जब मानव जाति पुरुष सूक्त के 'एकत्व' और संज्ञान सूक्त के 'सद्भाव व संवाद' को अपनाएगी, तभी 'सर्वे भवन्तु सुखिनः' अर्थात सभी सुखी हों का स्वप्न व्यावहारिक रूप में साकार हो सकेगा।

ये लेखक के अपने विचार हैं तरुणमित्र का इससे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## सूडोकु नवताल- 7896

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7895 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

## आज का राशिफल

**मेष**- आपके पूंजीगत निवेशों से भी लाभ होगा। पारिवारिक उत्तरदायित्व अधिक रहेंगे। पदोन्नति मिलने का योग हैं। आमदनी में वृद्धि होगी। यात्रा में सावधानी बरतें।

**वृष**- संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं। कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे।

**मिथुन**- पुरूषार्थ और कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में आप वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे। उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा। आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे।

**कर्क**- मित्तव्ययता रखें क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष से सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा।

**सिंह**- निकटस्त व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में बाधा को दूर करेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी।

**कन्या** - कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्याकंन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए।

**तुला**- ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**वृश्चिक**- विवादों व मुकदमेबाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**धनु**- अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान्य रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**मकर**- ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है।

**कुम्भ**- हरि करे सो खरी। अतः हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा।

**मीन**- मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंग। धार्मिक कार्य में समय व धन व्यय होगा।

पं0 सुभाष पाण्डेयः हस्तरेखा विशेषज्ञ, मो. 8808052918

# चंपारण में औद्योगिक विकास को गति देने की उठी मांग

## आपनमाटी आपन पार्टी की कार्यसमिति बैठक में लिया संकल्प




**मोतिहारी, पू.च:, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** चंचल बाबा मठ स्थित आपनमाटी आपन पार्टी के कार्यालय में पार्टी कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पार्टी अध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी ने की। इस दौरान चंपारण के औद्योगिक विकास, भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान और क्षेत्र की समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

पार्टी अध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी ने सरकार द्वारा चंपारण में औद्योगिक विकास की दिशा में उठाए गए कदमों का स्वागत करते हुए सरकार के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि चंपारण में उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए ह्यचंपारण औद्योगिक विकास प्राधिकरणह्ल का गठन किया जाना चाहिए। उन्होंने जिला प्रशासन एवं मीडिया के माध्यम से सरकार से इस दिशा में ठोस पहल करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि चंपारण के साथ लंबे समय से किए जा रहे छलावे को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पार्टी के महासचिव अशरफ अली अंसारी ने कहा कि आपनमाटी आपन पार्टी का गठन अपनी मिट्टी और क्षेत्र के विकास के उद्देश्य से किया गया है। पार्टी चंपारण के विकास के लिए लगातार आवाज उठाती रहेगी।पार्टी के वरिष्ठ नेता मुन्ना झा ने कहा कि चंपारण में व्यापक भ्रष्टाचार की शिकायतें सामने आती रही हैं। भ्रष्टाचार के खिलाफ पार्टी मजबूती से संघर्ष करेगी और लोगों के अधिकारों की लड़ाई लड़ेगी। पूर्व सरपंच एवं वरिष्ठ नेता हरिनारायण तिवारी ने कहा कि चंपारण औद्योगिक विकास प्राधिकरण के गठन से क्षेत्र में उद्योग और रोजगार को नई दिशा मिल सकती है। उन्होंने कहा कि पार्टी अध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी के औद्योगिक विकास के सपने को साकार करने के लिए सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर काम करेंगे।

बैठक में महमद कौसर अली, महफूज अरमान खान,चन्द्रदीप पासवान,अरबाज खान,हिमेन्द्र तिवारी, विक्रांत सिंह राठौर, विकास सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकताओं ने जय-जय चंपारण के नारों से कार्यक्रम स्थल को गुंजायमान कर दिया।

# 19 करोड़ युवाओं का शिक्षा और रोजगार से मिली दूरी: अमीन हमजा




**बेगूसराय, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** एक ताजा आंकड़ा के मुताबिक इस देश के 19 करोड़ छात्र व युवा शिक्षा और रोजगार से दूर है। आंकड़े से यह स्पष्ट होता है कि सरकार सिर्फ सत्ता पाने के लिए देश के छात्र और युवाओं के साथ झूठा वादा किया। अब सत्ता में आने के बाद उन छात्र युवाओं के प्रति कोई सकारात्मक मंशा नहीं रहा है।उपर्युक्त बातें मैदा में अपने संगठन एआईएसएफ के गठन के दौरान छात्रों को संबोधित करते हुए एआईएसएफ के राष्ट्रीय सचिव अमीन हमजा ने कही। वहीं, जिलाध्यक्ष अमरेश कुमार ने कहा कि पटना के गर्दनीबाग में छात्र नौजवान लगातार अंशन पर बैठे हैं, लेकिन सरकार इस पर कोई पहल नहीं कर रही है। सरकार की इस छात्र विरोधी कार्यशैली से बिहार के छात्र नौजवान काफी आक्रोशित है और बड़े आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। ज्ञात हो कि ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन लगातार सम्मेलन के दौर में है। इसी कड़ी में 23 अगस्त को बरौनी अंचल के मैदा में अपनी इकाई का गठन किया। इस दौरान बरौनी अंचल अध्यक्ष आजाद खान एवं शाहरुख इकबाल के नेतृत्व में 21 सदस्य कमिटी का गठन किया गया।

# एनएच-27 पर सड़क हादसे में शिक्षक की मौत तीन मासूम बच्चों के सिर से उठा पिता का साया

**सुपौल, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या (एनएच-27) पर शनिवार को हुए सड़क हादसे में राघोपुर निवासी शिक्षक रविंद्र कुमार यादव (35) की मौत हो गई। हादसा मधुबनी जिले के झंझारपुर स्थित अपने विद्यालय से घर लौटने के दौरान हुआ।दुर्घटना में शिक्षक की मौके पर ही जान चली गई। रविंद्र कुमार यादव राघोपुर थाना क्षेत्र के देवीपुर पंचायत स्थित कोरियापट्टी वार्ड-14 के रहने वाले थे। वे झंझारपुर के उच्च माध्यमिक विद्यालय सुशारी तुर्की में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे।शनिवार दोपहर करीब दो बजे विद्यालय से अपने घर के लिए निकले थे। इसी दौरान एनएच-27 पर सड़क हादसे का शिकार हो गए। रविंद्र अपने परिवार के मुख्य सहारा थे। उनके परिवार में पत्नी प्रियंका कुमारी के अलावा दो बेटियां और एक बेटा है। तीनों बच्चे अभी छोटे हैं।

पति की मौत की खबर मिलने के बाद पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है। पिता के असमय चले जाने से बच्चों के सिर से भी सहारा उठ गया है। मृतक के पिता देवाराम यादव देवीपुर पंचायत के वार्ड सदस्य प्रतिनिधि हैं। रविंद्र दो भाइयों में बड़े थे, जबकि छोटे भाई अभी पढ़ाई कर रहे हैं। बेटे की अचानक मौत से माता-पिता सदमे में हैं। शनिवार देर रात रविंद्र का शव गांव पहुंचा तो पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।

ग्रामीणों ने बताया कि रविंद्र मिलनसार स्वभाव के साथ अपने शिक्षकीय दायित्व के प्रति बेहद समर्पित थे। उनके निधन को समाज के लिए भी बड़ी क्षति बताया गया।घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है और मामले की जांच की जा रही है।

# सारण में एक किशोरी का नहर से मिला शव

**सारण, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** जिले से एक अपहरण एवं हत्या की घटना सामने आई है। शादी की नीयत से शनिवार की सुबह अगवा की गई नाबालिग किशोरी का शव 24 घंटे बाद रविवार को उसके घर के समीप नहर से बरामद किया गया। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई। मृतिका की मां ने शाहनेवाजपुर गांव निवासी मंटू राय और उसके साथियों पर आरोप लगाए हैं। मां का आरोप है कि आरोपियों ने किशोरी का अपहरण करने के बाद उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया, फिर पहचान छिपाने की नीयत से उसकी नृशंस हत्या कर दी और शव को नहर में फेंक दिया।

# राधाकृष्ण झूलन महोत्सव को लेकर निकली भव्य कलश शोभायात्रा

**सुपौल, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** नगर पंचायत सिमराही के वार्ड संख्या-04 स्थित श्री राधाकृष्ण ठाकुरबाड़ी में रविवार से छह दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एवं प्रवचन का शुभारंभ हुआ। राधाकृष्ण झूलन महोत्सव के तहत आयोजित धार्मिक कार्यक्रम 23 से 28 अगस्त तक चलेगा। प्रतिदिन शाम 5 बजे से रात 8 बजे तक श्रद्धालु कथा एवं प्रवचन का श्रवण करेंगे।

महोत्सव के प्रथम दिन सुबह ठाकुरबाड़ी परिसर से भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा सार्वजनिक दुर्गा मंदिर गुलाबदास ठाकुरबाड़ी, एनएच-27, सर्वेश्वरनाथ मंदिर होते हुए राघोपुर थाना परिसर स्थित कुएं तक पहुंची। वहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जल भरा गया और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद श्रद्धालु कलश लेकर वापस ठाकुरबाड़ी पहुंचे। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं सिर पर कलश लेकर नंगे पैर शामिल हुईं। श्रद्धालु भगवा वस्त्र और धार्मिक ध्वज लेकर चल रहे थे। करीब डेढ़ किलोमीटर लंबी यात्रा के दौरान जय श्रीकृष्ण और हरिनाम संकीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। तेज धूप के बावजूद श्रद्धालुओं में उत्साह और आस्था देखने को मिली आयोजन समिति के अनुसार, कलश शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। छह दिनों तक चलने वाली श्रीमद्भागवत कथा एवं प्रवचन अयोध्या धाम के प्रसिद्ध कथावाचक पंडित पंकज मोहन शास्त्री करेंगे। कथा के दौरान वे भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं के साथ भक्ति, धर्म और मानव जीवन के आदर्श मूल्यों पर विस्तार से प्रकाश डालेंगे। धार्मिक आयोजन को सफल बनाने में श्री राधाकृष्ण ठाकुरबाड़ी परिवार, श्री श्री 108 दुर्गा पूजा समिति और नगर पंचायत सिमराही के श्रद्धालु जुटे हुए हैं।

आयोजन समिति ने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कथा श्रवण करने और धर्म लाभ लेने की अपील की है। राधाकृष्ण झूलन महोत्सव को लेकर सिमराही बाजार सहित आसपास के गांवों में उत्साह का माहौल है। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उमंग है और धार्मिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।

## नंबर प्लेट बदलकर बाइक चलाने वाले दो युवक गिरफ्तार

**बंजरिया, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** बंजरिया थाना पुलिस ने वाहन जांच के दौरान नंबर प्लेट बदलकर मोटरसाइकिल चलाने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। कार्रवाई थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह के नेतृत्व में की गई। जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम थाना क्षेत्र में नियमित वाहन जांच कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने एक मोटरसाइकिल को रोककर चालक से वाहन के आवश्यक कागजात की मांग की। कागजातों की जांच के दौरान मोटरसाइकिल पर लगे नंबर प्लेट को लेकर पुलिस को संदेह हुआ।

# राष्ट्रप्रेम की भावना विकसित करने का सशक्त माध्यम स्काउटिंग एवं गाइडिंग: मिथिलेश




**गढ़हरा, बेगूसराय, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय गढ़हरा में 21 से 23 अगस्त तक होने वाले तृतीय सोपान परीक्षण शिविर-2026 के दूसरे दिन शनिवार को ग्रैंड कैंप फायर समारोह का भव्य आयोजन उत्साह, अनुशासन, सांस्कृतिक विविधता एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि मिथिलेश कुमार मिश्र, आईएएस, सामान्य प्रशासन विभाग, सचिवालय, पटना तथा विशिष्ट अतिथि दीपक कुमार, सीनियर डीईईटीआरएस, बरौनी एवं विद्यालय प्रबंध समिति के नामित अध्यक्ष थे। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि के विद्यालय आगमन पर कलर पार्टी एवं बुलबुल द्वारा अत्यंत शानदार एवं अनुशासित ढंग से स्वागत किया गया। कलर पार्टी में जिया कुमारी, महिमा कुमारी, आर्यन कुमार, माधव कुमार, प्रशांत कुमार सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्रैंड कैंप फायर प्रज्वलन की पारंपरिक प्रक्रिया से हुआ। चारों दिशाओं से संदेशवाहकों ने निर्धारित विधि के अनुरूप शिविर स्थल पर प्रवेश किया और मुख्य अतिथि मिथिलेश कुमार मिश्र, विशिष्ट अतिथि दीपक कुमार सहित अन्य गणमान्य अतिथियों एवं पदाधिकारियों ने सामूहिक रूप से कैंप फायर प्रज्ज्वलित किया। अग्नि प्रज्वलन के साथ ही पूरे शिविर परिसर में उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ। चारों दिशाओं से संदेशवाहकों का आगमन, एकता, समन्वय एवं सेवाभाव का प्रतीक बना, जबकि प्रज्वलित अग्नि ने स्काउटिंग एवं गाइडिंग की ऊर्जा, साहस, अनुशासन और निरंतर आगे बढ़ने की भावना को अभिव्यक्त किया। इसके पश्चात स्वागत गीत एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू हुआ, जिसने आयोजन में चार चांद लगा दिया। शिविर में विभिन्न विद्यालयों से आए 200 गाइड्स, 51 स्काउट्स एवं 6 शिविर नायक भाग ले रहे हैं। शिविर में ऑफिशियल्स एवं सहयोगी पदाधिकारियों ने भी आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।कार्यक्रम के दौरान नंदकिशोर पंडित, इंजीनियर संजय कुमार, जीवानंद शंकर, एएसओईसी, रेलवे सोनपुर, संजीव कुमार, अंशु सिन्हा, ज्ञानशेखर ठाकुर एवं नुसरत बानो को मनीष कुमार, कब मास्टर द्वारा स्कार्फ पहनाकर गाइड मूवमेंट में औपचारिक रूप से शामिल किया गया।

# तीन दिवसीय मोबाइल पासपोर्ट कैंप शुरू, 165 अतिरिक्त स्लॉट से आवेदकों को राहत

**सीवान, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** पासपोर्ट बनवाने के लिए पटना जाने वाले जिले के नागरिकों को अब राहत मिलेगी। क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय (आरपीओ) पटना और सीवान जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में रविवार से सीवान सदर प्रखंड कार्यालय परिसर में तीन दिवसीय मोबाइल पासपोर्ट कैंप शुरू हुआ। 23, 24 और 25 अगस्त तक चलने वाले इस विशेष कैंप का उद्घाटन जिलाधिकारी विजय प्रकाश मीणा ने किया।

मोबाइल पासपोर्ट वैन तीनों दिन सदर प्रखंड कार्यालय परिसर में रहेगी, जहां पहले से स्लॉट बुक करा चुके आवेदकों के दस्तावेजों का भौतिक सत्यापन किया जाएगा। कैंप के तहत प्रतिदिन 55 आवेदकों के दस्तावेज सत्यापन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस प्रकार तीन दिनों में कुल 165 अतिरिक्त स्लॉट उपलब्ध कराए गए हैं। अतिरिक्त स्लॉट मिलने से पासपोर्ट बनवाने के लिए लंबे समय से इंतजार कर रहे आवेदकों को काफी राहत मिलने की उम्मीद है। अब तक जिले के नागरिकों को डाकघर स्थित पासपोर्ट सेवा केंद्र पर निर्भर रहना पड़ता था। सीमित स्लॉट के कारण कई आवेदकों को लंबी प्रतीक्षा करनी पड़ती थी।

मोबाइल कैंप के माध्यम से स्थानीय स्तर पर ही दस्तावेज सत्यापन की सुविधा उपलब्ध होने से लोगों को क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय पटना के चक्कर लगाने से भी राहत मिलेगी।इससे आवेदकों के समय और संसाधन दोनों की बचत होगी।

# दिनकर विश्वविद्यालय की स्थापना की दिशा में ऐतिहासिक कदम: गिरिराज सिंह



**बेगूसराय, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की जन्मभूमि एवं कर्मभूमि बेगूसराय में उनकी स्मृति को चिरस्थायी स्वरूप प्रदान करने तथा क्षेत्र में उच्च शिक्षा के विस्तार की दिशा में दिनकर विश्वविद्यालय की स्थापना का स्वप्न अब साकार होने की दिशा में निर्णायक रूप से अग्रसर है। स्थानीय स्तर पर लंबे समय से की जा रही मांग, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के निरंतर प्रयासों तथा बिहार सरकार के सकारात्मक संकल्प के परिणामस्वरूप जिला प्रशासन ने विश्वविद्यालय के स्थायी परिसर के लिए 15 एकड़ भूमि चिह्नित कर उच्च शिक्षा विभाग, बिहार सरकार को औपचारिक प्रतिवेदन भेज दिया है। निवर्तमान समाहर्त्ता श्रीकांत शास्त्री के द्वारा सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, बिहार सरकार को प्रेषित पत्रांक 1854/रा०, दिनांक 19.08.2026 के माध्यम से भूमि संबंधी प्रतिवेदन भेजा गया है।

अंचल अधिकारी, बरौनी के पत्रांक 3202, दिनांक 17.08.2026 के अनुसार प्रस्तावित भूमि मौजा-मल्हीपुर, थाना संख्या-503, खाता संख्या-261, खेसरा संख्या-890 में स्थित है। इसका रकवा 15.00 एकड़ है। भूमि की प्रकृति गैर-मजरूआ खास, बिहार सरकार की भूमि है। दिनकर विश्वविद्यालय की स्थापना को लेकर वर्तमान प्रगति के पीछे केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह की दृढ़ इच्छाशक्ति, सतत पहल और अदम्य लगन अत्यंत महत्वपूर्ण रही है।

19 जुलाई को बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के बेगूसराय आगमन पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने उनसे मुखर निवेदन पश्चात कई मौकों पर उनसे व्यक्तिगत रूप से भेंटकर बेगूसराय में राष्ट्रकवि दिनकर की स्मृति में विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग को अत्यंत मुखरता एवं स्पष्टता के साथ उनके समक्ष रखा था। मुख्यमंत्री ने इस मांग पर तत्काल सकारात्मक सहमति व्यक्त करते हुए आवश्यक कार्रवाई के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की थी। उसके उपरांत केंद्रीय मंत्री द्वारा इस विषय को निरंतर आगे बढ़ाया गया। संबंधित विभागों एवं प्रशासनिक स्तर पर लगातार समन्वय और पहल का ही परिणाम है कि आज विश्वविद्यालय के स्थायी परिसर के लिए भूमि चिह्नित होने तथा उच्च शिक्षा विभाग को विधिवत प्रतिवेदन भेजे जाने जैसी महत्वपूर्ण प्रशासनिक उपलब्धि प्राप्त हुई है। यह केवल भूमि चिह्नित किए जाने की प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि बेगूसराय की नई शैक्षणिक पहचान के निर्माण की आधारशिला है।

# अवैध बैरियर वसूली के खिलाफ वाहन चालकों ने किया विरोध

**बेगूसराय , 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** बरौनी और तेघरा क्षेत्र में ई-रिक्शा, ऑटो रिक्शा एवं छोटे वाहनों से बैरियर के नाम पर प्रतिदिन कथित तौर पर 300 रुपए की वसूली के खिलाफ ऑल वाहन चालक संघ ने विरोध जताया है। सीटू से संबद्ध ऑल वाहन चालक संघ की बरौनी-तेघरा इकाई के तत्वावधान में आरकेसी उच्च विद्यालय परिसर के बाहर प्रतिवाद सभा आयोजित की गई।सभा को संबोधित करते हुए सीटू के बेगूसराय जिला महासचिव एवं जिला पार्षद अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि महंगाई और बेरोजगारी के कारण बड़ी संख्या में लोग ई-रिक्शा और ऑटो चलाकर स्वरोजगार कर रहे हैं। ऐसे में बैरियर के नाम पर वाहन चालकों से राशि की वसूली उनकी मेहनत की कमाई पर अतिरिक्त बोझ है। उन्होंने कहा कि वाहन चालकों को इस कथित लूट से बचाने के लिए एकजुट होकर संगठित आंदोलन करना होगा। ऑल वाहन चालक संघ के नेता मुकेश कुमार झा ने कहा कि वाहन चालक न्याय, कानून और संविधान में विश्वास रखने वाले शांतिप्रिय लोग हैं।उन्होंने कथित अवैध बैरियर वसूली बंद नहीं होने पर आंदोलन को और तेज करने की बात कही।

# चोरी की 28 बाइक बरामद, कार्रवाई में शामिल आठ पुलिसकर्मियों को मिलेगा पुरस्कार

**मोतिहारी, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** संगठित वाहन चोर गिरोह के खिलाफ चिरैया और शिकारगंज थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस टीम ने अभियान चलाकर चोरी की 28 मोटरसाइकिलें बरामद करने के साथ ही 12 बदमाशों को गिरफ्तार किया था।इस कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले आठ पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को अब एक-एक सुसेवांक (वेतनवृद्धि) से पुरस्कृत किया जाएगा। इस संबंध में अपर पुलिस महानिदेशक (विधि-व्यवस्था), बिहार, पटना की ओर से पुलिस अधीक्षक, पूर्वी चंपारण को पत्र भेजा गया है। पत्र में चिरैया थाना कांड संख्या 428/26 एवं शिकारगंज थाना कांड संख्या 150/26 में पुलिस टीम द्वारा की गई त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई का उल्लेख किया गया है। वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा संगठित वाहन चोर गिरोह का पदार्फाश करने के लिए पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान की उच्चाधिकारियों ने सराहना की है।

पुलिस की कार्रवाई के दौरान अलग-अलग स्थानों से चोरी की मोटरसाइकिलों की बरामदगी की गई थी। जांच और पूछताछ के आधार पर वाहन चोरी से जुड़े गिरोह के सदस्यों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। कार्रवाई के बाद पुलिस ने बरामद वाहनों के संबंध में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की तथा गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की गतिविधियों की भी जानकारी जुटाई। आठ पुलिसकर्मियों के कार्य की सराहना इस अभियान में चिरैया के पर्यवेक्षी पदाधिकारी मो. सलाउद्दीन, थानाध्यक्ष अम्बेश कुमार, शिकारगंज थानाध्यक्ष गोपाल कुमार, चिरैया के अपर थानाध्यक्ष मधुकर कुमार, जिला आसूचना इकाई के नीतीश कुमार, चिरैया के सअनि धर्मेंद्र कुमार तथा शिकारगंज के सअनि नरेश कुमार राय की भूमिका रही। एडीजी विधि-व्यवस्था ने इन पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों के कार्य की सराहना करते हुए कहा है कि इस तरह की त्वरित और प्रभावी कार्रवाई से अपराध नियंत्रण में पुलिस की कार्यक्षमता सामने आती है। पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ाने के उद्देश्य से सभी को एक-एक सुसेवांक से पुरस्कृत करने की अनुशंसा की गई है। पुरस्कार देने की कार्रवाई का निर्देश एडीजी की ओर से भेजे गए पत्र में पुलिस अधीक्षक, पूर्वी चंपारण को संबंधित पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को पुरस्कार देने की कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। विभागीय स्तर पर इस कार्रवाई के बाद पुलिसकर्मियों को वेतनवृद्धि का लाभ मिलेगा। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, वाहन चोरी के मामलों में गिरोह का पता लगाने और चोरी की गई मोटरसाइकिलों की बरामदगी के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

# पिपरा में संत रविदास जयंती पर निकली कलश यात्रा, सामाजिक समरसता का दिया संदेश




**सुपौल, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** जिले के पिपरा प्रखंड कार्यालय परिसर में रविवार को श्री गुरु संत रविदास जी की 650वीं जयंती के अवसर पर कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेंद्र पंडित एवं प्रखंड कल्याण पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से किया। कलश यात्रा प्रखंड मुख्यालय परिसर से शुरू होकर एनएच-106 के रास्ते गुजरते हुए पुनः प्रखंड परिसर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान संत रविदास जी के विचारों, सामाजिक समानता, भाईचारे और समरसता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया गया।यात्रा में बीडीओ अमरेंद्र पंडित, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी, कर्मी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। इस अवसर पर बीडीओ ने कहा कि संत रविदास जी के विचार आज भी समाज को एकता, भाईचारे और समानता की राह दिखाते हैं।

उनके संदेश को आत्मसात कर सामाजिक एकता को और मजबूत किया जा सकता है। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी ने भी संत रविदास जी के बताए मार्ग पर चलने तथा समाज में समानता और सद्भाव की भावना को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।बताया गया कि संत रविदास जी की 650वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कलश यात्रा के बाद आगामी 27 अगस्त से प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न टोलों में शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों के माध्यम से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति परिवारों के पात्र लाभुकों को 23 योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जाएगा। अधिकारियों ने लोगों से शिविरों में पहुंचकर योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

# रौनियार महासभा का हुआ सफल आयोजन

**सुपौल, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** जिला के तत्वावधान में रविवार को कौशल्या बैंक्विट हॉल, सुपौल में महासभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से रौनियार समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। महासभा का मुख्य उद्देश्य समाज को संगठित करना, आपसी एकजुटता को मजबूत करना तथा सामाजिक एवं शैक्षणिक विकास की दिशा में सामूहिक प्रयास को आगे बढ़ाना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार प्रदेश उपाध्यक्ष बजरंगी गुप्ता, युवा प्रदेश संगठन मंत्री रवि गुप्ता, प्रमंडल अध्यक्ष विजय गुप्ता तथा जिला अध्यक्ष सहरसा विजय गुप्ता उपस्थित रहे। अतिथियों का उपस्थित सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरे राम गुप्ता ने की।महासभा के दौरान रौनियार समाज की एकजुटता, संगठन के विस्तार और समाज के हित में किए जाने वाले कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि किसी भी समाज की मजबूती उसके संगठन और आपसी सहयोग पर निर्भर करती है। इसलिए समाज के सभी लोगों को एक मंच पर आकर सामाजिक विकास के लिए मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है।बैठक में विशेष रूप से युवाओं की भूमिका पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि युवा समाज की शक्ति हैं और उन्हें संगठन से जोड़कर शिक्षा, रोजगार, सामाजिक जागरूकता तथा समाज सुधार से जुड़े कार्यों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। समाज के जरूरतमंद लोगों की सहायता और प्रतिभावान विद्यार्थियों को प्रोत्साहन देने जैसे विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया।महासभा में संगठन को जिला स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से नई जिला कमेटी के गठन की घोषणा की गई।

सर्वसम्मति से गणेश कुमार गुप्ता को अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा, सुपौल जिला का जिला अध्यक्ष बनाया गया। वहीं अभय कुमार को कोषाध्यक्ष तथा शिव शंकर गुप्ता को जिला महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। नई कमेटी के गठन के बाद उपस्थित समाज के लोगों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में सुपौल जिले में संगठन को नई मजबूती मिलेगी। सदस्यों ने कहा कि संगठन का विस्तार प्रखंड और पंचायत स्तर तक किया जाएगा, ताकि समाज के अधिक से अधिक लोगों को एकजुट कर संगठन से जोड़ा जा सके।

## अदालती नोटिस

**न्यायालय श्रीमान अपर आयुक्त प्रशासन महोदय मण्डल कानपुर जनपद कानपुर नगर।, अपील संख्या–559 सन 2026, ता0 पेशी–14/09/2026**

***राम गोपाल बनाम जय गोपाल आदि***

राम गोपाल पुत्र स्व० श्रीराम निवासी ग्राम–चकरतनपुर परगना व तहसील व जिला–कानपुर नगर। हाल मुकाम–हरी धाम लवकुशनगर बिठूर जिला कानपुर नगर। –प्रार्थी/अपीलकर्ता

बनाम

31–ज्ञानेन्द्र सिंह पुत्र स्व० राजेन्द्र बहादुर सिंह निवासी बी–7 विवेकानन्द पार्क पाटली पुत्र कालोनी पटना बिहार। –विपक्षी/रेसपाण्डेन्ट

आपके सभी के नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख–**14/09/2026** को प्रातः 10.00 बजे स्वयं उपस्थित होकर अपनी आपत्ति अगर कोई हो तो प्रेषित करें आपकी अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एक पक्षीय आदेश पारित होगा। यह आज दिनांक–**11/08/2026** को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर लगाकर जारी।

**आज्ञा से, न्यायालय श्रीमान अपर आयुक्त प्रशासन महोदय मण्डल कानपुर जनपद कानपुर नगर।**

# डेहरी के रुद्रपुरा मॉडल कुष्ठ अस्पताल का डीएम ने किया निरीक्षण

**सासाराम, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** जिला पदाधिकारी, रोहतास दीपक कुमार मिश्रा द्वारा डेहरी प्रखंड के रुद्रपुरा स्थित मॉडल कुष्ठ अस्पताल का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने अस्पताल के विभिन्न हिस्सों का जायजा लिया तथा वहां उपलब्ध स्वास्थ्य एवं बुनियादी सुविधाओं की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल में इलाजरत मरीजों से सीधे बातचीत कर उनके स्वास्थ्य, उपचार की व्यवस्था तथा अस्पताल में मिल रही सुविधाओं के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। मरीजों ने अस्पताल में मिल रही सुविधाओं एवं उपचार से संबंधित जानकारी जिला पदाधिकारी के साथ साझा की।

मॉडल कुष्ठ अस्पताल में आने वाले मरीजों को निःशुल्क भोजन-पानी एवं रहने की समुचित व्यवस्था उपलब्ध कराई जाती है। इसके साथ ही यहां मरीजों का इलाज भी निःशुल्क किया जाता है। इलाज के दौरान मरीजों को आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता भी संबंधित फाउंडेशन के माध्यम से सुनिश्चित की जाती है, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को उपचार के दौरान किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।जिला पदाधिकारी ने मरीजों से बातचीत के दौरान इन सुविधाओं की जानकारी ली तथा अस्पताल प्रबंधन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। अस्पताल संचालक द्वारा जिला पदाधिकारी को अस्पताल परिसर की वर्तमान स्थिति से अवगत कराया



गया। बताया कि अस्पताल परिसर में कुछ स्थानों पर झाड़ियां उग आई हैं, जिनकी साफ-सफाई कराया जाना आवश्यक है। साथ ही चहारदीवारी के कुछ हिस्सों में मरम्मत की आवश्यकता की जानकारी भी दी गई। इस पर जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों को अस्पताल परिसर में उगी झाड़ियों एवं अनावश्यक वनस्पतियों की साफ-सफाई कराने तथा चहारदीवारी की आवश्यक मरम्मत कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि अस्पताल परिसर को स्वच्छ, व्यवस्थित एवं सुरक्षित रखा जाए, ताकि मरीजों एवं अस्पताल में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।जिला पदाधिकारी ने अस्पताल प्रबंधन को मरीजों की आवश्यकताओं के प्रति संवेदनशील रहते हुए कार्य करने तथा अस्पताल की व्यवस्थाओं में लगातार सुधार सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को अस्पताल की मूलभूत आवश्यकताओं एवं मरम्मत से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने का निर्देश दिया।

## टेंपो और बोलेरो में भीषण टक्कर,सीआरपीएफ जवान की मौत

**सासाराम।** रोहतास जिले के तिलौथू थाना क्षेत्र अंतर्गत निमियाडीह गांव के समीप शनिवार की दोपहर सड़क दुर्घटना में एक सीआरपीएफ जवान की दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे में सीआरपीएफ जवान की पत्नी समेत टेंपो सवार छः अन्य लोग भी घायल हैं, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक की पहचान काराकाट थाना क्षेत्र के मुंजी डिहरा गांव निवासी भिखारी ठाकुर के लगभग 40 वर्षीय पुत्र कंचन ठाकुर के रूप में हुई है। बताया जाता है कि छुट्टी पर घर आए सीआरपीएफ जवान शनिवार की सुबह अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ तिलौथू स्थित मां तुतला भवानी धाम में दर्शन पूजन के लिए गए थे। यहां दर्शन पूजन के बाद दोपहर में वे अपने परिवार के साथ लौट रहे थे, तभी हादसे का शिकार हो गए। इस दुर्घटना में जवान की पत्नी समेत 6 वर्षीय एक पुत्र और चार वर्षीय एक पुत्री व अन्य घायल हैं, जिनका फिलहाल इलाज चल रहा है।हादसे के संदर्भ में बताया जाता है कि तिलौथू से सासाराम की तरफ आ रही टेंपो निमियाडीह गांव के टेढ़का मोड़ के समीप विपरीत दिशा से आ रही एक अनियंत्रित बोलेरो से बुरी तरह टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि टेंपो हवा में उछलने के बाद सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई और घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई।

## पनियारी धाम में कांग्रेस ने स्वास्थ शिविर का किया आयोजन



**सासाराम, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** रोहतास जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वधान में शिवसागर प्रखंड के पनियारी धाम (पनारी ) में कांग्रेस पार्टी के द्वारा स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया स्वास्थ शिविर में मधुमेह बीपी एनीमिया दर्द बुखार खांसी का दवा एवं जाँच किया गया इस स्वास्थ शिविर के आयोजक जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जयप्रकाश पांडे ने किया और उदघाटन सासाराम के लोकप्रिय सांसद श्री मनोज कुमार ने किया सांसद श्री मनोज कुमार ने कहा की आज इस स्वास्थ शिविर में बाबा के भक्तों एवं आस पास के ग्रामीण जिस तरीके से अपना इलाज करा रहे हैं इससे साफ पता चल रहा है की लोग सुविधा के अभाव में किस तरह परेशानी झेल रहे है सांसद ने कहा की मैं इस पूरे गुप्तेश्वर नाथ धाम के विकास के लिए सरकार के साथ लडूगा और मैने इस क्षेत्र के विकास के लिए मैने सदन में आवाज उठाया है हर संभव इस क्षेत्र के विकास के लिए प्रयास करूंगा साथ ही कांग्रेस के जिला अध्यक्ष जय प्रकाश पाण्डेय ने कहा की जिला कांग्रेस के तरफ से छोटा सा प्रयास है बाबा गुप्तेश्वर नाथ के भक्तों का मदद करने का है और आगे भी ये सिलसिला जारी रहेगा निश्चित तौर पर यहां लाखों के संख्या में श्रद्धालु आते हैं लेकिन पेयजल धर्मशाला स्वास्थ शौचालय जैसे समस्या से कांवरिया जूझ रहे हैं हम लोग सरकार से मांग करते हैं की इस पावन स्थल पर ध्यान दे जिले के सुप्रसिद्ध डॉक्टर प्रवीण सिन्हा जिला सचिव सह प्रवक्ता एवं डॉ कृष्ण नन्द दुबे के देखरेख में यह स्वस्थ शिविर लगाया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप उपस्थित यमुना शुक्ला मनीष चौबे रिंकू देवी बिंद लल्लू दुबे जोखन बिंद मुन्ना पासवान सुरेंद्र दुबे राजा अहमद सुखदेव राम चंद्रमा पांडे शत्रुघ्न पासवान तेजपती राम अभिमन्यु सिंह सुनील तिवारी महेंद्र पांडे अशोक राम विनोद चौबे मदन चौबे सरोज बिंद काशी केशरी सुनील सिंह यादव विजय पासवान छोटेलाल राम जयप्रकाश राम सुदामा यादव रविंद्र पाठक बिहारी राम अमित यादव मंटू यादव इम्तियाज अंसारी सहित दर्जनों कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल हुए।

## चोरी के वाहन के साथ प्राथमिकी अभियुक्त गिरफ्तार

**बिक्रमगंज/रोहतास, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** बिक्रमगंज थाना पुलिस ने वाहन चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी अभियुक्त सचिन कुमार तिवारी को चोरी के वाहन के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त काराकाट थाना क्षेत्र के मानिकपरासी गांव निवासी अजय किशोर तिवारी का पुत्र बताया गया है।पुलिस के अनुसार, बिक्रमगंज थाना कांड संख्या 543/26, दिनांक 22 अगस्त 2026, में दर्ज धारा के तहत अभियुक्त सचिन कुमार तिवारी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी के दौरान उसके पास से चोरी का वाहन बरामद किया गया।वहीं, पुलिस ने बिक्रमगंज थाना कांड संख्या 530/26 में चोरी गई पैशन प्रो मोटरसाइकिल को भी बरामद कर लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई को वाहन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।गिरफ्तार अभियुक्त से आवश्यक पूछताछ के बाद पुलिस द्वारा मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## मोदी सरकार के फासीवादी नीतियों के खिलाफ भाकपा-माले ने किया कार्यकर्ता कन्वेंशन

**बिक्रमगंज, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।**भाकपा-माले, प्रखंड कमिटी के नेतृत्व में कार्यकर्ता कन्वेंशन किया गया.कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए पार्टी के जिला सचिव कामरेड जवाहरलाल सिंह ने कहा कि - मोदी सरकार के फासीवादी नीतियों के खिलाफ किसान, मजदूर,महिलाएं,छात्र-युवा व समाज के सभी के उत्पीड़ित समुदाय अपनी-अपनी मांगों के सवाल पर आंदोलनरत हैं.बेरोजगारी,महंगाई चरम पर है और मोदी सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है.संविधान व लोकतंत्र को समाप्त किया जा रहा है.देश विस्फोट के मुहाने पर खड़ा है.देश का निजाम मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले के प्राचिर से कहा कि देश को दिमागी नक्सल से खतरा है. दिमागी नक्सल से मुक्त करना होगा.देश में चल रहे छात्र-युवाओं के आंदोलन को बदनाम करने और उसके बाद दमन अभियान चलाने की योजना है.मोदी सरकार की कॉरपोरेट परस्त व फासीवादी नीतियों के खिलाफ उठने वाले हर आवाज को कभी अर्बन नक्सल, टुकड़े-टुकड़े गैंग, खालिस्तानी,उपद्रवी का ठप्पा लगा देते है.और उसके बाद दमन चलाते है.यह डरा हुआ निजाम है.बिहार सरकार के संरक्षण में दलितों, महिलाओं,अतिपिछड़ों पर सामंती ताकतों का हमला बढ़ा है.दिनारा थाना के मिल्की मनिहारी में चन्द्रेश्वर चौधरी को मजदूरी मांगने पर गोली मार देने,जहानाबाद में पासवान जाती की महिलाओं का सामंती ताकतों द्वारा बुरी तरह पिटाई कर पैर तोड़ देने की घटना के रूप में सामने आई है।बिहार सरकार ने 551 विद्यालयों का भगवा रंग से रंग रोगन कर उसका नाम बदल कर ₹सरस्वती विद्या निकेतन₹ कर दिया है.सरकारी विद्यालयों का भगवा कारण किया जा रहा है.सरकारी स्कूल किसी दल या विचारधारा की जागीर नहीं है.वे संविधान,समानता और धर्मनिरपेक्षता मूल्यों पर चलते हैं.सरकारी संपत्ति को एक विशेष रंग में रंगना और उसका बदलना न सिर्फ सरकारी खजाने का दुरुपयोग है.बल्कि यह बिहार के गरीब, दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक बच्चों की शिक्षा पर वैचारिक कब्जा करने की कोशिश है. शिक्षा का काम वैज्ञानिक सोच पैदा करना है,भगवा प्रचार करना नहीं।

## विवाहिता को जहरीले सांप ने डंसा, इलाज के दौरान मौत

**काराकाट/रोहतास, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** थाना क्षेत्र के मोथा गांव में शनिवार की देर रात जहरीले सांप के काटने से 27 वर्षीय विवाहिता सोनी देवी की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। मृतका की मौत से पांच वर्षीय बच्ची के सिर से मां का साया उठ गया, जिससे परिजनों के साथ ग्रामीण भी गमगीन हैं।जानकारी के अनुसार, सोनी देवी रात करीब दो बजे घर में सोई हुई थी। इसी दौरान जहरीले सांप ने उसे डंस लिया। सर्पदंश की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उसे कंजिया ठाकुरबाड़ी ले गए, जहां झाड़-फूंक कराई गई। हालत बिगड़ती देख मंदिर के पुजारी प्रताप सागर ने परिजनों को तत्काल अस्पताल ले जाने की सलाह दी।इसके बाद परिजन सोनी देवी को प्रताप सागर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों की सलाह पर उसका इलाज शुरू किया गया। करीब तीन घंटे तक इलाज चलने के बाद चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद परिजन शव को वापस गांव लेकर आए।बताया जाता है कि मृतका के पति त्रिभुवन साह पंजाब में ठेका मजदूरी करते हैं। पत्नी की मौत की सूचना मिलने पर उन्होंने परिजनों से कहा कि उनके गांव पहुंचने के बाद ही अंतिम प्रक्रिया की जाएगी। पति के आने तक शव को घर पर ही रखा गया है।परिजनों के अनुसार, घटना की सूचना अभी पुलिस को नहीं दी गई है और पति के आने का इंतजार किया जा रहा है। मृतका की पांच वर्षीय बच्ची है। मां की मौत के बाद बच्ची के लालन-पालन को लेकर परिजन और ग्रामीण चिंतित हैं।

## जनता दरबार में एसपी ने सुनी फरियाद, शिकायतों के त्वरित निस्तारण का दिये निर्देश



**डेहरी-ऑन-सोन/रोहतास, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान और पुलिस से संबंधित शिकायतों के निस्तारण को लेकर रोहतास पुलिस लगातार सक्रिय है। इसी क्रम में रविवार, 23 अगस्त 2026 को पुलिस अधीक्षक, रोहतास द्वारा जनता दरबार आयोजित कर आम लोगों की शिकायतें सुनी गईं।जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे परिवादियों ने अपनी समस्याएं एवं शिकायतें पुलिस अधीक्षक के समक्ष रखीं। एसपी ने प्रत्येक मामले को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित पदाधिकारियों को शिकायतों की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने तथा मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की शिकायतों के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। पुलिस प्रशासन का उद्देश्य आम लोगों को त्वरित न्याय और बेहतर पुलिसिंग उपलब्ध कराना है।

## 25 अगस्त को सातो परसियां से निकलेगी विशाल तीर्थ यात्रा

**काराकाट, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** प्रखंड क्षेत्र के मानीक परासी पंचायत अंतर्गत धर्मागत परासी एवं गोरख परासी समेत सातो परसियां के श्रद्धालुओं के लिए 25 अगस्त 2026, मंगलवार को विशाल तीर्थ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। यात्रा की शुरूआत सुबह सात बजे से होगी।पंचायत समिति सदस्य सत्येंद्र कुमार मिश्रा (इउ्ळ), पंचायत मानीक परासी के सौजन्य से आयोजित इस तीर्थ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को ताराचंडी धाम, पायलट बाबा धाम एवं मां मुंडेश्वरी मंदिर के दर्शन कराए जाएंगे। यात्रा में श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क सेवा की व्यवस्था की गई है।आयोजकों ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से निर्धारित समय पर पहुंचकर तीर्थ यात्रा में शामिल होने की अपील की है। धार्मिक यात्रा को लेकर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है।आयोजकों के अनुसार तीर्थ यात्रा का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालुओं को प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन का अवसर उपलब्ध कराना है।

## संक्षिप्त समाचार

### विभिन्न मांगों को लेकर एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**सासाराम, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** सासाराम स्थित जिला अतिथि गृह में एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मांगों को लेकर विधायक स्नेहलता कुशवाहा को ज्ञापन सौंपा .इस संबंध में एबीवीपी के नगर मंत्री अनीश सिंह ने बताया कि एबीवीपी का शिष्टमंडल विधायक स्नेहलता कुशवाहा से मिलकर नेहरू पार्क को विद्यार्थियों के लिए निः शुल्क सेवा उपलब्ध कराने, एसपी जैन कॉलेज रोड में जल जमाव की स्थिति से निपटने तथा सासाराम के कॉलेजों में पीजी की पढ़ाई अविलंब शुरू करवाने, एमकॉम की पढ़ाई शुरू करवाने, सासाराम के एसपी जैन कॉलेज समेत अन्य कॉलेजों में बंद पड़े छात्रावास को खुलवाने समेत तमाम मांगों को लेकर विधायक को ज्ञापन सौंपा गया है वहीं विधायक से गौरक्षणी स्थित कोचिंग संस्थान वाले सड़क का निर्माण व पानी की निकासी को लेकर भी इस समस्या के निराकरण की बात की गई है। इन्होंने बताया कि विधायक ने इन सभी समस्याओं से जल्द निपटने का आश्वासन दिया है वहीं विधायक ने यह भी कहा है कि जो सासाराम के एसपी जैन कॉलेज व अन्य कॉलेजों में छात्रावास को कई वर्षों से बंद कर दिया गया है. इस संबंध में शिक्षा मंत्री से बात कर अविलंब छात्रावास को खुलवाया जाएगा तथा सासाराम में पीजी की पढ़ाई अन्य कॉलेजों में हो इसके लिए भी बहुत जल्द पहल की जाएगी.

### श्रावण का अंतिम दिन आज,ऐतिहासिक गुप्ताधाम में श्रद्धालुओं की होगी हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा

**सासाराम, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** श्रावणी मेला-2026 की अंतिम सोमवारी पर 24 अगस्त को ऐतिहासिक गुप्ताधाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए जिला पदाधिकारी, रोहतास ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। श्रद्धालुओं के स्वागत एवं अभिनंदन के लिए प्रस्तावित हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा को लेकर क्षेत्र में विशेष सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं।हेलीकॉप्टर से पुष्पवर्षा के दौरान किसी भी प्रकार की बाधा अथवा सुरक्षा संबंधी समस्या उत्पन्न न हो, इसके लिए करमचट डैम और गुप्ताधाम क्षेत्र में ड्रोन के उड़ान पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाते हुए इसे नो-फ्लाइंग जोन घोषित किया गया है। पुष्पवर्षा के दौरान निजी या अन्य किसी भी ड्रोन को उड़ाने की अनुमति नहीं होगी। साथ ही संबंधित क्षेत्र को सुरक्षित रखने के लिए सुरक्षा बलों एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों की तैनाती की जाएगी।प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार का ड्रोन उड़ाने का प्रयास न करें तथा सुरक्षा कर्मियों द्वारा दिए जा रहे निर्देशों का पालन करें।

### जमीन विवाद में दो पक्ष आमने-सामने, खुलेआम हथियार लहराते वीडियो वायरल, दो गिरफ्तार

**सासाराम, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** रोहतास जिले में जमीन विवाद को लेकर दिन दहाड़े हथियार लहराने का कई वीडियो विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तेजी से वायरल हो रहा है। चूंकि वायरल वीडियो की पुष्टि हम नहीं करते, लेकिन उक्त वीडियो रविवार की सुबह का बताया जाता है। वायरल वीडियो में कई पुरुष एवं महिलाएं हथियार व लाठी डंडे लहराते साफ तौर पर देखे जा सकते हैं। दरअसल मामला सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बडकी मोरवा गांव की है। बताया जाता है कि रविवार की सुबह जमीन विवाद में अचानक गांव के हीं दो पक्ष आमने-सामने आ गए। शुरूआत में दोनों ओर से पहले जमकर गाली गलौज और तू-तू-मैं-मैं हुई, इसके बाद लोगों ने लाठी डंडे उठा लिए, जिससे गांव का पूरा माहौल तनावपूर्ण हो गया।इतना हीं नहीं इस दौरान दोनों पक्षों में विवाद इतना ज्यादा बढ़ गया कि एक पक्ष के कई लोगों ने हथियार लहराना शुरू कर दिया और दूसरे पक्ष को जान से मारने की धमकी देने लगे। हालांकि इस दौरान फायरिंग और कोई अन्य अप्रिय घटना नहीं घटी, लेकिन अब इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो जिले के विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो रहा है। वहीं घटना की सूचना मिलते हीं मौके पर पहुंची सासाराम मुफस्सिल थाने की पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। सदर एसडीपीओ दो संजीव कुमार ने बताया कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बड़की मोरवा गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच झड़प हुई है। हथियार लहराने का वीडियो पुलिस को प्राप्त हुआ है और मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस घटना में संलिप्त अन्य लोगों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

### शहीद कंचन ठाकुर को नम आंखों से अंतिम विदाई, आठ वर्षीय बेटे अंश ने दी मुखाग्नि

**काराकाट/रोहतास, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** सीआरपीएफ जवान कंचन कुमार ठाकुर का पार्थिव शरीर रविवार को पोस्टमार्टम के बाद उनके पैतृक गांव मुंजी डिहरा पहुंचते ही पूरा गांव शोक में डूब गया। शव पहुंचते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। शहीद जवान के अंतिम दर्शन के लिए आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। देखते ही देखते शहीद के घर के आसपास हजारों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। शहीद कंचन ठाकुर को अंतिम विदाई देने के लिए गया बटालियन से पहुंचे सीआरपीएफ जवानों ने उनके घर के समीप राष्ट्रीय सम्मान के साथ अंतिम सलामी दी। शोक शस्त्र के साथ बजते बिगुल की गूंज ने पूरे वातावरण को भावुक कर दिया। अंतिम सलामी के दौरान मौजूद ग्रामीणों और परिजनों की आंखें नम हो गईं। अंतिम सलामी के दौरान बिक्रमगंज एसडीएम दिलीप कुमार, एसडीपीओ सिंधु शेखर सिंह, सीओ डॉ. रितेश कुमार, थानाध्यक्ष विवेक कुमार सहित जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। बटालियन की ओर से एसआई शैलेंद्र कुमार सिंह, हवलदार जीडी ब्रिजेश कुमार सिंह, पुनेश्वर प्रसाद, मृत्युंजय कुमार, सरोज कुमार तिवारी, कौशल कुमार, अमरेश कुमार, हवलदार चंदन कुमार, विनय कुमार, बिगुलर संजय कुमार सिंह एवं ऋषि कुमार समेत अन्य जवानों ने शहीद को अंतिम सलामी दी।

# सावन की मस्ती के बीच महिलाओं का सम्मान प्रतिभागियों ने प्रतियोगिताओं में दिखाया हुनर

**सासाराम, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** जन कल्याण सेवा समिति के तत्वावधान में राज वाटिका वेदा, सासाराम में सावन महोत्सव एवं महिला संवाद सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुआ। कार्यक्रम का संचालन सत्यनारायण स्वामी, मनीष श्रीवास्तव, रवि शंकर सिंह कुशवाहा एवं संतोष कुमार गुप्ता ने किया।समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि सासाराम सांसद मनोज राम, सासाराम विधायक स्नेहलता, जिला अध्यक्ष कपिल कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि संदीप सोनी एवं जिला परिषद सदस्य रेशमा देवी ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम में समिति की ओर से महिलाओं को बुके, कलम, फूल-माला एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सावन की उमंग और उत्साह के बीच महिलाओं ने नृत्य, सावन गीत, म्यूजिकल चेयर, सुई-धागा, नींबू-चम्मच दौड़ सहित विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त




करने वाली प्रतिभागियों को समिति की ओर से डायरी, कलम एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि जन कल्याण सेवा समिति इस तरह के आयोजनों के माध्यम से महिलाओं को सामाजिक भागीदारी के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित कर रही है। महिलाएं अब घर की चारदीवारी तक सीमित नहीं हैं, बल्कि पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर समाज के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। समिति के सामाजिक एवं मानव कल्याणकारी कार्यों की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि समिति की ओर से दशहरा में डांडिया कार्यक्रम, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सम्मान समारोह, रामनवमी में कन्या पूजन एवं भोजन के साथ अंगवस्त्र वितरण, छठ पर्व पर निःशुल्क फल वितरण तथा ठंड के मौसम में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण सहित विभिन्न सामाजिक कार्य किए जाते हैं।

समारोह में एलआईसी एडवाइजर मधुमिता कुमारी समेत मधु कुमारी, संध्या सिंह, गुड़िया कुशवाहा, गीता पांडे, गायत्री देवी, ज्योति वर्मा, सीमा कुमारी, शांति देवी, सुनीता कुमारी, राजकुमारी, रत्नावली कुमारी, श्वेता कुमारी, पूजा कुमारी, विनीता कुमारी, प्रियंका नंदिनी, रूबी कुमारी, चंचला कुमारी, अनुराधा कुमारी, पायल कुमारी, सदफ प्रवीण, चंद्रा देवी, आरती देवी, ज्योति कुमारी, मुन्नी कुमारी, नंदिनी कुमारी, अनिशा कुमारी, सूरभी कुमारी, पीहू कुमारी, निभा कुमारी, राजकुमारी देवी, ज्योति देवी, सविता देवी, रेणु देवी, सिंपल देवी, नीतू कुमारी, इंदु कुमारी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान सावन गीत, नृत्य और विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं ने माहौल को उत्सवमय बना दिया। महिलाओं के सम्मान और सामाजिक भागीदारी को समर्पित यह आयोजन लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र रहा।

## मां तुतला भवानी ईको पर्यटन स्थल को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण अनुकूल बनाने को ले चला स्वच्छता एवं सफाई अभियान

**सासाराम, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** रोहतास जिले के प्रसिद्ध मां तुतला भवानी ईको पर्यटन स्थल को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण अनुकूल बनाए रखने के उद्देश्य से रविवार को विशेष स्वच्छता एवं सफाई अभियान चलाया गया। अभियान का नेतृत्व जिला पदाधिकारी, रोहतास दीपक कुमार मिश्रा एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी स्टालिन फिडल कुमार के० ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान एनसीसी कैडेट, स्कूली छात्राएं, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, मीडिया बंधु समेत प्रशासनिक अधिकारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी ने मिलकर पर्यटन स्थल के विभिन्न हिस्सों में सफाई की और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।स्वच्छता अभियान के दौरान जिला पदाधिकारी एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी ने स्वयं कचरा उठाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। अधिकारियों को खुद सफाई करते देख अभियान में शामिल लोगों में भी उत्साह देखने को मिला। इस दौरान



पर्यटन स्थल के आसपास पड़े कचरे को एकत्र कर निर्धारित स्थान पर पहुंचाया गया और परिसर को साफ-सुथरा रखने का संदेश दिया गया। अभियान के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि पर्यटन स्थलों की सुंदरता और प्राकृतिक वातावरण को बनाए रखने में प्रशासन के साथ आम लोगों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। जिला पदाधिकारी ने कहा कि स्वच्छता अभियान का मुख्य उद्देश्य मां तुतला भवानी ईको पर्यटन स्थल को स्वच्छ, सुंदर एवं पर्यावरण अनुकूल बनाए रखना है। उन्होंने कहा कि पर्यटन स्थल की प्राकृतिक सुंदरता को बरकरार रखने के लिए नियमित साफ-सफाई के साथ-साथ आम लोगों की जागरूकता भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र सेंचुरी क्षेत्र के अंतर्गत आता है, इसलिए पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए यहां प्लास्टिक के उपयोग एवं प्रबंधन को लेकर विशेष सतर्कता आवश्यक है।

जिला पदाधिकारी एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी ने पर्यटकों एवं स्थानीय लोगों से अपील करते हुए कहा कि पर्यटन स्थलों पर कचरा नहीं फैलाएं और कचरे को निर्धारित स्थान पर ही डालें। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और सुंदर पर्यटन स्थल न केवल पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।

स्वत्याधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं समूह सम्पादक कैलाशनाथ के द्वारा अजीमाबाद प्रिन्टर 5-47 प्लाट न0 905 वाचस्पती कॉलनी रोड कुम्हरार गुमटी संदलपुर रोड, पटना से मुद्रित होकर 302, रघुवंशम अपार्टमेन्ट किदवईपुरी, पटना से प्रकाशित। कार्यकारी संपादक-योगेन्द्र विश्वकर्मा। फोन/फैक्स 0612-2522597, 2529927 मो. 8578001500 पोस्ट पंजीयनः CO- 174/2002 आर.एन.आई BIHHIN/2002/9030, इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद पटना न्यायालय के अधीन होंगे। email ID-tarunmitrapatna@gmail.com

# संतकबीरनगर के 3189 रसोइयों को भी मिली सौगात

**❍मानदेय बढ़कर तीन हजार, कैशलेस इलाज और दो लाख की सामाजिक सुरक्षा का लाभ**
**❍डीएम व सीडीओ की मौजूदगी में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा और सुना गया**

**संतकबीरनगर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में कार्यरत 3.53 लाख से अधिक मिड-डे मील रसोइयों के लिए चार योजनाओं और सुविधाओं की घोषणा की। इसी क्रम में संतकबीरनगर के कलेक्ट्रेट सभागार में रविवार को रसोइयों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में जिलाधिकारी आलोक कुमार, मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी और खलीलाबाद विधायक प्रतिनिधि मुरलीधर जायसवाल की मौजूदगी में रसोइयों ने मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा और सुना।मुख्यमंत्री की घोषणाओं के तहत रसोइयों का मानदेय दो हजार से बढ़ाकर तीन हजार रुपये प्रतिमाह किया गया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा सुविधा की शुरूआत की गई। ड्रेस और साड़ी के लिए मिलने वाली वार्षिक राशि भी 500 रुपये से बढ़ाकर 1000 रुपये कर दी गई है। सामाजिक सुरक्षा के लिए स्टेट बैंक आफ इंडिया के साथ समझौता किया गया है, जिसके तहत रसोइयों को दो लाख रुपये की सुरक्षा मिलेगी।संतकबीरनगर में इन योजनाओं से जिले की 3189 रसोइयों को लाभ मिलेगा। कार्यक्रम के दौरान विधायक प्रतिनिधि, जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी ने रसोइयों को मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना के प्रतीकात्मक कार्ड तथा शॉल और अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित सबसे बुजुर्ग और सबसे कम उम्र की रसोइयों को भी स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।जिलाधिकारी आलोक कुमार ने सरकार की योजनाओं के लिए आभार व्यक्त करते हुए सभी रसोइयों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण की जिम्मेदारी निभाने में रसोइयों की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने रसोइयों से निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन तैयार करने, रसोईघर को साफ-सुथरा रखने और भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने की अपील की, ताकि बच्चों के स्वास्थ्य से किसी तरह का समझौता न हो।इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी खलीलाबाद महेंद्र प्रसाद, खंड शिक्षा अधिकारी सेमरियावां आशीष सिंह, जिला समन्वयक रजनीश वैद्य, डीसी एमआईएस बजरंगी लाल सहित बड़ी संख्या में रसोइया बहनें, शिक्षक, अनुदेशक और अधिकारी मौजूद रहे।

# हत्यारिन बेटी ने आशिक संग मिलकर पिता को उतारा मौत के घाट, दोनों गिरफ्तार

**बस्ती (दुबौलिया) , 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** दुर्गा बनी हत्यारिन प्रेमी संग मिलकर पिता की धारदार हथियार से हत्या कर बाप बेटी के रिश्ते को कलंकित किया। दुबौलिया थाना क्षेत्र के बभरौली गांव के नहर के पास एक पचास वर्षीय अधेड़ का शव मिलने से सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार छावनी थाना क्षेत्र के रमवापुर तिवारी गांव निवासी कृष्णा प्रसाद का शव 21 अगस्त की रात करीब दस बजे बभरौली से उत्तर दिशा में करीब पांच सौ मीटर दूरी पर नहर के पास मिला।



शव पर किसी धारदार हथियार से गले और कान के पीछे हमला किया गया था।? घटना की सूचना पर पहुंची दुबौलिया पुलिस ने घटना का बारीकी से छानबीन कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। थाना स्थानीय पर मृतक के भाई काशी प्रसाद के लिखित प्रा0 पत्र के आधार पर मु0अ0सं0 158/2026 धारा 103(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया था जिसमें धारा 238, 3(5) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी। वहीं घटना के कारण के पीछे मृतक की लड़की व उस के प्रेमी द्वारा घटना को अंजाम देने की बात सामने आई है। मृतक के भाई कांशीराम ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि मेरे भाई कृष्णा प्रसाद की बेटी दुर्गा का पड़ोसी गांव बभरौली के लक्ष्मण से काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था, जिसके लिए भाई ने बेटी को समझाते हुए अन्यत्र शादी करने की बात कर रहा था, शुक्रवार की दोपहर घर से दुर्गा बकरी चराने के लिए गई थी।? नहर के पास पिता ने अपनी पुत्री को उस के प्रेमी के साथ आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया और बकरी चराने के लिए साथ ले गई बांस की लग्गी से दोनों को कृष्णा प्रसाद मारने लगा जिससे दोनो दुर्गा और प्रेमी लक्ष्मन ने बांस को छीन कर उसमें बंधे हंसिए से कृष्णा प्रसाद पर कई वार कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया।

बेहोश होने पर दोनो मौके से अपने अपने घर चले गए, देर रात जब कृष्णा प्रसाद घर नहीं पहुंचे तो परिजन खोजबीन शुरू किये तब जाकर लोगो को घटना की जानकारी हुई। क्षेत्राधिकारी कलवारी बृजेश सिंह ने बताया कि प्रेमी प्रेमिका को आपत्तिजनक स्थिति में पिता ने देख लिया, जिससे नाराज दोनों ने बांस के डंडे में बंधी हंसिए से वार कर मौत के घाट उतार दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### सीनियर बेसिक शिक्षक संघ की बैठक में गूंजा शिक्षक समस्याओं का मुद्दा

**बस्ती , 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** रविवार को प्रेस क्लब सभागार में उत्तर प्रदेश सीनियर बेसिक शिक्षक संघ की बैठक जिलाध्यक्ष ओंकार सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में वर्ष 2006 में अनुदानित विद्यालयों में कार्यरत, एवं सेवानिवृत्त शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल किये जाने, टेट की अनिवार्यता समाप्त कराये जाने के साथ ही स्थानीय शिक्षक समस्याओं के निराकरण कराये जाने पर विचार किया गया।मुख्य अतिथि के रूप में बैठक को सम्बोधित करते हुये संघ के प्रदेश संयुक्त मंत्री वागीश दत्त पाण्डेय ने कहा कि अनुदानित विद्यालयों के शिक्षक घोर उपेक्षा के शिकार है और उन्हें अपना अधिकार तक नहीं मिल पा रहा है। संघ की मांगों को सरकार लगातार अनसुनी कर रही है ऐसे में एकजुटता और संघर्ष से ही समस्याओं का हल निकलेगा। उन्होने एकजुट होकर मांगों के समर्थन में संघर्ष करने पर जोर दिया। जिलाध्यक्ष ओंकार सिंह ने कहा कि संघ द्वारा निरन्तर शिक्षक समस्याओं के समाधान के लिये संघर्ष जारी है। निश्चित रूप से सकारात्मक परिणाम सामने आयेंगें। कहा कि टेट प्रकरण पर सरकार की उदासीनता दुर्भाग्यपूर्ण है। शिक्षकों को अपने अधिकारों के लिये सजग रहना होगा।बैठक में वीरेन्द्र कुमार मिश्र, लखपत सिंह, उदयभान सिंह, विजय सिंह, धर्मराज चौधरी, चिन्तामणि, मान सिंह, देवंन्द्र कुमार शुक्ल, फूलचन्द चौधरी, मनोज यादव आदि ने सम्बोधित करते हुये बिन्दुवार शिक्षक समस्याओं को रखा और जोर दिया कि अधिकार के लिये संघर्ष तेज करते हुये सरकार पर नीतिगत दबाव बनाया जाय।

### भ्रष्टाचार की खुली पोल, आरआरसी सेंटर और शौचालय बने शोपीस

**देवरिया, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** जनपद के भटनी विकासखंड के डुमरी ग्राम पंचायत में सरकारी योजनाओं में भारी लापरवाही और भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। गांव में लाखों रुपये की लागत से बना आरआरसी (रूरल रीडिंग सेंटर) पूरी तरह खंडहर में तब्दील हो चुका है।ग्रामीणों का कहना है कि सेंटर का गेट टूटा पड़ा है और निर्माण के बाद से कभी इसका उपयोग नहीं हुआ। दीवारों पर सीलन और झाड़-झंखाड़ ने इमारत को जर्जर बना दिया है।सिर्फ यही नहीं, गांव में बना सार्वजनिक सामुदायिक शौचालय केंद्र भी ताले में बंद मिला। न बिजली की व्यवस्था, न पानी की सुविधा। लोगों का कहना है कि शौचालय केवल कागजों में चालू दिखाया गया।ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकारी धन का दुरुपयोग कर प्रधान ने अपने घर के सामने सीमेंट की कुर्सियाँ तक बनवा लीं, जबकि जनता के लिए बनी सुविधाएँ उपेक्षित और बेकार पड़ी हैं।ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल जांच की मांग की है। उनका कहना है कि यदि निष्पक्ष जांच हुई तो ग्राम पंचायत में बड़े स्तर पर घोटाले का पर्दाफाश होगा।यह मामला न सिर्फ सरकारी धन की बर्बादी को उजागर करता है, बल्कि ग्रामीण विकास योजनाओं की जमीनी हकीकत पर भी सवाल खड़े करता है।

### अवैध देशी शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**बस्ती , 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** थाना सोनहा पुलिस द्वारा 02 अभियुक्तों विरेन्द्र कुमार उर्फ बब्बू तिवारी पुत्र रामदेव तिवारी निवासी मुड़िला थाना सोनहा जनपद बस्ती को 13 पाउच अवैध बन्टी बबली देशी शराब व घिराऊ पुत्र तिलक राम निवासी सिसवा बरुआर थाना सोनहा जनपद बस्ती को 14 पाउच अवैध बन्टी बबली देशी शराब के साथ गिरफ्तार कर थाना सोनहा पर उपरोक्त दोनो अभियुक्तों के विरुद्ध क्रमशः पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कारवाई की जा रही है ।

### रसोइया सम्मान व कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण समारोह में कर्मठ रसोइयों का सम्मान

**बस्ती , 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** राजकीय इंटर कॉलेज के बहुउद्देशीय सभागार में रसोइया सम्मान समारोह एवं कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महेश शुक्ल, उपाध्यक्ष, गौ सेवा आयोग उत्तर प्रदेश रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना ने की।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महेश शुक्ल जी का जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना द्वारा बुके एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वंदना पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर वातावरण को गरिमामय बना दिया। इसके पश्चात प्रातः 11 बजे मुख्यमंत्री के रसोइया सम्मान समारोह एवं कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में स्वागत संबोधन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बच्चों को पौष्टिक एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने में रसोइयों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। रसोइया केवल भोजन तैयार करने वाली कर्मी नहीं, बल्कि विद्यालय परिवार का अभिन्न हिस्सा हैं, जो बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और विद्यालय से जुड़ाव में महत्वपूर्ण योगदान देती हैं।

# नगर पालिका में एसडीएम के निरीक्षण पर संग्राम, अध्यक्ष ने पूछा- किसके आदेश से खंगाले अभिलेख

**कुशीनगर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** नगर पालिका परिषद कुशीनगर में बीते 20 अगस्त को एसडीएम द्वारा किये गये निरीक्षण को लेकर अब नगर पालिका अध्यक्ष का गुस्सा सार्वजनिक हो गया है। निरीक्षण के तरीके और अभिलेखों की मांग को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष किरन जायसवाल ने सवाल खडा कर दिया है। अध्यक्ष की ओर से जारी पत्र में आरोप लगाया गया है कि निरीक्षण के दौरान नगर पालिका कार्यालय का मुख्य प्रवेश द्वार करीब डेढ़ घंटे तक बंद रहा और विभिन्न कक्षों में जाकर अधिकारियों-कर्मचारियों से पंजिकाएं एवं अभिलेख मांगे गए। अध्यक्ष ने एसडीएम से पूछा है कि आखिर यह सब किस अधिकार और किस लिखित आदेश के तहत किया गया मामला इसलिए भी गंभीर है क्योंकि अध्यक्ष किरन जायसवाल की ने अपने पत्र में उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धाराओं का हवाला देते हुए निरीक्षण की वैधानिकता पर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा है कि यदि निरीक्षण और अभिलेखों की मांग के लिए मंडलायुक्त या किसी सक्षम प्राधिकारी ने कोई आदेश अथवा प्राधिकरण-पत्र जारी किया है तो उसकी प्रति नगर पालिका कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए।

**सुबह 10:10 बजे पहुंचे थे एसडीएम, डेढ़ घंटे बंद रहा मुख्य द्वार!** नगर पालिका अध्यक्ष के पत्र के मुताबिक, 20 अगस्त की सुबह करीब 10:10 बजे उपजिलाधिकारी राजस्व विभाग, तहसील कसया द्वारा नगर पालिका परिषद कुशीनगर का औचक निरीक्षण किया गया। अध्यक्ष का कहना है कि निरीक्षण के दौरान कार्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार को लगभग 01:30 घंटे तक बंद रखा गया।पत्र में कहा गया है कि इससे आम नागरिकों, सभासदों, कर्मचारियों और अन्य कार्यालयीय कार्य से आने वाले लोगों को परेशानी हुई। यानी जिस कार्यालय में जनता अपने काम लेकर पहुंचती है, उसी कार्यालय का प्रवेश द्वार निरीक्षण के दौरान बंद रहने का आरोप अब विवाद का केंद्र बन गया है। अध्यक्ष किरन जायसवाल की ओर से भेजे गए पत्र में आरोप लगाया गया है कि निरीक्षण के दौरान विभिन्न कक्षों में जाकर संबंधित कर्मचारियों से आधिकारिक पंजिकाएं और अभिलेख मांगे गए। यहीं से पूरा मामला ह्यऔचक निरीक्षण से आगे बढ़कर अधिकार क्षेत्र के सवाल पर पहुंच गया है।नगर पालिका अध्यक्ष ने अपने पत्र में उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 की धारा 32 का हवाला देते हुए कहा है कि नगरपालिका के कार्यों और संचालन आदि का निरीक्षण निर्धारित प्रावधानों के तहत अधिकृत अधिकारी द्वारा ही किया जा सकता है। पत्र में अधिनियम की धारा 17(2) का भी उल्लेख किया गया है। अध्यक्ष का कहना है कि अगर एसडीएम को निरीक्षण का अधिकार था तो उसका आधार भी होना चाहिए।

**मौखिक अधिकार नहीं, आदेश की प्रति दीजिए**

नगर पालिका अध्यक्ष ने एसडीएम को भेजे गये पत्र में मंडलायुक्त गोरखपुर द्वारा निरीक्षण, पंजिकाओं अथवा अभिलेखों की मांग के लिए यदि कोई लिखित आदेश या प्राधिकरण-पत्र जारी किया गया है तो उसकी प्रति नगर पालिका कार्यालय में उपलब्ध कराने को कहा है।

# इंटरसेप्टर वाहन से तेज रफ्तार पर पुलिस की नजर

**देवरिया, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए देवरिया पुलिस ने पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर के निर्देशन व यातायात प्रभारी गुलाब सिंह के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों पर चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की । अभियान के दौरान रोडवेज बस स्टेशन, पूर्वा तिराहा, साकेत नगर मार्ग और न्यू कॉलोनी क्षेत्र में सड़क पर अवैध रूप से खड़े वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए मोटर वाहन अधिनियम के तहत वाहनों का चालान किया। पुलिस का कहना है कि सड़क पर बेतरतीब ढंग से खड़े वाहन यातायात बाधित करने के साथ दुर्घटनाओं की आशंका भी बढ़ाते हैं। इसके अलावा यातायात निदेशालय से मिले अत्याधुनिक इंटरसेप्टर वाहन की मदद से गोरखपुर मार्ग पर विशेष अभियान चलाया गया। स्पीड लेजर गन के जरिए निर्धारित सीमा से अधिक रफ्तार से दौड़ रहे वाहनों की गति मापी गई और तेज रफ्तार में वाहन चलाने वाले चालकों के ई-चालान किए गए।चेकिंग के दौरान पुलिस ने वाहन चालकों को हेलमेट और सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग, निर्धारित गति सीमा का पालन, शराब पीकर व मोबाइल फोन का इस्तेमाल करते हुए वाहन न चलाने की सलाह दी। पुलिस ने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी अभियान लगातार जारी रहेगा।

# बाढ़ के पानी में नहाते समय छात्र की डूबने से मौत

**गाजीपुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** कठवामोड स्थानीय थाना नोनहरा क्षेत्र के शहबाजकुली गांव के सामने रविवार सुबह गंगा नदी के बाढ़ के पानी में नहाते समय 18 वर्षीय छात्र की डूबने से मौत हो गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार स्थानीय थाना क्षेत्र के शहबाजकुली गांव निवासी विशाल यादव (18) रविवार 23 अगस्त की सुबह करीब आठ बजे वह गांव के ही अन्य लड़कों के साथ शहबाजकुली गांव के सामने गंगा नदी के बाढ़ के पानी में नहा रहा था। इसी दौरान नहाते समय वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा।विशाल को डूबता देखकर उसके साथ मौजूद लड़कों ने शोर मचाया । आवाज सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे और नदी में उतरकर छात्र की तलाश शुरू कर दी। काफी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने विशाल को नदी से बाहर निकाल लिया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।घटना की जानकारी तत्काल पुलिस चौकी अटवा मोड़ को दी गई। सूचना मिलते ही चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस के पहुंचने तक ग्रामीण शव को नदी से बाहर निकाल चुके थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों से घटना की जानकारी ली और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की।परिजनों के अनुसार, विशाल के पिता कमलेश यादव की वर्ष 2012 में मृत्यु हो गई थी। परिवार में विशाल के अलावा एक भाई और एक बहन है। उसकी बहन वर्तमान में कक्षा 11 में पढ़ाई कर रही है। पिता की पहले ही मृत्यु हो जाने के बाद परिवार के लिए विशाल की असमय मौत किसी बड़े सदमे से कम नहीं है।

# बाढ़ प्रभावित 300 परिवारों को विधायक ने बांटी राहत सामग्री

**बस्ती , 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** विधानसभा हरैया के विकासखंड विक्रमजोत अंतर्गत ग्राम माझा किता अव्वल में बाढ़ एवं कटान से उत्पन्न परिस्थितियों का विधायक अजय सिंह ने शनिवार को स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेते हुए ग्रामीणों से संवाद किया और उनकी समस्याओं एवं कठिनाइयों को गंभीरता से सुना।



बाढ़ प्रभावित परिवारों की सहायता के लिए मौके पर 300 परिवारों को राहत सामग्री वितरित की गई। विधायक ने कहा कि शेष प्रभावित परिवारों को भी राहत सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि संकट की इस घड़ी में किसी भी परिवार को आवश्यक सहायता के लिए परेशान न होना पड़े। विधायक ने बाढ़ एवं कटान से हुए नुकसान का स्थलीय सर्वे कराकर पात्र प्रभावित परिवारों को नियमानुसार मुआवजा उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने अधिकारियों से राहत एवं बचाव कार्यों में पूरी संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्य करने को कहा।उन्होंने कहा कि बाढ़ की इस कठिन घड़ी में हर प्रभावित परिवार अकेला नहीं है। सरकार पूरी मजबूती के साथ बाढ़ प्रभावितों के साथ खड़ी है। राहत सामग्री से लेकर नुकसान के मुआवजे तक प्रभावित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी। प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन कराकर शासन की निर्धारित व्यवस्था के अनुसार पात्र लोगों को सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

इस दौरान मुख्य रूप से उप जिलाधिकारी उमाकांत तिवारी, नायब तहसीलदार विक्रमजोत आनंद यादव, ग्राम प्रधान परशुराम निषाद, राम फूल निषाद, सुनील, सिधारे, वीरेन्द्र, राकेश, राम बलि, करिया, अखिलेश सिंह, मार्शल तिवारी, नीरज शुक्ला, अनूप सिंह, प्रिन्स शुक्ला, संदीप चौधरी, लवकुश चौधरी, निर्मल सिंह, आशु सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# भाकियू के पूर्व जिलाध्यक्ष गौरी शंकर चौधरी के निधन पर शोक,श्रद्धांजलि सभा में उमड़े लोग

**बस्ती , 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** भारतीय किसान यूनियन के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं मण्डल सचिव स्वर्गीय गौरी शंकर चौधरी की पुण्य स्मृति में उनके गांव साऊंघाट विकास खण्ड के खझौला गांव में शोक सभा एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों, किसान नेताओं, सामाजिक कार्यकताओं एवं क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने शामिल होकर दिवंगत किसान नेता को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।ज्ञात हो कि स्वर्गीय गौरी शंकर चौधरी का निधन 12 अगस्त 2026 को निधन हो गया था। भाकियू जिलाध्यक्ष विनोद कुमार चौधरी के संयोजन में



आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित लोगों ने गौरी शंकर चौधरी चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व, सामाजिक सरोकारों तथा किसानों के हितों के लिए किए गए कार्यों को याद करते हुए कहा कि किसान संगठन और समाज के प्रति उनका योगदान लंबे समय तक स्मरण किया जाता रहेगा।श्रद्धांजलि सभा में पूर्वांचल अध्यक्ष अनूप चौधरी, प्रदेश सचिव दिवान चन्द पटेल, राम सिंह पटेल एवं सुभाष चंद्र किसान, मार्तेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ. आर.पी. चौधरी, शोभा राम ठाकुर, महेन्द्र चौधरी, परमात्मा प्रसाद चौधरी तथा राजेंद्र चौधरी सहित अन्य पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे। मंण्डल अध्यक्ष जयराम चौधरी, मंडल महासचिव ब्रह्मदीन चौधरी, नायाब चौधरी, पंचराम तथा रामसागर चौधरी , बस्ती जिलाध्यक्ष विनोद कुमार चौधरी, जिला अध्यक्ष, सिद्धार्थनगर उपेंद्र कुमार यादव, जिला अध्यक्ष, संत कबीर नगर प्रेम नाथ उर्फ गुड्डु प्रधान , ब्रह्मदेव चौधरी, त्रिवेणी चौधरी, सत्य प्रकाश दुबे, रामकृष्ण चौधरी, राम प्रताप चौधरी, मुन्नू चौधरी एवं शंकर यादव समेत कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# 'गाजर घास' मानव स्वास्थ्य, फसलों और पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा

**संत कबीर नगर , 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** कृषि विज्ञान केंद्र, संत कबीर नगर द्वारा गाजर घास जागरूकता कार्यक्रम 16 से 22 अगस्त 2026 तक 21वें राष्ट्रीय गाजर घास जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। अभियान के समापन अवसर पर 22 अगस्त को कृषि विज्ञान केंद्र पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को गाजर घास के दुष्प्रभाव, नियंत्रण एवं उन्मूलन के प्रति जागरूक किया गया। विद्यार्थियों को गाजर घास के प्रसार को रोकने की शपथ भी दिलाई गई। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. सी.पी.एन., गौतम ने कहा कि गाजर घास अत्यंत आक्रामक एवं तेजी से फैलने वाला खरपतवार है। विभिन्न जलवायु परिस्थितियों में तेजी से बढ़ने, फूलने और बीज बनाने की क्षमता के कारण इसका प्रसार लगातार बढ़ रहा है। इससे फसलों की उत्पादकता के साथ पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। वैज्ञानिक डॉ. देवेश कुमार ने कहा कि गाजर घास मानव स्वास्थ्य, पशुओं, कृषि फसलों तथा पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा है। इसके परागकणों के संपर्क में आने से एलर्जी, त्वचा संबंधी समस्याएं तथा श्वसन संबंधी परेशानियां हो सकती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने घर, विद्यालय और आसपास के क्षेत्रों में गाजर घास की पहचान कर इसके उन्मूलन के लिए लोगों को जागरूक करने की अपील की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को बताया गया कि गाजर घास का पौधा सामान्यतः 3झ्र4 फीट तक लंबा होता है तथा एक पौधा हजारों सूक्ष्म बीज पैदा कर सकता है। वैज्ञानिक डॉ. तरुण कुमार ने बताया कि गाजर घास को फूल आने से पहले उखाड़कर नष्ट करना इसके प्रसार को रोकने का प्रभावी उपाय है। उन्होंने इसके अवशेषों के सुरक्षित प्रबंधन, कम्पोस्ट निर्माण तथा प्राकृतिक खेती में जैविक संसाधनों के उपयोग पर जोर दिया। वैज्ञानिक डा दुर्गेश कुमार मौर्य ने बताया की बीज हवा और पानी के माध्यम से तेजी से फैलते हैं।

धान, मक्का, ज्वार, सोयाबीन, मटर, तिल, गन्ना, बाजरा, मूंगफली, सब्जियों एवं उद्यानिकी फसलों में इसका प्रकोप देखा जाता है। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने गाजर घास के उन्मूलन, पर्यावरण संरक्षण तथा जन-जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। केंद्र की ओर से अपील की गई कि गाजर घास को फूल एवं बीज बनने से पहले उखाड़कर सुरक्षित रूप से नष्ट किया जाए, ताकि इसके प्रसार को प्रभावी ढंग से रोका जा सके।

# डीएम ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बाराचवर का किया स्थलीय निरीक्षण

**गाजीपुर, 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** जिलाधिकारी श्री अनुपम शुक्ला ने आज कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, बाराचवर का स्थलीय निरीक्षण कर विद्यालय की व्यवस्थाओं, छात्राओं की उपस्थिति, भोजन की गुणवत्ता एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय भवन की स्थिति को देखते हुए वृहद मरम्मत हेतु निदेशालय को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। इसके उपरांत छात्राओं से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं एवं सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली गई। छात्राओं ने अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को छात्राओं की समस्याओं का समुचित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित वार्डन के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए छात्राओं को समय से मेनू के अनुसार भोजन उपलब्ध कराने, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने, सहित अन्य आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विद्यालय में कुल नामांकित छात्राओं के सापेक्ष 53 छात्राएं उपस्थित मिलीं। विद्यालय में खराब पंखों को तत्काल रिपेयर कराने के निर्देश भी दिए गए। निरीक्षण के दौरान छात्राओं के साथ बैडमिंटन खेलकर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने छात्राओं की खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करते हुए एसडीएम मुहम्मदाबाद को क्षेत्र पंचायत अथवा ग्राम पंचायत के माध्यम से विद्यालय परिसर में बैडमिंटन कोर्ट बनवाने के निर्देश दिए। छात्राओं द्वारा खो-खो कोर्ट बनवाने का अनुरोध किए जाने पर सहमति प्रदान की। जिलाधिकारी ने छात्राओं के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा छात्राओं की आंखों का परीक्षण कराने के निर्देश दिए।

साथ ही विद्यालय में छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही डीबीटी का भुगतान शत-प्रतिशत कराने के निर्देश दिये गए। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण भोजन, बेहतर आवासीय सुविधाएं, स्वास्थ्य सेवाएं तथा खेलकूद की पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने कहा कि छात्राओं द्वारा बताई गई समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

# रसोइयों के मानदेय में 1,000 की वृद्धि, कैशलेस चिकित्सा व दुर्घटना बीमा का मिलेगा लाभ

**जनपद के 6,808 रसोइयां होंगे लाभान्वित, कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ सम्मान समारोह व कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण**

**कुशीनगर , 23 अगस्त (तरुणमित्र)।** प्रधानमंत्री पोषण योजना के अन्तर्गत विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों के सम्मान समारोह एवं कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन आज कलेक्ट्रेट सभागार, रविन्द्र नगर, कुशीनगर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। जनपद स्तरीय कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी बंदिता श्रीवास्तव ने की। मुख्यमंत्री जी द्वारा रसोइयों के हित में महत्वपूर्ण घोषणाएं करते हुए

उनके मानदेय को 2,000 से बढ़ाकर 3,000 प्रतिमाह किए जाने की घोषणा की गई। इसके साथ ही रसोइयों एवं उनके परिवारों की सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से ?5 लाख तक के कैशलेस चिकित्सा उपचार की सुविधा तथा ?2 लाख का दुर्घटना बीमा उपलब्ध



कराया गया है। प्रत्येक शैक्षिक सत्र में रसोइयों को दिए जाने वाले किचेन परिधान के लिए भी धनराशि 500 से बढ़ाकर 1,000 कर दी गई है। जनपद कुशीनगर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रतीकात्मक रूप से 40 रसोइयों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किए गए। इन जनकल्याणकारी निर्णयों से जनपद में कार्यरत 6,808 रसोइयां लाभान्वित होंगी। मानदेय में वृद्धि, स्वास्थ्य एवं दुर्घटना बीमा तथा किचेन परिधान की धनराशि बढ़ाए जाने से रसोइयों में उत्साह एवं प्रसन्नता का माहौल रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद कुशीनगर विजय कुमार दुबे, विधायक सदर पडरौना मनीष जायसवाल तथा बीज विकास निगम के उपाध्यक्ष एवं दर्जा प्राप्त मंत्री राजेश्वर सिंह उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने रसोइयों को शासन द्वारा प्रदान किए जा रहे लाभों को उनके सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार सिंह, सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी नागेन्द्र मणि, खण्ड शिक्षा अधिकारी पडरौना एवं विशुनपुरा, जिला समन्वयक एम0डी0एम0 जितेन्द्र कुमार गौतम, जिला समन्वयक अखिलेश चौधरी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में गौरव पाण्डेय, मधुरेन्दु शुक्ल, ऋषभ कुमार, शिव कुमार, अभिनाश शर्मा, नीरज बंका, रविन्द्र पाण्डेय, कन्हैया प्रसाद, हरेन्द्र यादव, अनिल मिश्रा, हेमन्त कुमार, सूरज साहा, रफिक खान, मुन्द्रिका भारती सहित अन्य कार्मिकों का सराहनीय सहयोग रहा।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रसोइयों ने शासन द्वारा मानदेय में वृद्धि एवं सामाजिक सुरक्षा से जुड़े निर्णयों के लिए मुख्यमंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे उन्हें अपने दायित्वों का निर्वहन और अधिक उत्साह एवं मनोयोग से करने की प्रेरणा मिलेगी।



# कोलंबो टेस्ट: पडिक्कल के शतक से भारत मजबूत, पहले दिन 5 विकेट पर बनाए 300 रन

**कोलंबो।** भारत और श्रीलंका के बीच कोलंबो में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के पहले दिन का खेल समाप्त हो गया है। रविवार को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक 85 ओवर में पांच विकेट पर 300 रन बना लिए हैं।

भारत के लिए देवदत्त पडिक्कल ने शानदार शतकीय पारी खेलते हुए 117 रन बनाए। विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल सात और सारांश जैन चार रन बनाकर नाबाद लौटे।

भारतीय टीम ने पहली पारी की शुरूआत संभलकर की। शुरूआती एक घंटे में टीम ने बिना विकेट गंवाए 30 से अधिक रन जोड़े। हालांकि, 37 रन के स्कोर पर भारत को पहला झटका लगा। केएल राहुल 33 गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से 18 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद 66 रन के स्कोर पर भारतीय टीम का दूसरा विकेट गिरा। यशस्वी जायसवाल 53 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से 45 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

देवदत्त पडिक्कल ने कप्तान शुभमन गिल के साथ पारी को संभाला। शानदार फार्म में चल रहे पडिक्कल ने पहले अपना अर्धशतक पूरा किया। फिर बाद में कप्तान गिल ने भी पचासा जड़ दिया, लेकिन 186 रन के स्कोर पर गिल 108 गेंदों पर छह चौकों की मदद से 50 रन बनाकर आउट हुए। गिल ने पडिक्कल के साथ तीसरे विकेट के लिए 120 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। इसके बाद 207 रन के स्कोर पर ऋषभ पंत को श्रीलंकाई तेज गेंदबाज लाहिरू कुमारा की गेंद कलाई पर लग गई। चोट के बाद पंत काफी दर्द में नजर आए और तीन रन के निजी स्कोर पर रिटायर्ड हर्ट होकर मैदान से बाहर चले गए। उनके जाने के बाद रवींद्र जडेजा बल्लेबाजी के लिए आए। जडेजा ने पडिक्कल के साथ मिलकर भारतीय पारी को आगे बढ़ाया। इस दौरान पडिक्कल ने श्रीलंका के खिलाफ लगातार दूसरे टेस्ट में शतक जड़ दिया। यह उनके टेस्ट करियर का भी दूसरा शतक है। उन्होंने 168 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। गाले में खेले गए पहले टेस्ट की पहली पारी में भी पडिक्कल ने शानदार 167 रन बनाए थे।

हालांकि, पडिक्कल शतक के बाद अपनी पारी को और बड़ी नहीं कर पाए। वह 193 गेंदों का सामना करते हुए 12 चौकों की मदद से 117 रन की शानदार पारी खेलकर आउट हुए।

इसके बाद रवींद्र जडेजा भी ज्यादा देर नहीं टिक सके। वह 83 गेंदों पर 43 रन बनाकर आउट हुए। दिन का खेल समाप्त होने तक भारत ने पांच विकेट पर 300 रन बना लिए थे। श्रीलंका की ओर से असिथा फर्नांडो सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने तीन विकेट हासिल किए, जबकि लाहिरू कुमारा और केशरा नुवान्था को एक-एक सफलता मिली।

# बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप : ट्रीसा-गायत्री ने जीता कांस्य, चीनी जोड़ी से सेमीफाइनल में हारीं

**नई दिल्ली।** भारत की ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने बीडब्ल्यूएफ विश्व बैडमिंटन चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रच दिया। शनिवार को महिला युगल सेमीफाइनल में भारतीय जोड़ी को शीर्ष वरीयता प्राप्त और मौजूदा विश्व चैंपियन चीन की लियू शेंग शू और तान निंग के हाथों 21-18, 13-21, 8-21 से हार का सामना करना पड़ा। इसके बावजूद ट्रीसा और गायत्री विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला युगल जोड़ी बन गई हैं, क्योंकि इससे पहले 2011 में ज्वाला गुट्टा और अश्विनी पोनप्पा ने कांस्य पदक जीता था।




### पहले गेम में भारतीय जोड़ी का दबदबा

इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में घरेलू दर्शकों के समर्थन के बीच ट्रीसा और गायत्री ने शानदार शुरूआत करते हुए 7-2 की बढ़त बना ली। हालांकि चीनी जोड़ी ने लगातार नौ अंक हासिल कर मध्यांतर तक 11-7 की बढ़त बना ली। ब्रेक के बाद भारत ने जोरदार वापसी की और लगातार पांच अंक लेकर स्कोर 12-12 से बराबर कर दिया।

चीन ने 18-16 की बढ़त बनाई, लेकिन भारतीय जोड़ी ने फिर लगातार पांच अंक हासिल किए। ट्रीसा के शानदार क्रॉस-कोर्ट स्मैश की मदद से भारत ने पहला गेम 21-18 से अपने नाम कर लिया।

### चीन ने दूसरे गेम में की वापसी

दूसरे गेम में भी भारतीय जोड़ी ने कड़ा मुकाबला किया और मध्यांतर तक 11-10 से आगे रही। इसके बाद लियू और तान ने अपनी मजबूत रक्षात्मक क्षमता का प्रदर्शन किया। 49 शॉट की लंबी रैली ने भी चीनी जोड़ी का आत्मविश्वास बढ़ाया। चीन ने इसके बाद लगातार सात अंक हासिल किए और दूसरा गेम 21-13 से जीतकर मुकाबले को निर्णायक गेम में पहुंचा दिया।

### निर्णायक गेम में भारत की चुनौती खत्म

तीसरे गेम में चीनी जोड़ी ने शुरूआत से ही दबदबा बनाए रखा। 56 शॉट की मैच की सबसे लंबी रैली के बाद लियू और तान ने मध्यांतर तक 11-5 की बढ़त बना ली। ब्रेक के बाद भारतीय खिलाड़ियों से कुछ गलतियां हुईं, जिसका चीन ने पूरा फायदा उठाया। चीनी जोड़ी ने तीसरा गेम 21-8 से जीतकर फाइनल में जगह बना ली। हालांकि सेमीफाइनल में हार के बावजूद ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने कांस्य पदक अपने नाम कर भारतीय बैडमिंटन के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।

## प्रादेशिक बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए प्रयागराज की चार छात्राएं चयनित

**प्रयागराज।** जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. संतोष कुमार राय के निर्देशन में सेन्ट एंथोनी कॉन्वेंट गर्ल्स इंटर कॉलेज में जनपद एवं मंडलीय अंतरविद्यालयीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए बालिका वर्ग का चयन परीक्षण आयोजित किया गया।

चयन परीक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली चार छात्राओं का चयन प्रदेशीय माध्यमिक अंतरविद्यालयीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए किया गया। चयनित छात्राओं में निष्ठा, छवि, कनिष्का और जैस्मीन शामिल हैं। इन छात्राओं ने चयन परीक्षण के दौरान अपने खेल कौशल और बेहतर प्रदर्शन से चयनकताओं को प्रभावित किया।

विद्यालय प्रशासन ने छात्राओं के चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें आगामी प्रदेशीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर मेरी बशेला ने कहा कि छात्राओं का चयन विद्यालय के लिए गौरव की बात है। उन्होंने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सोनिका गुप्ता, मीता विश्वास सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं और अन्य लोग उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने चयनित छात्राओं को बधाई देते हुए प्रदेशीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

## अर्थव्यवस्था

## विज्ञान और नवाचार सहयोग को मिलेगा नया आयाम : डॉ. जितेंद्र सिंह



**नई दिल्ली।** विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने शनिवार को घोषणा की कि ब्रिक्स देशों ने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार (टेक्नोलॉजी एंड इनोवेशन) के क्षेत्र में सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से 'चेन्नई घोषणा' को सर्वसम्मति से अपनाया है। यह घोषणा ब्रिक्स देशों के बीच एक प्रभावी, लचीला और भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी ढांचा विकसित करने की साझा प्रतिबद्धता को दशार्ती है। भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के दौरान अपनाई गई 'चेन्नई सहमति' विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार (एसटीआई) सहयोग के केंद्र में जन-केंद्रित और मानवता-पहले दृष्टिकोण को रखती है, जिसमें सतत विकास, मजबूत और उच्च गुणवत्ता वाली आर्थिक वृद्धि, सामाजिक समावेशन तथा लोगों के जीवनस्तर और कल्याण में सुधार के लिए नवाचार एवं प्रौद्योगिकी के उपयोग पर विशेष बल दिया गया है।

भारत की अध्यक्षता में आयोजित 14वीं ब्रिक्स विज्ञान मंत्रिस्तरीय बैठक के समापन सत्र को संबोधित करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि बैठक की चचाओं ने एक बार फिर यह स्पष्ट किया है कि विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार अधिक लचीले, समावेशी और टिकाऊ भविष्य के निर्माण में केंद्रीय भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग, क्वांटम टेक्नोलॉजी, उन्नत सामग्री, जैव प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य, जलवायु परिवर्तन और सतत विकास जैसे विषयों पर हुई व्यापक चर्चा यह दशार्ती है कि ब्रिक्स देशों के सामने मौजूद अवसरों और चुनौतियों का सामूहिक प्रयासों से समाधान किया जा सकता है।

चेन्नई सहमति में ब्रिक्स विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार सहयोग की बढ़ती परिपक्वता और गहराई को भी दर्ज किया गया है। इसके अंतर्गत 14 विषयगत कार्य समूहों में लगातार सहयोग, ब्रिक्स युवा वैज्ञानिक मंच के 11 संस्करण, युवा नवोन्मेषक पुरस्कार के 9 संस्करण और ब्रिक्स विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं नवाचार रूपरेखा कार्यक्रम के 9 दौर सफलतापूर्वक आयोजित किए जा चुके हैं। घोषणा में कहा गया है कि ये उपलब्धियां ब्रिक्स विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी साझेदारी की बढ़ती मजबूती, निवेश और सदस्य देशों की निरंतर भागीदारी को दशार्ती हैं। चेन्नई सहमति में विज्ञान और प्रौद्योगिकी सहयोग की प्राथमिकताओं की समीक्षा और उन्हें अधिक प्रभावी बनाने के लिए भारत द्वारा किए गए प्रयासों का भी स्वागत किया गया है, जिसमें भविष्य की चुनौतियों के अनुरूप अधिक सक्षम और आधुनिक सहयोग ढांचा विकसित करने की दिशा में चल रहे परामर्श कार्यों का उल्लेख किया गया है।

घोषणा में ब्रिक्स युवा स्टार्टअप मंच का भी स्वागत किया गया है। साथ ही शुरूआती और विकासशील चरण के स्टार्टअप्स के लिए वित्तपोषण की आवश्यकता को स्वीकार करते हुए ब्रिक्स स्टार्टअप नवाचार कोष के प्रस्ताव पर विचार का समर्थन किया गया है।

# पब्लिक इश्यू से जुटाई गई राशि के उपयोग से जुड़े खुलासा नियमों की समीक्षा कर रहा है सेबी: चेयरमैन

**नई दिल्ली।** सेबी यानी भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (एसईबीआई) सार्वजनिक निर्गमों (पब्लिक इश्यू) के जरिए जुटाई गई धनराशि के उपयोग की निगरानी और उससे संबंधित खुलासों के मौजूदा ढांचे की समीक्षा कर रहा है, जिसका उद्देश्य निवेशकों को अधिक समयबद्ध और उपयोगी जानकारी उपलब्ध कराना तथा कंपनियों के लिए अनुपालन प्रक्रिया को सरल बनाना है।

यह बात सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडे ने शनिवार को इंस्टीट्यूट ऑफ डायरेक्टर्स के वार्षिक निदेशक सम्मेलन 2026 को संबोधित करते हुए कही।



सेबी चेयरमैन तुहिन कांत पांडे ने कहा कि प्रभावी कॉरपोरेट गवर्नेंस केवल खुलासों की संख्या पर निर्भर नहीं करती, बल्कि निवेशकों को उपलब्ध कराई जाने वाली जानकारी की गुणवत्ता, प्रासंगिकता और उपयोगिता पर भी आधारित होती है। उन्होंने कहा कि सेबी वर्तमान में उस व्यवस्था की समीक्षा कर रहा है जिसके तहत कंपनियों द्वारा पब्लिक इश्यू से जुटाए गए धन के उपयोग की निगरानी और रिपोर्टिंग की जाती है। नियामक यह सुनिश्चित करना चाहता है कि ऐसी जानकारियां अधिक तेजी से निवेशकों तक पहुंचें और कंपनियों पर अनावश्यक अनुपालन बोझ भी कम हो।

पांडे ने कहा, 'वास्तविक पारदर्शिता जानकारी की मात्रा नहीं, बल्कि उसकी गुणवत्ता, समयबद्धता और उपयोगिता में होती है।' उन्होंने जोर देकर कहा कि खुलासा नियमों का उद्देश्य निवेशकों को बेहतर निर्णय लेने में मदद करना होना चाहिए, न कि केवल रिपोर्टिंग संबंधी औपचारिकताओं को बढ़ाना।

सेबी प्रमुख ने बताया कि नियामक ने पिछले कुछ वर्षों में महत्वपूर्ण घटनाओं और सूचनाओं के खुलासे से जुड़े नियमों को लगातार मजबूत किया है। इसके तहत मैटेरियलिटी थ्रेशहोल्ड और निर्धारित समयसीमा जैसे प्रावधान लागू किए गए हैं, ताकि महत्वपूर्ण सूचनाएं निवेशकों तक बिना देरी के पहुंच सकें और खुलासों में एकरूपता बनी रहे। उन्होंने यह भी बताया कि सेबी संबद्ध पक्ष लेनदेन (रिलेटेड पार्टी ट्रांजैक्शंस) से जुड़े नियमों में भी सुधार पर विचार कर रहा है। प्रस्तावित बदलावों का उद्देश्य कंपनियों के लिए अनुपालन को अधिक स्पष्ट और व्यावहारिक बनाना है, जबकि निवेशकों के हितों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जाएगी।

पांडे ने कहा कि नियामकीय ढांचा ऐसा होना चाहिए जो संतुलित और अनुपातिक हो तथा एक ही मामले में बार-बार अनुपालन संबंधी बोझ न पैदा करे। इसी दिशा में सेबी एक ऐसे ढांचे पर भी विचार कर रहा है जिसके तहत एक से अधिक शेयर बाजारों में सूचीबद्ध कंपनियों को एक ही उल्लंघन के लिए कई बार दंडित न किया जाए।

उन्होंने कहा, 'हमारा उद्देश्य नियमन को अधिक प्रभावी बनाना है, जबकि उसके मूल उद्देश्य और निवेशक संरक्षण को पूरी तरह बरकरार रखना है।'

## स्वस्थ और समृद्ध समाज के निर्माण के लिए फिटनेस बेहद जरूरी : मांडविया

**विशाखापत्तनम।** केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने रविवार को कहा कि स्वस्थ और समृद्ध समाज के निर्माण के लिए फिटनेस बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब व्यक्ति फिट होता है तो समाज स्वस्थ रहता है और स्वस्थ समाज ही समृद्ध राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया और युवा कार्यक्रम एवं खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने रविवार को आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में ब्रिक्स मैत्री साइकिलिंग कार्यक्रम का नेतृत्व किया। यह आयोजन 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' के 87वें संस्करण के तहत ब्रिक्स युवा एवं खेल मंत्रियों की बैठक के अवसर पर किया गया। इस बैठक की मेजबानी भारत कर रहा है।

साइकिलिंग कार्यक्रम में मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), ईरान और दक्षिण अफ्रीका के मंत्री एवं विभाग प्रमुखों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम ने ब्रिक्स देशों के बीच दोस्ती, सहयोग और आपसी संबंधों की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया।

# इस सप्ताह निफ्टी में गिरावट के बीच एफआईआई ने निकाले 1,602 करोड़

**नई दिल्ली।** ऊंची कच्चे तेल की कीमतों और अमेरिका-ईरान तनाव के बीच भारतीय शेयर बाजार में लगातार दूसरे सप्ताह दबाव देखने को मिला। इस दौरान विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने भारतीय बाजार से 1,602 करोड़ रुपए की शुद्ध निकासी की, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने खरीदारी जारी रखते हुए बाजार को सहारा दिया। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, एफआईआई तीन सप्ताह की लगातार खरीदारी के बाद फिर से बिकवाली के रुख में लौट आए। पूरे सप्ताह के दौरान उनका निवेश व्यवहार मिश्रित रहा। सप्ताह के पहले कारोबारी सत्र में उन्होंने बिकवाली की, इसके बाद अगले दो सत्रों में खरीदारी की और फिर अंतिम दो कारोबारी दिनों में दोबारा बिकवाली शुरू कर दी।

यदि 20 जुलाई से 21 अगस्त की अवधि को देखा जाए, तो एफआईआई पहले सप्ताह में विक्रेता रहे, उसके बाद लगातार तीन सप्ताह खरीदार बने और इस सप्ताह में फिर से बिकवाली की। इसके बावजूद पिछले एक महीने में उनकी कुल गतिविधि का परिणाम 1,282 करोड़ रुपए की शुद्ध खरीदारी के रूप में सामने आया। दूसरी ओर, घरेलू संस्थागत निवेशक लगातार मजबूती से खरीदारी करते रहे। उन्होंने पिछले एक महीने के दौरान हर सप्ताह शुद्ध निवेश किया और कुल मिलाकर 48,390 करोड़ रुपए का निवेश किया। केवल इस सप्ताह ही डीआईआई ने 17,320 करोड़ रुपए की शुद्ध खरीदारी की।

अगस्त महीने के अब तक के आंकड़ों पर नजर डालें तो दोनों श्रेणियों के निवेशक कुल मिलाकर खरीदार बने हुए हैं। इस अवधि में एफआईआई ने 2,510 करोड़ रुपए और डीआईआई ने 34,370 करोड़ रुपए का निवेश किया है। सप्ताह के दौरान प्रमुख सूचकांकों में सीमित दायरे में उतार-चढ़ाव देखने को मिला। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 92 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर बनी रही और अमेरिका-ईरान के बीच जारी तनाव ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया।



निफ्टी ने सप्ताह की शुरूआत कमजोरी के साथ की और मध्य सप्ताह में 24,026 का निचला स्तर छुआ। हालांकि अंतिम दो कारोबारी सत्रों में रिकवरी देखने को मिली, जिससे सूचकांक निचले स्तरों से उबर गया। इसके बावजूद सप्ताह के अंत में निफ्टी 24,252 के स्तर पर बंद हुआ, जो पिछले सप्ताह की तुलना में लगभग 0.5 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है। व्यापक बाजार का प्रदर्शन अपेक्षाकृत बेहतर रहा। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स लगभग सपाट स्तर पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स ने नया सर्वकालिक उच्च स्तर छूते हुए सप्ताह में 1 प्रतिशत से अधिक की बढ़त दर्ज की। इससे संकेत मिलता है कि निवेशकों की रुचि अभी भी मध्यम और छोटी कंपनियों के शेयरों में बनी हुई है। विश्लेषकों का मानना है कि आने वाले दिनों में निवेशकों की नजर मुख्य रूप से कच्चे तेल की कीमतों, अमेरिका-ईरान भू-राजनीतिक घटनाक्रमों और विदेशी निवेशकों की गतिविधियों पर रहेगी। यदि तेल कीमतों में और तेजी आती है, तो भारतीय बाजार पर दबाव बढ़ सकता है। वहीं घरेलू संस्थागत निवेशकों की मजबूत खरीदारी बाजार को समर्थन देती रह सकती है।